महानगर नई दिल्ली रविवार 15 सितंबर, 2024, रु. 6.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा : मोदी

## डोडा की रैली में कहा, वंशवादी राजनीति ने सुंदर क्षेत्र को बर्बाद कर दिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 'इस सुंदर क्षेत्र को नष्ट करने वाली' वंशवादी राजनीति का मुकाबला करने के लिए एक नया नेतृत्व पेश किया है।

जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अपनी सरकार के वादे को दोहराया और उन्होंने कहा कि नैशनल कांफ्रेंस (नैकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को फिर से सत्ता में ना लाएं।

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को होने वाले मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री की केंद्रशासित प्रदेश में यह पहली चुनावी रैली थी। इस चरण में जम्मू के तीन जिलों-डोडा, किश्तवाड़ व रामबन और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां व कुलगाम जिलों की 24 सीट पर मतदान होगा।मोदी ने लगभग 45 मिनट के भाषण की शुरुआत रैली में आए लोगों का कश्मीरी भाषा में स्वागत करके की।

उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, 'इस बार (विधानसभा) चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेगा, जो आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है।' मोदी ने कहा कि इतना ही नहीं, वंशवादी बाकी पेज 8 पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को डोडा में भाजपा की जनसभा को संबोधित करते हुए।

### आरक्षण खत्म करना चाहता है 'शाही परिवार' : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 14 सितंबर (ब्यूरो)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हरियाणा ने तय कर लिया है कि भाजपा)राज्य में पांच अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर 'हैट्रिक' लगाएगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव घोषणा के बाद कुरुक्षेत्र में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि शाही परिवार आरक्षण खत्म करना चाहता है।

-पूरी खबर पेज 14 पर

### धरनास्थल पर अचानक पहुंचीं ममता ने डाक्टरों से कहा

# मुख्यमंत्री नहीं, आपकी दीदी के तौर पर अंतिम कोशिश करने आई हूं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार जारी गतिरोध के बीच शनिवार की शाम को अचानक कनिष्ठ चिकित्सकों के धरनास्थल पर पहुंचीं और उन्हें मांगों पर गौर करने तथा दोषी मिलने पर किसी को नहीं बख्शे जाने का आश्वासन दिया।

साल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने, 'मैं आपसे मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि आपकी 'दीदी' के तौर पर मिलने आई हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा, संकट हल करने का यह अंतिम प्रयास है।

इस घटनाक्रम के बाद डाक्टरों ने मुख्यमंत्री को ईमेल भेजकर बैठक की पेशकश की। 32 चिकित्सकों को बैठक के लिए मुख्यमंत्री आवास ले जाया गया, लेकिन वे वार्ता के सीधे प्रसारण पर अड़े रहे और बातचीत टूट गई। इस दौरान ममता बनर्जी अपने बाकी पेज 8 पर

### वार्ता के सीधे प्रसारण पर अड़े डाक्टर, गतिरोध जारी



ममता बनर्जी के आवास पर प्रदर्शनकारी डाक्टर।

**ममता** ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों के काम पर लौटने के लिए 10 सितंबर की समयसीमा तय की थी और वह नहीं चाहतीं कि प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को परेशानी उठानी पड़े।

### पूर्व प्राचार्य व थाना प्रभारी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 14 सितंबर (ब्यूरो)।

आरजी कर मेडिकल कालेज में महिला डाक्टर की बलात्कार-हत्या के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शनिवार को पूर्व प्राचार्य डा संदीप घोष और टाला थाने के तत्कालीन प्रभारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार कर दिया। दोनों को रविवार को सियालदह की अदालत में पेश किया जाएगा।

-पूरी खबर पेज 8

# फरीदाबाद में रेलवे पुल के नीचे भरे पानी में फंसी कार, बैंक के दो कर्मियों की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

हरियाणा के ओल्ड फरीदाबाद इलाके में रेलवे अंडरपास में पानी भरे होने के कारण एक कार के पानी में फंस जाने से उसमें सवार दो बैंक कर्मचारियों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार देर रात हुई। कार सवार पुण्याश्रय शर्मा (48) और विराज (26) गुरुग्राम से ग्रेटर फरीदाबाद स्थित अपने घर लौट रहे थे। दोनों निजी बैंक के कर्मचारी बताए जा रहे हैं।

वहीं, इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतकों के सहयोगी कर्मचारी आदित्य ने बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 31 में विराज द्विवेदी खजांची थे, जबकि इसी शाखा में पुण्याश्रय शर्मा बैंक प्रबंधक के साथ बैंक यूनियन के अध्यक्ष भी थे। आदित्य ने बताया कि शुक्रवार (13 सितंबर) को पूरे दिन बारिश हुई। इसी के कारण विराज द्विवेदी प्रबंधक पुण्याश्रय को एक्सयूवी में छोड़ने के लिए आ रहे थे।

आदित्य ने बताया कि लगभग 11:30 बजे के आसपास बैंक प्रबंधक की पत्नी का फोन आया। उन्होंने पुण्याश्रय का फोन बंद होने की बात कही, जिसके बाद उन्होंने विराज को फोन किया, लेकिन दोनों के फोन बंद रहे थे। इसके बाद उनकी पत्नी फरीदाबाद में और हम लोग गुरुग्राम में उन्हें खोजने के लिए निकले।

वहीं, अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को हुई बारिश के कारण 'अंडरपास' जलमग्न हो गया था और एहतियात के तौर पर कारों को अंडरपास की तरफ नहीं जाने की चेतावनी दी जा रही थी। रात करीब 11:50 बजे एसयूवी सभी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए अंडरपास में घुस गई और गहरे पानी में फंस गई जिससे पानी वाहन में घुस गया। पुलिस ने बताया कि राहगीरों ने कार में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकलने की काफी कोशिश की और काफी प्रयास के बाद उन्हें बाहर निकाला गया लेकिन विराज की मौके पर ही मौत हो गई। शर्मा को बादशाह खान सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एनआइटी फरीदाबाद थाना प्रभारी समीर सिंह ने कहा कि उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। हम पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप देंगे। पुलिस के अनुसार, मना करने और सावधान का बोर्ड लगे होने की अनदेखी से हादसा हुआ।

**गुरुग्राम** के सेक्टर 31 में विराज द्विवेदी खजांची थे, जबकि इसी शाखा में पुण्याश्रय शर्मा बैंक प्रबंधक के साथ बैंक यूनियन के अध्यक्ष भी थे।

**अधिकारियों** ने कहा कि शुक्रवार को हुई बारिश के कारण 'अंडरपास' जलमग्न हो गया था और एहतियात के तौर पर कारों को अंडरपास की तरफ नहीं जाने की चेतावनी दी जा रही थी।



हादसे के बाद एनआइटी थाने में खड़ी हुई कार।

## जनसत्ता प्रश्नकाल

### भाजपा ने खड़ा किया है उत्तर बनाम दक्षिण का टकराव



**तमिलनाडु** के शिवगंगा से कांग्रेस के सांसद कार्ति चिदंबरम का कहना है कि बीते लोकसभा चुनाव ने संसदीय राजनीति में दक्षिण भारत की अहमियत बढ़ा दी है। दक्षिण से बढ़े कांग्रेस के सांसदों ने संसद का एकतरफा माहौल बदल दिया है।

पेज 7

# बीरभूम : जादू-टोने के शक में दो आदिवासी महिलाओं की हत्या

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में अधेड़ उम्र की दो आदिवासी महिलाओं की पड़ोसियों ने जादू-टोना करने के शक में कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि दोनों आदिवासी महिलाओं के शव मयूरेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिसराह गांव के पास एक नहर में मिले। उसने बताया कि घटना शुक्रवार रात की है और मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मृतका लोदगी किस्कू और डाली सोरेन के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उन्हें रात में कुछ लोगों ने घरों से बाहर बुलाया और रस्सियों से बांधने के बाद लाठियों से पीटा।

लोदकी किस्कू की बेटी रानी किस्कू ने बताया, 'मेरे चचेरे भाई और अन्य ग्रामीणों ने मेरी मां को घर से बाहर खींच लिया। मेरे दो भाई घर से बाहर थे, इसलिए हम उनको बचा नहीं सके।' एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या के पीछे जादू-टोना करने का संदेह प्रतीत होता है, 'लेकिन हम अन्य संभावनाओं से भी इनकार नहीं कर रहे हैं।'

घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल गांव पहुंचा और मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसे भीड़ द्वारा कथित पिटाई की एक वीडियो क्लिप मिली है और फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए 15 आरोपियों को बाद में रामपुरहाट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

# मेरठ : तीन मंजिला मकान गिरा, बच्ची समेत तीन लोगों की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिला मुख्यालय की घनी बस्ती जाकिर कालोनी में शनिवार शाम तीन मंजिला एक मकान भरभराकर गिर गया, जिसमें डेढ़ साल की बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए एवं छह के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत विभाग ने यह जानकारी दी।

विभाग की ओर से कहा गया है कि मकान के अचानक ढहने से मलबे में 12 लोग दब गए। अब तक कुल छह लोगों को मलबे से निकाला बाकी पेज 8 पर



मेरठ में गिरा मकान।

# उत्तराखंड में बारिश का कहर, चार की मौत

## भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 478 सड़कें अवरुद्ध

जनसत्ता टीम
नई दिल्ली/देहरादून, 14 सितंबर।

उत्तराखंड के कई स्थानों खासतौर से कुमाऊं क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग लापता हो गए जबकि जगह-जगह भूस्खलन होने से राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 478 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हो गईं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में कई जगह रुक-रुक मध्यम और भारी बारिश हुई।

वहीं, पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में आगामी 4-5 दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा कुछेक स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में कई जगह रुक-रुक मध्यम और भारी बारिश बाकी पेज 8 पर



गंगा में पानी बढ़ने से वाराणसी में नमो घाट डूब गया।

**एनसीआर** में कई जगह रुक-रुक मध्यम और भारी बारिश हुई। दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 3.9 डिग्री कम है।

# लगातार बारिश से ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

उत्तर प्रदेश के आगरा में तीन दिन से लगातार जारी बारिश के कारण ताजमहल के मुख्य गुंबद से पानी का रिसाव हो रहा है, वहीं परिसर स्थित एक उद्यान में पानी भर गया है। ताजमहल परिसर में जलमग्न उद्यान का कथित वीडियो गुरुवार को प्रसारित हुआ था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्य गुंबद में सीलन के कारण रिसाव हो रहा है लेकिन इससे इससे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

आगरा मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद् राजकुमार पटेल ने ताजमहल के मुख्य गुंबद से रिसाव को लेकर कहा कि हमने ताजमहल के मुख्य गुंबद से रिसाव देखा है। उसके बाद जब हमने निरीक्षण किया तो पता चला कि यह सीलन के कारण हुआ और मुख्य गुंबद को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हमने ड्रोन कैमरे के जरिए मुख्य गुंबद का निरीक्षण किया।

गुरुवार शाम को 20 सेकंड का एक कथित वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ था जिसमें ताजमहल का एक बगीचा बारिश के पानी में डूबा हुआ दिखाई दे रहा है। सरकार से मान्यता प्राप्त 'टूर गाइड' के तौर पर कार्यरत स्थानीय निवासी मोनिका शर्मा ने कहा कि ताजमहल आगरा और पूरे देश का गौरव है। उन्होंने कहा कि इससे सैकड़ों स्थानीय लोगों और पर्यटन उद्योग में काम करने वाले लोगों को रोजगार मिलता है।

शर्मा ने कहा कि इस स्मारक की उचित देखभाल की जानी चाहिए क्योंकि पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए यह एकमात्र उम्मीद है।

### चीता परियोजना

भारत ने समझौते को अंतिम रूप दिया, केन्या की मंजूरी का इंतजार

गुजरात के बन्नी घास प्रजनन केंद्र में भी नए चीते रखे जाएंगे

# अब केन्या से चीते भारत लाने की तैयारी, बढ़ेगा कुनबा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बाद अब केन्या से चीते भारत लाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए देश की चीता परियोजना के तहत भारत ने समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दे दिया है। अब इस पर केन्या की मंजूरी का इंतजार है।

इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' के महानिदेशक व चीता परियोजना संचालन समिति के सलाहकार एसपी यादव ने एक साक्षात्कार में बताया कि गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में बनाए जा रहे प्रजनन केंद्र के लिए भी चीते केन्या से लाए जाएंगे। इस केंद्र में 16 चीते रखे जा सकते हैं। उन्हें लाने के लिए सर्दी का मौसम आदर्श समय है।

चीता को फिर से भारत में बसाने के प्रयास के तहत केंद्र सरकार ने एक विशेष परियोजना शुरू की है। इसके तहत अब तक 20 चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया है। इस पहल को 17 सितंबर को दो साल पूरे हो जाएंगे। सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ और फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। भारत लाए जाने के बाद इनमें से आठ वयस्क चीतों की मौत हो चुकी है, जिनमें तीन मादा और पांच नर चीते थे। भारत में 17 शावकों का जन्म हुआ है, जिनमें से 12 जीवित हैं, जिससे कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 24 हो गई है। वर्तमान में इन सभी चीतों को बाड़े में रखा गया है। चीता परियोजना संचालन समिति के मुताबिक, इन चीतों को मानसून के बाद चरणबद्ध तरीके से खुले वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। चीता परियोजना के तहत दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और अन्य अफ्रीकी देशों से पांच वर्षों में प्रति वर्ष लगभग 12-14 चीते लाने की बात कही गई है। चीता परियोजना संचालन समिति के सलाहकार एसपी यादव ने कहा कि केन्या सरकार से मंजूरी मिलने के बाद दोनों देशों की सरकारें समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर करेंगीं।

इस परियोजना के तहत 12 से 16 अतिरिक्त चीतों को चिह्नित कर लिया गया है। यादव ने कहा कि अफ्रीकी देशों में चीतों को अभयारण्यों में रखा जाता है। अगर उनकी आबादी क्षमता से ज्यादा हो जाती है, तो उन्हें या तो दूसरे देशों में भेज दिया जाता है या फिर मार दिया जाता है।

यादव ने उन खबरों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि पिछले महीने पवन नामक चीता की जहर से मौत हो गई थी। उस चीते के मुंह से लार निकलने या नाक से तरल पदार्थ निकलने जैसे जहर के कोई लक्षण नहीं थे।



**चीता** परियोजना के तहत दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और अन्य अफ्रीकी देशों से पांच वर्षों में प्रति वर्ष लगभग 12-14 चीते लाने की बात कही गई है। चीता परियोजना संचालन समिति के सलाहकार एसपी यादव ने कहा कि केन्या सरकार से मंजूरी मिलने के बाद दोनों देशों की सरकारें समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर करेंगीं। इस परियोजना के तहत 12 से 16 अतिरिक्त चीतों को चिह्नित कर लिया गया है।

www.readwhere.com

# जनसत्ता क्लासीफाइड

## व्यक्तिगत

I,hitherto known as Reena,W/o Brijesh Malhotra R/o T-87A, Third Floor,Front Side, Shukkar Bazar Road,Near Bikaner Sweets,Uttam Nagar,D.K Mohan Garden, West Delhi,Delhi-110059,have changed my name and shall hereafter be known as Reena Malhotra. 0040749657-1

I,RAJ KUMAR ABROL,S/O-MANGAL SINGH ABROL,R/O-88B, GREEN APARTMENT,G&JU BLOCK,PITAMPURA DELHI-110034,HAVE CHANGED MY,NAME RAJ KUMAR ABROL AND RAJ KUMAR IS ONE AND SAME PERSONS. 0040749647-8

I,RAKESH KUMAR,S/O-MANGAL SINGH ABROL,R/O-117-B,G&JU BLOCK,GREEN APARTMENT,PITAMPURA, DELHI-110034,HAVE CHANGED MY,NAME TO RAKESH KUMAR ABROL AND RAKESH KUMAR IS ONE SAME PERSONS. 0040749647-9

I AJEET KUMAR MITTAL S/O S SHAMBHU LAL AGRAWAL R/O G-45A 4th-Floor Shakarpur-Laxmi Nagar East Delhi-110092 Name of mine, my-wife and my-minor son has been wrongly written as AJEET KUMAR, SEEMA and ANSH in my minor son ANSH MITTAL aged-13-years in his birth certificate.The actual-name of mine, my-wife and my-minor son are AJEET KUMAR MITTAL, SEEMA AGRAWAL and ANSH MITTAL. 0040749674-5

I,Yeshpal Singh,S/o-Bhanwar Singh,R/o,RZ-1091,Gali-5/7,Main-Sagarpur, Sagarpur, South-West,Delhi-110046,that name of mine and my-father is wrongly-written as Yesh Pal Singh and Bhawer Singh in my-Driving Licence.No.P09082006403636.The actual-name of mine and my-father are Yeshpal Singh and Bhanwar Singh. 0040749674-3

I Deepak Kumar Tulasayan S/o Mahesh Kumar Tulasayan R/o C-415, Gali No-10, Block-C, Majlis Park, Adarsh Nagar, Delhi-110033, have changed my name to Deepak Kumar Tulsyan 0070924223-1

I,ARUSHI D/O RAJAN GARG R/O D-28, Ground Floor,New Multan Nagar, Delhi -110056 have changed my name to ARUSHI GARG. 0040749671-1

I,Azad Singh s/o Sultan Singh,R/o B-60,Sangam Apartment,Plot No.23,Sector-9, Rohini,Delhi-110085,have changed my name to Azad Singh Saini permanently. 0040749668-3

I,Arun Kumar Lakra,S/o Sahib Singh Lakra,R/o A-2/133,Near Govt School,Janakpuri,Delhi-110058,have changed my name to Arun Kumar Takra. 0040749647-3

I,Ankit Mukherjee son of Lal Chand Mukherjee resident of H.No.241,Mir Dard lane MAMC Campus,Darya Ganj,New Delhi-110002,inform that in my documents my father & Mother name wrongly mentioned as Lal Chand Mukharjee and Reena Mukharjee whereas there correct and actual name is Lal Chand Mukherjee & Rina Mukherjee. 0040749671-4

I,Abha and XXX Abha,D/o-Suraj Bhan Vashisht,R/o-205,125,Parkway,Forest-North York,On,M2J1L9,Canada,is also Known as XXX Abha according to Canadian Passport,both names are of one person the same-person. 0040749654-4

I, Satamal Kumar,S/o Parshuram,R/o-149, E-16,Rama Vihar, Delhi-110081,have changed my name to Satmal Kumar. 0040749668-5

I, Mohd Arman S/O Chand Mohd R/O Type -II/47, Schedule-b, President Estate, New Delhi-110004, aged 33 years have changed my name and shall hereafter be known as Mohammad Arman for all future purposes. 0070924211-1

I,NASIR AHMED S/O ABDUL GAFOOR R/O 1784, MOHAMMADIN ELAICHI MARG,TURKMAN-MARG,DELHI-110006. HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD NASIR. 0040749668-1

I, Jyoti,W/o Nittin Kumar,R/o-59, 2nd Floor,Pocket-28, Sector-24,Rohini, Delhi-110085,have changed my name to Jyoti Sharma 0040749668-4

I, Iqbal Singh S/o Harbhajan Singh, R/o-23/86A, Tilak Nagar, Delhi-110018, have changed my name to Iqbal Singh Wadhwa. 0040749618-4

I, Durga Kumari C/o Binod Kumar Singh R/o Flat No.12080, Block-E1, Tower-5, Ghaziabad, UP-201016 have changed my minor son's name from KARTIK to KARTIK KUMAR for all purposes. 0040749618-3

I, Durga Kumari C/o Binod Kumar Singh R/o Flat No.12080, Block-E1, Tower-5, Ghaziabad, UP-201016 have changed my minor daughter's name from IRSHITA to IRSHIRA KUMARI for all purposes. 0040749618-2

I,hitherto known as Brijesh Kumar,S/o Har Charan,R/o T-87A,Third Floor,Front-Side, Shukkar Bazar Road,Near Bikaner Sweets, Uttam Nagar,D.K Mohan Garden, West Delhi,Delhi-110059,have changed my name and shall hereafter be known as Brijesh Malhotra. 0040749657-3

I,Yogesh Kumar Chandak S/o Govind Prakash Chandak R/o A-79, Sector-72, Noida(U.P) inform that Yogesh Chandak & Yogesh Kumar Chandak both are same & one person. The correct name is Yogesh Kumar Chandak for all future purposes. 0040749608-1

I,VISHAL JYOTI SHARMA,D/O YUDHISHTAR LAL SHARMA, R/O E -116,KARAMPURA,NEW DELHI-110015,HAVE CHANGED MY NAME TO VISHAL JYOTI. 0040749647-2

I,SURENDER SINGH,S/O AMAR SINGH,R/O RZT-44 ARJUN NAGAR NIHAL-VIHAR NANGLOI DELHI-110041,have changed my name to SURINDER SINGH. 0040749647-4

I,SUMIT KUMAR S/o-Sohan prasad, house no-E 139, kusumpur pahari vasant vihar new delhi 110057, changed my name to SUMIT. 0040749647-1

I,SUMAN W/O SANJAY CHAUDHARY R/O B-8/169,Ground Floor,Sector-3,Rohini,Delhi-110085 have changed my name to SUMAN CHAUDHARY. 0040749671-2

I,SHARAD TONDARE,S/O-NAGNATH BHADRAPA TANDARE, R/O-TOWER-12A,FLAT 1403, LOTUS BOULEVARD,SECTOR-100,NOIDA MAHARISHI-NAGAR, GAUTAMBUDH-NAGAR,U.P-201304,have changed my name to SHARAD NAGNATH TONDARE,for all,future purpose. 0040749668-6

I,SANJAY KUMAR S/O PREM LAL,R/O-B-8/169,Ground Floor,Sector-3,Rohini,Delhi-110085,have changed my name to SANJAY CHAUDHARY. 0040749671-3

I,Rajesh Kumar Sethi,S/o Roop Chand Sethi,R/o,DG-2/227-C,2nd-Floor Vikas-Puri, Tilak-Nagar,West-Delhi,Delhi-110018,that name of mine has been wrongly-written as RAJESH SETHI in my-minor daughter Srishti Sethi aged-14-years in her School-Records.The actual-name of mine is Rajesh Kumar Sethi. 0040749674-2

I,PUNIT KASANA,S/o-DHANRAAJ,R/o-A-62,HARSHWAROP-COLONY, NEAR-POST OFFICE, FATEH-PUR BERI,SOUTH-DELHI,DELHI-110074,declare that name of mine and my-father has been wrongly-written as CHARAT SINGH and DHANRAJ in The actual-name of mine and my-father are PUNIT KASANA and DHANRAAJ,which may be amended-accordingly. 0040749647-7

I,PARVEEN ALWADHI S/O SURAJ PARKASH R/O 8/27 East Punjabi Bagh New Delhi 110026, have changed my name to PARVEEN KUMAR. 0040749674-1

I,Om Parkash Sarraf Alias Om Prakash,S/O-Brj Mohan Lal Sarraf,R/O-D-1102,La Lagune Apartments,Golf-Course Road-Gurgaon,Sector-54, Haryana-122011,have changed my name to OM PRAKASH SARAF,permanently. 0040749668-8

I,Mohammad Nasir,S/o-Mohammad Saddiq,R/o-8847, Pul-Bangash,Naya-Mohalla, Near Azad-Market-Chowk, Azad Market,Delhi-110006, That in my-Passport my-father name has been wrongly-written as Mohammad Saddeeq instead of Mohammad Saddiq,which may be amended accordingly. 0040749668-7

I,MEENU KAUSHIK W/O SUNIL KUMAR R/O HNO.47,MAIN CHOWK,NEAR JUGAL MEDICAL-STORE,BUDHPUR,DELHI-110036.HAVE CHANGED MY NAME TO MEENU SHARMA. 0040749668-2

I,MEENA W/o Gopal Das,R/o- I-447, Shastri Nagar,Meerut,U.P have changed my name to MEENA DEVI,for all,future purposes. 0040749647-5

I,Huma W/o Dilshad Mansoori R/o-55-A,Gali No.4A,Aram Park, Shastri Nagar,East Delhi,Delhi-110031,have changed my name to Huma Mansoori. 0040749654-7

I,Dilshad S/o Nasruddin Mansoori R/o-55-A, Gali.No. 4A,Aram-Park, Shastri Nagar, East Delhi,Delhi-110031,have changed my name to Dilshad Mansoori. 0040749654-3

I,Dharmvir Singh,S/o Ghasi Ram R/o Village-Sehlanga, Jhajjar ,Haryana-124106,have changed my name to Dharmvir Singh permanently. 0040749647-6

I,DEEPAK SAINI,S/O-SHRI RAM AVTAR SAINI,R/O-3953,GALI AHIRAN MANISHA,RAM-CHOWK,BAHADUR-GARH ROAD,DELHI-110006.DECLARE THAT HAVE CHANGE MY-SON'S NAME NAKSH SAINI TO MADHAV SAINI IN EVERY GOVERNMENT-DOCUMENT AS WELL AS HIS SCHOOL-RECORDS,FOR FUTURE. 0040749654-1

I,hitherto known as Eshant,S/o Brijesh Malhotra,R/o T-87A,Third Floor,Front-Side, Shukkar Bazar Road, Near Bikaner Sweets, Uttam Nagar,D.K Mohan Garden,West Delhi,Delhi-110059,have changed my name and shall hereafter be known as Eshant Malhotra. 0040749657-2

मैं, दिव्याबेन जगजीवनकुमार शर्मा पत्नी, वरुण शर्मा निवासी प्रतीक विस्टेरिया, टावर एन, एन–606, सेक्टर–77, नोएडा–यूपी ने अपना नाम दिव्याबेन जगजीवनकुमार शर्मा से बदलकर दिव्या जगजीवनकुमार शर्मा कर लिया है। भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए दिव्या जगजीवनकुमार शर्मा के नाम से जाना जाएगा।

मैं, वरुण अशोक शर्मा पुत्र स्वर्गीय अशोक शर्मा निवासी प्रतीक विस्टेरिया, टावर एन, एन–606, सेक्टर–77, नोएडा–यूपी ने अपना नाम वरुण अशोक शर्मा से बदलकर वरुण शर्मा कर लिया है। अब से भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए वरुण शर्मा के नाम से जाना जाएगा।

I, Aanchal Galav W/o Nitin Jain,R/o W-2/21, DLF Phase-3,Gurgaon (Haryana),inform that Aanchal as given name and Galav Surname. 0040749654-2

I, ANJALI D/o Khyat Singh Rawat R/o H. No.- 3/60, Second Floor, Trilok Puri, East Delhi, Delhi-110091 have changed my name to ANJALI RAWAT. 0070924222-1

I Vijay Kumar Chaliha S/o Sh. Rampal Chaliha R/o Chaliha House No.58/1, Kalu Sarai, Near Houz Khas Metro Station Gate No.4, New Delhi - 110016 have changed the name of my minor daughter from Stuti to Stuti Chaliha for all purposes. 0040749611-6

I Sunil Kumar S/o Sh .Bant Ram Bainsla R/o A-63, 3/F, South Extension Part-II, New Delhi -110048 have changed my name to Sunil Choudhary Bainsla for all purposes. 0040749611-5

I SANDEEP GHANGAS S/O BHAGAT RAM R/O-1186 Sector-46,Gurgaon Haryana-122001 changed my-minor daughter's name AASHI SEERAT GHANGAS to AADISHREE GHANGAS aged-9-Years. 0040749674-4

I Premvati W/o Shri Chand Jain R/o 1930, Gali Lahswa, Near Amar Sushil Oushdalay, Bazar Sita Ram, Delhi-110006, have changed my name to Premvati Jain 0070924219-1

### PUBLIC NOTICE

IT IS FOR THE INFORMATION TO PUBLIC AT LARGE THAT MY CLIENT SHRI ARUN GOEL S/O SHYAM BABU GOEL R/O 2114/4E, GALI NO. 6, PREM NAGAR, PATEL NAGAR, DELHI 110008, IS THE ABSOLUTE AND LAWFUL OWNER OF PROPERTY BEARING NO. 2114/4E, GALI NO. 6, PREM NAGAR, PATEL NAGAR, DELHI 110008. ANY PERSON CLAIMING THE OWNERSHIP, TITLE, RIGHT, INTEREST OR LOAN, MORTGAGE OF THE SAID PROPERTY SHALL BE A ILLEGAL, UNLAWFUL, FRAUD, AND MY CLIENT IS NO WHERE INVOLVED, AND NONE CAN CREATE THIRD PARTY INTEREST IN SAID PROPERTY. ALL ARE CAUTIONED NOT TO DEAL WITH THIS PROPERTY IN ANY MANNER WHATSOEVER. MY CLIENT WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY ACT DONE CONTRARY TO LAW.

Sd/-
Satish Kumar
Advocate
Ch. No. C-184, C.L. Joseph Block
Tis Hazari Courts, Delhi-110054

### PUBLIC NOTICE

My client Parveen Bano W/o Late Sh. Mohd. Azam, R/o C- 113, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave Part-II, Jamia Nagar, New Delhi-110025 has severed her all relation and disown/debar her son Mohd. Hashim from her all movable-immovable properties and assets. My client shall not be responsible for any acts and deeds done by him.

Sd/-
SAJID ALI
ADVOCATE
CHAMBER NO. 786, LAWYERS BLOCK SAKET COURT NEW DELHI-110017

### PUBLIC NOTICE

It is Hereby Intimated To All Concerned That Our Client, Colonel Sumesh Seth, A Veteran And His Wife Mrs Deepali Seth Are The Legal Owners And Occupants Of House No. E-1045 (Top Floor) Alongwith Roof Rights, Saraswati Vihar, New Delhi-110034 Having A Built Up Area Of Approximately 199.83 Sqm (239 Sq Yds/2151 Sqft) By The Virtue Of A Written Family Agreement Made In Jan 2011 And After Having Paid The Full And Final Consideration Amount To The Previous Owner, Mr. Gian Chand Nandrajog. It Has Come To Our Notice Through Reliable Sources That Some Unscrupulous Elements Are Trying To Dispose Off The Said Property Fraudulently. Please Note That Anybody Entering Into Any Kind Of Agreement To Sell Or Sale/purchase Of This Property, Our Client Reserves His Right To Initiate Necessary Criminal Proceedings Against Any Such Person(s) At Their Cost And Risk, Strictly In Accordance With Law. Our Client Is Available At Mobile Numbers 7703888326 & 9873553221 For Seeking Any Clarification Of Any Kind, Whatsoever.

COL MUKUL DEV (Advocate)
Off. N-1101, Sispal Vihar, Sohna Road, Sector-49, Gurugram-122018

### PUBLIC NOTICE

To be it known that I GAURAV KUMAR S/o Shri J.B. Bhoria & late Smt. Kaushal Bhoria, R/o Flat No. 07, Nav Jagriti Apartments, C-11, Vasundhara Enclave, Delhi, say that my mother late Smt. Kaushal Bhoria was the owner of Flat No. 07 (HIG Simplex) in Nav Jagriti Apartments, C-11, Vasundhara Enclave, Delhi–110096. The ORIGINAL SHARE CERTIFICATE AND POSSESSION LETTER, in respect of the above said Flat are lost and F.I.R/N.C.R. to this effect have been lodged vide NCR No 924/2011 Dated. 09-05-2011 and L.R No: 2117599/2024 Dated. 14-09-2024 MOBILE No. 7020549613

### PUBLIC NOTICE

**MAY IT BE KNOWN TO GENERAL PUBLIC NOTICE THAT** my clients **Ms. Kawaljeet Kaur** & **S. Harpreet Singh** both residing with their children at WZ-F-21B, Sant Garh, Gali No. 6, Near Sehgal Clinic, Tilak Nagar, New Delhi-110018, do hereby severe all their social relations with their sister-in-law **(Bhabhi) Ms. Manmeet Kaur** & **S. Paramjeet Singh** both residing with their children at WZ-36B, Krishna Puri, Gali No. 16, Near Durga Mandir, Tilak Nagar, New Delhi-110018 from their family as all of them are not only disobedient, disrespectful but their behaviour and conduct is apparently unlawful towards the family & other family members of my clients. Whosoever will be dealing or having social relations with them w.e.f. today onwards will be dealing at his/her own risk, cost and consequences. My clients shall not be liable for any of his act, deal and transaction etc. with immediate effect.

Sd/-
**BALDEV RAJ**
**Advocate**
**Ch. No. Y-1, Civil Wing,**
**Tis Hazari Courts, Delhi-110054**

## व्यक्तिगत

I,NAZAN BEGUM,W/O-TANVIR AHMED SHAH,R/O-1709,SECOND-FLOOR,KUCHA-DAKHNI RAI,PATAUDI HOUSE,DARYAGANJ,NEW-DELHI-02,HEREBY INFORMED THE GENERAL-PUBLIC THAT I HAVE-LOST THE ORIGINAL-CONVEYENCE DEED OF MY-MOTHER MRS KHURSHEED BEGUM IN RESPECT OF FLAT.NO. 103-B,DDA-FLATS, MATA SUNDRI-ROAD,NEW DELHI-02,SOMEWHERE AND THE SAME IS NOT TRACEABLE ANYBODY-FOUND THE SAME PLEASE RETURN AT ABOVE ADDRESS.FOUNDER WILL BE GIVEN HANDSOME REWARD.(NAZAN-BEGUM) PH.NO.8586998674. 0040749674-7

### सार्वजनिक सूचना

मेरी मुवक्किला मीना पत्नी श्री गोबिंद राम निवासी सी–377, रीसेटलमेंट कालोनी, ख्याला, वेस्ट, नई दिल्ली–18 के द्वारा अपने पुत्र हिमांशु व उसकी पत्नी कृतिका को नियंत्रण से बाहर होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्तियों से बेदखल करते हुए सभी सामाजिक पारिवारिक रिश्ते–नाते सम्बन्ध–विच्छेद कर लिए हैं। आज के बाद मेरी मुवक्किला व परिवार का कोई सदस्य इनके क्रिया–कलापों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

हस्ता./–
अतुल कुमार गुप्ता
एडवोकेट
चै.नं. बी–93, बी.जी.एस. ब्लॉक,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली–54

### PUBLIC NOTICE

KNOW all men by this presents that my clients namely **DEVENDER S/O SH. JAGDISH PRASAD & SMT. ROSHANI DEVI W/O SH. DEVENDER KUMAR BOTH R/O H.NO.99, BEHIND TAIL MILL, VILLAGE BEGUMPUR, DELHI-110086.** They have disowned and debarred their son namely **MR. MAYANK** from all their movable and immovable properties, due to their bad behavior, misconduct and disobedient attitude and my client's have severed all relations from him. If their son anybody deals with any other person shall do at his/her/their own risk in future and my clinet shall not be responsible.

**PARKASH CHAND**
**Advocate**
**Enrl. No. D/9065/2019**

### PUBLIC NOTICE

**I, AMIT KUMAR s/o UMED SINGH** r/o Pole No.-14, VPO Kakrola Village, Delhi-110078 have changed my minor (aged 16 years) son's name from **LAVANYA to LAVANYA AHLAWAT** for allpurposes.

### PUBLIC NOTICE

It is for general information **I, GURNEET TEJ D/O SH. SURINDER SINGH TEJ EX. WIFE OF MAJOR P. VIPIN MENON R/O D-1/90, RABINDRA NAGAR, AMRITA SHERGILL MARG, NEW DELHI-110003** declare that I got divorce from my husband **MAJOR P. VIPIN MENON** vide court decree HMA Case RT No. **RT-235/29.09.2016** dated **02.11.2016,** further I remarried to **SH. MANASHVI KUMAR S/O SH. SHASHI KANT SINGH** vide marriage certificate No. **90740000008957** dated **09.09.2024.** Henceforth I have changed the name of my minor daughter from **AANYA MENON** aged 14 years and she shall hereafter be known as **AANYA** for all future purposes.

### PUBLIC NOTICE

Our Client Shri Harbhajan Singh S/o Late Sh. Surain Singh R/o 26/1,New Sahib Pura, MBS Nagar, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018 has sever his relations with his son Hardev Singh aged about 44 years and has disown him from his all movable and immovable properties as he is out of my control. Any person dealing with him shall be doing his/her own risks and consequences thereof.

HARMINDER SINGH BANGA (ADVOCATE)

The Indian EXPRESS Classifieds

### CLASSIFIED AD DEPOT (CAD)

Book classified ads at your nearest Express Group's authorised Classified Ad Depots

**EAST**

**PATPARGANJ :** CHAVI ADVERTISERS, Ph.: 9899701024, 22090967, 22235837, **PREET VIHAR :** AD BRIDGE COMMUNICATION, Ph.: 9810029747, 42421234, 22017210, **SHAKARPUR :** PARICHAY ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350309890, 22518890, 22549890

**WEST**

**JANAKPURI :** TRIMURTI ADVERTISERS, Ph.: 9810234206, 25530307, **KAROL BAGH (REGHARPURA) :** K R ADVERTISERS, Ph.: 9810316618, 9310316618, 41547697, **KARAMPURA :** GMJ ADVERTISING & MARKETING PVT. LTD., Ph.: 9310333777, 9211333777, 9810883377, **NEW MOTI NAGAR :** MITTAL ADVERTISING, Ph.: 25178183, 9810538183, 9555945923, **MOTI NAGAR :** UMA ADVERTISERS, Ph.: 9312272149, 8800276797, **RAMESH NAGAR :** POSITIVE ADS, Ph.: 9891195327, 9310006777, 65418908, **TILAK NAGAR :** SHIVA ADVERTISERS, Ph.: 9891461543, 25980670, 20518836, **VIKAS PURI :** AAKAR ADVT. MEDIA Ph.: 9810401352, 9015907873, 9268796133

**CENTRAL**

**CHANDNI CHOWK :** RAMNIWAS ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810145272, 23912577, 23928577, **CONNAUGHT PLACE :** HARI OM ADVERTISING COMPANY Ph.: 9811555181, 43751196

**NORTH**

**TIS HAZARI COURT :** SAI ADVERTISING, Ph.: 9811117748 **KINGWAY CAMP :** SHAGUN ADVERTISING, Ph.: 9818505505, 27458589, **PATEL CHEST (OPP. MORRIS NAGAR POLICE STATION) :** MAHAN ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350304609, 7042590693, **PITAMPURA (PRASHANT VIHAR) :** PAAVAN ADVERTISER Ph.: 9311564460, 9311288839, 47057929

**SOUTH**

**CHATTARPUR :** A & M MEDIA ADVERTISING, Ph.: 9811602901, 65181100, 26301008, **KALKAJI :** ADWIN ADVERTISING, Ph.: 9811111825, 41605556, 26462690, **MALVIYA NAGAR :** POOJA ADVERTISING & MARKETING SERVICE, Ph.: 9891081700, 24331091, 46568866, **YUSUF SARAI :** TANEJA ADVERTISEMENT & MARKETING Ph.: 9810843218, 26561814, 26510090

**NCR**

**FARIDABAD (NEELAM FLYOVER) :** AID TIME (INDIA) ADVERTISING, Ph.: 9811195834, 0129-2412798, 2434654, **FARIDABAD (NIT, KALYAN SINGH CHOWK) :** PULSE ADVERTISING, Ph.: 9818078183, 9811502088, 0129-4166498, **FARIDABAD :** SURAJ ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810680954, 9953526681, **GURGAON :** SAMBODHI MEDIA PVT. LTD., Ph.: 0124-4065447, 9711277174, 9910633399, **GURGAON :** AD MEDIA ADVERTISING & PR, Ph.: 9873804580, **NOIDA (SEC. 29) :** RDX ADVERTISING, Ph.: 9899268321, 0120-4315917, **NOIDA (SEC. 65) :** SRI SAI MEDIA, Ph.: 0120-4216117, **NOIDA (SEC. 58) :** JAI LAKSHMI ADVERTISERS, Ph.: 9873807457, 9911911719 **GHAZIABAD (HAPUR ROAD TIRAHA, NR GURUDWARA) :** TIRUPATI BALAJI ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9818373200, 8130640000, 0120-4561000

**EDUCATION (IAS & PMT ACADEMIES)**

FRIENDS PUBLICITY SERVICE 23287653, 23276901, 9212008155

*For CAD enquiries please contact :*
**ROHIT JOSHI** 9818505947, **ABHINAV GUPTA** 9910035901
For booking classified ads, please contact 011-23702148, 0120-6651215, E-mail : delhi.classifieds@expressindia.com

### प्रपत्र फॉर्म 'ए' सार्वजनिक सूचना

[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के तहत]

**एएसपीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | एएसपीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 07.09.2006 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है : | आरओसी दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U70109DL2006PTC153308 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा मुख्य कार्यालय का पता (यदि कोई) | पंजी. कार्यालयः एफ–93ए ग्राउंड फ्लोर गली नंबर 7, जगतपुरी, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली–110051 कार्यालयः प्लॉट नंबर 130011, गोगल रोड, परतापुर, पराग मिल्क प्लांट के पास, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250103 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरम्भन तिथि | 12.09.2024 (आदेश 13.09.2024 को प्राप्त हुआ) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तारीख | 11.03.2025 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और पंजीकरण संख्या | नीरज कुमार IBBI/IPA-001/IP-P-02368/2021-2022/13586 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | ई–47, IARI पूसा कैम्पस, नई दिल्ली–110012 ई-मेलः njhaandco@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल | 205, अंसल इंपीरियल टॉवर, सी–ब्लॉक सामुदायिक केंद्र, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028 ईमेलः cirp.aspg@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 26.09.2024 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा निर्धारित धारा 21 की उप–धारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई हो | निर्धारित नहीं |
| 13. | दिवाला पेशेवरों के नाम एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाना गया (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | निर्धारित नहीं |
| 14. | (क) प्रासंगिक फॉर्म यहां उपलब्ध हैं: (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है: | वेबलिंक: https://ibbi.gov.in/en/home/downloads भौतिक पताः जैसा कि ऊपर कॉलम 10. में दिया गया है। |

एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, **नई दिल्ली बेंच-VI** ने दिनांक **12.09.2024** को **एएसपीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड** की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है (आदेश 13.09.2024 को प्राप्त हुआ)।

**एएसपीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड** के लेनदारों से कहा जाता है कि वे सबूत के साथ अपने दावे **26.09.2024** को या उससे पहले अंतरिम समाधान पेशेवर को प्रविष्टि संख्या 10 के सामने उल्लिखित पते पर प्रस्तुत करें।

वित्तीय ऋणदाता अपने दावे प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रविष्टि संख्या 12 में सूचीबद्ध किसी एक वर्ग से संबंधित एक वित्तीय ऋणदाता को फॉर्म सी ए में [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 में सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने प्रतिनिधि की पसंद का संकेत देना होगा।

**दावे के झूठे या भ्रामक सबूत प्रस्तुत करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।**

हस्ताक्षर/–
नीरज कुमार
अंतरिम समाधान पेशेवर
IBBI/IPA-001/IP-P-02368/2021-2022/13586

दिनांकः 14.09.2024
स्थान : दिल्ली

### PUBLIC NOTICE

TO BE IT KNOWN THAT I SANJAY GUPTA S/O AK GUPTA R/O HOUSE NO.2, CLUB MARG DLF PHASE-1, GURUGRAM HARYANA IS THE OWNER OF ENTIRE BUILT-UP PROPERTY HOUSE NO.2, CLUB MARG DLF PHASE-1 GURUGRAM HARYANA-122002, I HAVE LOST/ MISPLACED MY PROPERTY ORIGINAL DLF PLOT BUYER AGREEMENT NUMBER-20111 DATED 13TH SEPTEMBER 1984 OF THE ABOVE SAID PROPERTY AN FIR TO THIS EFFECT HAS BEEN LODGED IN POLICE STATION, VIDE LR NO.No: LR No:2116504/2024 Date:13/09/2024 ANY PERSON CLAIMING ANY RIGHT, INTEREST HAVING ANY OBJECTON MAY RIGHT/CONTACT WITH ABOVE NAMED PERSON AT ABOVE ADDRESS/MOBILE NO.**7982651477**

### "IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

The Indian EXPRESS Classifieds

EXPRESS EDUCATION







Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service (M): 9212665841, 9212008155

### Criminal Court, Ludhiana

( complaint-138 negotiable instrument act)
In The Court Of Ms. Lovepreet Kaur Swaich JMIC, Ludhiana

HDFC Bank
Vs.
Arun Singh

CNR NO: PBLD03-037365-2021
COMA/12920/2021

Notice To: 1) Arun Sigh Address- S/o Sohan Lal R/o 148 New Krishna Vihar Colony Jwala Nagpur Rampur U. P 244901

Whereas it has been proved to the satisfaction of this court that you the accused above named cannot be served in the ordnary way of service. Hence this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 15-10-2024 at 10:00 a.m. or within 30 days from the date of publication of this proclamation take notice that, in default of your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law, in your absence Given under my hand and the seal of the court. for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana

JMIC Ludhiana

### Criminal Court, Ludhiana

( complaint-138 negotiable instrument act)
In The Court Of Ms. Lovepreet Kaur Swaich JMIC, Ludhiana

Ajay Sharma
Vs.
Anket Sharma

CNR NO: PBLD03-047912-2021
COMA/15651/2021

Notice To: 1 aniket sharma address- h. no 19, khasra no 423 aditya green city jalalawad dhuhal ghaziabad uttar pradesh 2nd address kh no 410 meerut road dhuhal ghaziabad u.p 3rd address plot no 11, kh, no 21 near tyagi tea shop mainapur industrial area ghaziabad uttar pradesh

Whereas it has been proved to the satisfaction of this court that you the accused above named cannot be served in the ordnary way of service. Hence this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 15-10-2024 at 10:00 a.m. or within 30 days from the date of publication of this proclamation take notice that, in default of your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law, in your absence Given under my hand and the seal of the court. for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana

JMIC Ludhiana

### कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड — कब्जा–सूचना

पंजीकृत कार्यालयः 27BKC, C–27, G–ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई– 400051
शाखा कार्यालयः 7वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 7, सेक्टर –125, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201313

जबकि, अधोहस्ताक्षरी कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम,2002 (2002 का 54) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किया, जैसा कि नीचे दिया गया है, संबंधित उधारकर्ताओं को उसी की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए कहा गया है। उक्त उधारकर्ता राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए एतद्द्वारा उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर उसके सामने उल्लिखित तिथियों पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ताओं और आम तौर पर जनता को सावधान किया जाता है कि वे संपत्तियों के साथ सौदा न करें और संपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन संबंधित तिथियों से भविष्य के ब्याज, लागत और शुल्क के साथ इसमें निर्दिष्ट राशि के लिए कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ताओं का विवरण, अनुसूचित संपत्ति, बकाया देय राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए डिमांड नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि, कब्जे की तारीख नीचे दी गई हैं:

| उधारकर्ता, सह–उधारकर्ता का नाम और पता, ऋण खाता संख्या, ऋण राशि | अचल संपत्ति का विवरण | 1. कब्जे की तिथि 2. कब्जे का प्रकार 3. मांग सूचना दिनांक 4. देय राशि रु. |
|---|---|---|
| श्रीमती उर्मिला देवी (सह–उधारकर्ता की हैसियत से तथा उधारकर्ता श्री जगदीश प्रसाद (अब दिवंगत) की पत्नी और कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में) पताः 43/480 सी महल सिकंदरा, आगरा, उत्तर प्रदेश–282007 और मेवा जगदीश [illegible] आगरा–282007 और दोनों का पताः मकान संख्या 43/492 ग्राम सिकंदरा बहिश्ताबाद, पुरानी आबादी महल सिकंदरा, लोहामंडी वार्ड, तहसील और जिला आगरा–282007 ऋण खाता संख्याः 461 बीएलएसएल 242148 ऋण राशिः रु. 5,20,000/– (पांच लाख बीस हजार रुपये मात्र) | मकान संख्या 43/492, ग्राम सिकंदरा बहिश्ताबाद, पुरानी आबादी महल सिकंदरा, लोहामंडी वार्ड, तहसील और जिला आगरा–282007 का वह सम्पूर्ण टुकड़ा [illegible] सीमाः पूर्वः [illegible] बन्धककर्ता का नामः श्रीमती उर्मिला देवी | 1. 11.09.2024 2. सांकेतिक कब्जा 3. 03.06.2024 4. रु.5,50,716.36/– (पांच लाख पचास हजार सात सौ सोलह और छत्तीस पैसे मात्र) दिनांक 10.09.2024 तक बकाया और देय है और दिनांक 11.09.2024 से पूर्ण भुगतान होने तक लागू ब्याज। |
| ताज मोहम्मद और शवाना बेगम, दोनों का पताः 403 कृष्णा इंटर कॉलेज रोड, वार्ड नंबर 5, सादाबाद हाथरस, सादाबाद, उत्तर प्रदेश – 281306 और मजीद खान का पताः कृष्णा इंटर कॉलेज रोड, सादाबाद, हाथरस, सादाबाद, उत्तर प्रदेश, 281306 और एच/एल्स [illegible] रोड सादाबाद, हाथरस, सादाबाद, उत्तर प्रदेश, 281306 ऋण खाता संख्याः 461बीएलएसएल1376582 ऋण राशिः रु.9,20,000/– (नौ लाख बीस हजार रुपये मात्र) | खसरा नंबर 133 के भाग, प्रकाश सेवा के पीछे सदन, सादाबाद वार्ड नं. 5, कस्बा और तहसील सादाबाद, जिला महामाया नगर में स्थित अचल संपत्ति का वह सम्पूर्ण टुकड़ा एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 99.60 वर्ग गज या 83.27 वर्ग मीटर है, जिसका माप पूर्व से पश्चिम –20 फीट, उत्तर से दक्षिण –44.10 फीट है, सीमाः पूर्वःखानदान जंगजीत सिंह का खेत, पश्चिमः प्रथम पक्ष का प्लॉट, उत्तरः दूसरे पक्ष का प्लॉट, दक्षिणः रास्ता 10 फीट चौड़ा। नाम बंधककर्ता का नामः शाहिना बेगम | 1. 11.09.2024 2. सांकेतिक कब्जा 3. 06.05.2024 4. रु.10,16,720.48/– (रुपये दस लाख सोलह हजार सात सौ बीस एवं अड़तालीस पैसे मात्र) दिनांक 11.09.2024 तक बकाया और देय है और दिनांक 11.09.2024 से पूर्ण भुगतान से लागू ब्याज के साथ देय। |
| शहनाज शाह पताः बिरियाडांडा ककराला, बदायूं, उत्तर प्रदेश, 243637 और एलीमेन्स सायर कांट्रेक्ट सिस्टम और मोहम्मद साहिल, दोनों का पताः वार्ड [illegible] बदायूं, उत्तर प्रदेश, 243601 ऋण खाता संख्याः PW80PBL2917775, ऋण राशिः रु.7,71,340/– (सात लाख इकहत्तर हजार तीन सौ चालीस रुपये मात्र) | मोहल्ला नाहर खान सराय नई बस्ती, अमर ज्योति नई बस्ती के पास तहसील और जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश 243601 में स्थित अचल संपत्ति मकान नंबर 385 का वह सम्पूर्ण टुकड़ा एवं अंश जिसका माप 42.91 वर्ग मीटर है, सीमाः पूर्वः श्री/जो अफसाना अली वाला, पश्चिमः मुसर्रफ का घर, उत्तरः 7 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः मुसर्रफ की दीवार। बंधककर्ता का नामः मोहम्मद साहिल | 1. 14.09.2024 2. सांकेतिक कब्जा 3. 29.12.2023 4. रु.7,98,787.51/– (सात लाख अट्ठानवे हजार सात सौ सत्तासी और इक्यावन पैसे मात्र) 10.09.2024 तक और देय और भुगतान योग्य सहित 11.09.2024 से पूर्ण भुगतान तक लागू ब्याज। |

किसी भी प्रश्न के लिए कृपया श्री अरविंद कुमार तिवारी, श्री शैलेन्द्र सिंह, (मोब – +919810698044/+919811638929) से संपर्क करें।

दिनांकः 15.09.2024, स्थानः उत्तर प्रदेश — कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के लिए, प्राधिकृत अधिकारी

### उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएनः [illegible]
पंजीकृत कार्यालयः [illegible] गुरुग्राम (हरियाणा)–122002

सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना

[illegible]

| उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बंधककर्ता का नाम | धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि और राशि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (1) अंकित पुत्र संजय पाल (उधारकर्ता) (2) आंचल पत्नी अंकित (सह–उधारकर्ता) दोनों उपरोक्त निवास स्थान – एच. न. 3 गली नं. 1, सी.पी.एस. एन्क्लेव बेहटा हाजीपुर लोनी, गाजियाबाद यू.पी. 201102 ऋण संख्या LXNOP1923-240026799 ऋण अनुबंध तिथि– 28.07.2023 ऋण राशि: [illegible] | 09–सितंबर–24 रु. 11,36,200/– (रुपये ग्यारह लाख छत्तीस हजार दो सौ मात्र) 09–सितंबर–2024 के अनुसार + 10–सितंबर–2024 से भावी ब्याज और अन्य शुल्क | [illegible] |
| (1) संजय पुत्र सुरेश दत्त (उधारकर्ता) (2) कविता शर्मा पत्नी संजय शर्मा (सह–उधारकर्ता) (3) शिवम शर्मा पुत्र संजय शर्मा (सह–उधारकर्ता), उपर्युक्त सभी निवासी– एफ–256, पूर्वी अवधान नगर लोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश – 201002, साथ ही– एफ–85, पूर्वी अवधान नगर, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201002 ऋण सं.: LXJNP02918-190002849 – LXGGN03022-230018720 | 09–सितंबर–24 रु. 9,98,186/– और रु. 1,96,721/– कुल रु. 11,94,907/– (रुपये ग्यारह लाख चौरानबे हजार नौ सौ सात मात्र) 09–सितं–2024 के अनुसार + 10–सितं–2024 से भावी ब्याज और अन्य शुल्क | [illegible] |
| ऋण अनुबंध तिथि– 29–10–2018 और 12–08–2022, ऋण राशि : रु. 1005090/– + 240000/– | | |
| (1) सावित्री देवी पत्नी स्वर्गीय अजय कुमार (सह–उधारकर्ता सह कानूनी वारिस) निवासी– मकान संख्या 205, टीला, शाहबा. जपुर, लोनी, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201102 ऋण संख्या : स्स्ए02717.180000332 ऋण अनुबंध तिथि : 28.06.2017 ऋण राशि : रु. 492037/– | 09–सितंबर–24 रु. 3,82,639/– (रुपये तीन लाख बयासी हजार छह सौ उनतालिस मात्र) 09–सितंबर–2024 के अनुसार + 10–सितंबर–2024 से भावी ब्याज और अन्य शुल्क | [illegible] |
| (1) हरि सिंह पुत्र जयपाल सिंह (उधारकर्ता) (2) प्रकाशी पत्नी हरि सिंह (सह–उधारकर्ता) दोनों निवासी– खोड़ा, प्रकाश नगर, गाजियाबाद–201309 ऋण सं.: LXNOI03622-230023066 ऋण अनुबंध तिथि : 28.02.2023 ऋण राशि : रु. 5,10,000/– | 11–सितंबर–24 रु. 4,82,423/– (रुपये चार लाख बयासी हजार चार सौ तेईस मात्र) 11–सितंबर 2024 के अनुसार + 12–सितंबर–2024 से भावी ब्याज तथा अन्य शुल्क | [illegible] |
| (1) विनय भाटी पुत्र प्रकाश भाटी (उधारकर्ता) (2) राजेश पुत्र प्रकाशवीर (सह–उधारकर्ता) (3) प्रकाश वीर पुत्र रघु राज सिंह (गारंटर), उपरोक्त सभी निवासी– कुराली 90, बल्लभगढ़, फरीदाबाद हरियाणा 121101, ऋण सं.: LXLAX03223-240032844, ऋण अनुबंध तिथि : 20.01.2024, ऋण राशि : रु. 15,00,000/– | 09–सितं.–24 रु. 11,03,648/– (रुपये ग्यारह लाख तीन हजार छह सौ अड़तालीस मात्र) 09–सितम्बर–2024 के अनुसार + 10–सितम्बर–2024 से भावी ब्याज और अन्य शुल्क | [illegible] संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश जो जिसकी माप 180 वर्ग गज (6 मरले) है जो कि कित्ता 4 रकबा 17 कनाल 15 मरले का 6/355वां हिस्सा है, जो खेवट/खाता संख्या 180/235 एम. नं. 17 किला संख्या 1/3, 3/1, 8, 11/1 मिन. पर, मौजा कुराली उप–तहसील दयालपुर जिला फरीदाबाद हरियाणा में स्थित तथा निम्नानुसार परिसीमित है :– पूर्व– आम रास्ता, पश्चिम– देपू का प्लॉट, उत्तर– राजवीर का घर, दक्षिण– रणवीर का घर। |

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 15 सितं. 2024

प्राधिकृत अधिकारी, श्री गौरव त्रिपाठी, मोबाइल– 9650055701
उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड




### COURT NOTICE

In The Court Of Ms. Rajbir Kaur JMIC , Bathinda

M/s Cormandel International Ltd
Vs.
M/s Sri Balaji Krishi Sewa Kendra

CNR NO: PBBT03-002963-2022
Next Date: 14-10-2024
NACT/1624/2023

Publication Issued To: M/s Sri Balaji Krishi Sewa Kendra Through Its Prop./auth Person Ranju Shukla No S/584 Backside Raj Kamal Cinema, Premi Nagar Barabanki UP 225001

In above titled case, the accused could not be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under section 82 Cr. P.C. through publication is hereby issued against accused. It is ordered that accused is directed to appear or through counsel on 14-10-2024 at 10:00 a.m. if accused failed to appear before this court despite his proclamation through publication, then accused may be declared as proclaimed offender for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Bathinda

JMIC Bathinda

# पुलिस ने केजरीवाल के आवास के बाहर आतिशबाजी पर प्राथमिकी दर्ज की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से रिहा होने पर उनके स्वागत में उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित उनके आवास के बाहर आतिशबाजी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच में जुटी है।

दरअसल, दिल्ली सरकार ने सोमवार को सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के बाहर आतिशबाजी करने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेशों की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री के शुक्रवार शाम तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद उनके आवास के बाहर पटाखे फोड़े गये थे। आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे। यह प्राथमिकी एक उपनिरीक्षक की शिकायत पर दर्ज की गई है, जो शुक्रवार शाम को 6, फ्लैग स्टाफ रोड पर तैनात थे। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि शाम छह बजकर 45 मिनट पर कानून-व्यवस्था की स्थिति संभालने के लिए 6, फ्लैग स्टाफ रोड पर तैनात था। वहां बहुत सारे लोग इकट्ठे हुए थे और पटाखों की आवाज सुनी, जिससे प्रदूषण फैल रहा था। अधिकारी ने बताया कि जब वह देखने गए तो पटाखे फोड़ रहे लोग भाग गए। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में केजरीवाल को जमानत दे दी थी। वह पांच महीने से अधिक समय तक तिहाड़ जेल में बंद रहे।

**भाजपा ने साधा निशाना :** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल से रिहाई के समय कार्यकर्ताओं द्वारा पटाखे जलाने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय के बाहर रवि शंकर लेन और मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर भी पटाखे जलाए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने 10 सितंबर को प्रदूषण को लेकर पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लगाया था। दिवाली जैसे त्योहारों पर पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन अरविंद केजरीवाल की रिहाई का जश्न के नाम पर लाखों रुपए के पटाखे जला दिए गए।



## हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की

सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कनाट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह तथा सौरभ भारद्वाज मौजूद रहे। केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद कहा था कि भगवान हर मुश्किल में उनके साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने हमेशा सच्चाई का साथ दिया है।

## आज पार्टी के नए मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नए मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसको लेकर शनिवार से ही मुख्यालय में तैयारियां शुरू हो गईं थी।

दरअसल, आप सुप्रीमो ने तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने से पहले दो जून को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। इससे पहले उन्हें मई में शीर्ष अदालत ने दो जून तक लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

पार्टी की मानें तो हरियाणा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच रविवार को कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं। हरियाणा से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं को लग रहा है कि केजरीवाल के बाहर आने के बाद पार्टी को नई ऊर्जा मिली है।

### आशा किरण आश्रय गृह मामला

## उपराज्यपाल ने अधिकारी को हटाने का निर्देश दिया

नई दिल्ली, 14 सितंबर (भाषा)।

**आश्रय** गृह के चिकित्सा अधिकारी को हटाने के लिए प्रशासक को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।
**आशा** किरण आश्रय गृह में जुलाई में, 14 लोगों की मौत होने का मामला सामने आया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जांच रपट के आधार पर आशा किरण आश्रय गृह के चिकित्सा अधिकारी को हटाने के लिए प्रशासक को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। राज निवास के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



आशा किरण आश्रय गृह में जुलाई में, 14 लोगों की मौत होने का मामला सामने आया था। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट में आश्रय गृह में अत्यधिक संख्या में लोगों को रखा जाना, चिकित्सकों की अनुपस्थिति, संक्रामक रोग, साफ-सफाई न होना, चिकित्सा रेकार्ड नहीं रखा जाना और पेयजल की कमी जैसी अनियमितताओं के अलावा अन्य मुद्दे सामने आए हैं।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने रपट के निष्कर्षों पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य सचिव से निवारण, सुधार और निगरानी के लिए कहा है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने आश्रय गृह के प्रशासक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और जांच में बाधा डालने के लिए चिकित्सा अधिकारी को हटाने का निर्देश दिया है।

## केजरीवाल ने हरियाणा चुनाव को लेकर पार्टी के नेताओं संग की बैठक

नई दिल्ली, 14 सितंबर (भाषा)।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के साथ शनिवार को बैठक की। 'आप' ने हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर वार्ता विफल होने के बाद अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

केजरीवाल द्वारा बुलाई गई बैठक में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, संदीप पाठक और राघव चड्ढा के अलावा दिल्ली के मंत्रियों गोपाल राय, आतिशी और सौरभ भारद्वाज समेत अन्य लोग मौजूद थे। 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) पाठक ने बताया कि बैठक में हरियाणा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान की योजना बनाई गई। पाठक ने कहा कि 'आप' हरियाणा में व्यापक अभियान शुरू करने जा रही है।

## गीता कालोनी में पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

**हत्या** करने के बाद शव के पास कुछ देर तक बैठा रहा आरोपी। पुलिस ने गिरफ्तार किया।

शाहदरा जिले के गीता कालोनी इलाके में अवैध संबंध के शक में एक शख्स ने अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के दौरान आरोपी ने अपने दोनों बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया था। हत्या करने के बाद आरोपी करीब 20 मिनट तक अंदर शव के पास बैठा रहा। बेटी के दरवाजा खटखटाने के बाद जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को मौके ही दबोच लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 5.54 बजे गीता कालोनी थाना पुलिस को एक सूचना मिली। फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि एक महिला के पति ने अपनी पत्नी का गला काट दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। पुलिस को मौके पर महिला खून से लथपथ मिली और उसका पति उसके पास ही बैठा हुआ था। पुलिस महिला को लेकर अस्पताल गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि वह अपने पति से अलग रह रही थी। शुक्रवार को वह अपनी पत्नी को देखने के लिए आया था। इसी दौरान उसने उसकी गला काटकर हत्या कर दी।

## चाणक्यपुरी में तेज रफ्तार दो कार भिड़ीं, चार लोग घायल

नई दिल्ली, 14 सितंबर (ज.सं.)।

चाणक्यपुरी थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार देर 1:27 बजे हुई थी। यह घटना चाणक्यपुरी में साइमन बोलिवर मार्ग के पास घटी।

पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान अंकित (21), चांद कुब्बा (31), वासु गर्ग (18) और राम नरेश (58) के तौर पर की गई है। घटना के बाद घायलों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

**मैथिली-भोजपुरी अकादमी, दिल्ली**
(कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार)
आपूर्ति भवन, आराम बाग, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055
दूरभाष: 9911177300, 8851772293,
ई-मेल : mbacademy@rediffmail.com

**पांडुलिपि प्रकाशन सहयोग योजना**
(2024-2025)

मैथिली-भोजपुरी भाषा और साहित्य सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस योजना के अन्तर्गत अकादमी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के रचनाकारों से साहित्यिक, सामाजिक और राष्ट्रीय संदर्भ में उपयोगी रचनाओं की पांडुलिपियों के प्रकाशनार्थ आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित करती है। इस योजना के अंतर्गत शोध प्रबंध, संपादित अथवा संकलित की गयी पांडुलिपियों स्वीकार्य नहीं होगी।

- इस योजना के अंतर्गत 40 वर्ष तक की आयु के ही रचनाकारों की पांडुलिपियों पर विचार किया जाएगा। 40 वर्ष से अधिक आयु के रचनाकारों एवं वरिष्ठ लेखकों की कंक्ल उन्हीं पांडुलिपियों पर विचार किया जाएगा जा सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से उत्कृष्ट एवं अत्यंत महत्वपूर्ण होंगी।
- प्रकाशन राहयोग योजना का उद्देश्य नवोदित लेखकों को प्रोत्साहन देना है। अतः नवोदित लेखकों, जिन्हें अकादमी से अभी तक कोई आर्थिक अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है, की पाण्डुलिपि पर आर्थिक सहयोग देने में प्राथमिकता दी जायेगी।
- एक लेखक की केवल एक ही विधा की पांडुलिपि स्वीकार्य होगी। पाण्डुलिपि पुरतक के रूप में प्रकाशित होने पर लगभग 125 पृष्ठ की सामग्री होना आवश्यक है।
- पांडुलिपि टंकित या स्वच्छ हस्तलिखित एवं राजिल्द हो जिसमें लेखक के नाम का उल्लेख केवल मुखपृष्ठ पर हो। फोटोस्टेट प्रति स्वीकार्य नहीं होगीं।
- पांडुलिपि निर्धारित प्रपत्र पर भरकर दिल्ली में रहने के आवास प्रमाण-पत्र एवं पाण्डुलिपि के. मालिक एव अप्रकाशित होने के प्रमाण-पत्र संलग्न कर अकादमी में जमा करनी होगी।
- यदि किसी रचनाकार को पाण्डुलिपि पर अकादमी द्वारा विगत तीन वर्षों में प्रकाशन सहयोग प्रदान किया गया है तो उनकी पाण्डुलिपि स्वीकार्य नहीं होंगी।

**इस संबंध में नियमावली एवं आवेदन प्रपत्र व्यक्तिगत रूप से अकादमी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।**

DIP/SHABDARTH/CLASSIFIED/0179/24-25 ह०/ सचिव

**बिक्री सूचना**
कॉर्पोरेट देनदार का नाम: इंडिग्लोबल ट्रेडलिंक्स प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत)
सीआईएन: U51909DL2015PTC283752
कॉर्पोरेट देनदार का पंजीकृत कार्यालय: निचला तल, 108 बी, मदनगीर गांव, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110062
समाधान प्रोफेशनल : मोहम्मद नाज़िम खान
पता: एमएनके हाउस, 9ए/9-10, बेसमेंट ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली - 110008
ईमेल: nazim@mnkassociates.com,cirp.indiglobal@gmail.com;
मोबाइल नं.:+91 9818156340
ई-नीलामी
**व्यापार के सामान्य क्रम से बाहर परिसंपत्तियों की बिक्री**
आईबीबीआई (सीआईआरपी विनियमन), 2016 के विनियमन 29 के अंतर्गत
**नीलामी की तिथि और समय: 03 अक्टूबर 2024 दोपहर 03:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक**
**(प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (सीआईआरपी विनियम), 2016 दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के विनियम 29 के अंतर्गत बिक्री के लिए नोटिस जारी किया जाता है, जो माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ III द्वारा नई दिल्ली में सीपी (आईबी) संख्या 34/एनडी/2020 में दिनांक 13 मई, 2021 के आदेश के तहत नियुक्त समाधान प्रोफेशनल के कब्जे में है और सार्वजनिक नोटिस जारी होने की तारीख यानी 22.09.2024 से (7) सात दिनों के भीतर रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए है। परिसंपत्ति की बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफॉर्म **https://ncltauction.auctiotiger.net** के माध्यम से की जाएगी।

**बिक्री के लिए वाहन का मूल विवरण:**

| वाहन का विवरण | मद | आरक्षित मूल्य (रु.) | ईएमडी राशि (रु.) | बोली वृद्धि राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| **हुंडई वेरना कार** मॉडल नं. VERNAVTVTSX 1.6 पंजीकरण सं.: HR26DS9230 पंजीकरण तिथि : 20/07/2012 पंजीकरण की वैधता : 19.07.2027 तक रंग : क्रिस्टल व्हाइट ईंधन : पेट्रोल | 1 | 1,36,800 (रुपये एक लाख छत्तीस हजार आठ सौ मात्र) | 12,500 (रुपये बारह हजार पांच सौ मात्र) | 1,250 (रुपये एक हजार दो सौ पचास मात्र) |

वाहन का स्थान: एमएनके हाउस, 9ए/9-10, बेसमेंट, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली, 110008
**ई-नीलामी की शर्तें और नियम इस प्रकार हैं:**
1. ई-नीलामी "जहां है, जैसा है, और जो है यही है" के आधार पर अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. संभावित बोलीदाता से ईओआई प्राप्त होने पर, समाधान प्रोफेशनल **24.09.2024** को योग्य बोलीदाता की घोषणा करेगा।
3. योग्य बोलीदाता 28.09.2024 तक नीलामी के तहत परिसंपत्तियों का निरीक्षण या ड्यू डिलिजेंस कर सकता है और फिर, उसे **28.09.2024** तक ईएमडी जमा करना होगा।
4. समाधान प्रोफेशनल कॉर्पोरेट देनदार के हित में परिस्थितियों के अनुसार नीलामी की तारीख बढ़ा सकता है।
5. संपूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज जिसमें परिसंपत्तियों का विवरण, ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा और वचनबद्धता प्रपत्र, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, जिसे समाधान प्रोफेशनल से निम्नलिखित ईमेल पर लिखकर मांगे जा सकते हैं: **cirp.indiglobal@gmail.com, nazim@mnkassociates.com**
6. अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक बोलीदाता 28.09.2024 को सोमवार से शनिवार तक किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 **बजे से शाम** 05:00 **बजे** के बीच अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता./-
**मोहम्मद नाज़िम खान, समाधान प्रोफेशनल**
**इंडिग्लोबल ट्रेडलिंक्स प्राइवेट लिमिटेड**
(सीआईआरपी के तहत)
दिनांक:14-09-2024
स्थान: दिल्ली
पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-002/IP-N00076/2017-18/10207

**फॉर्म संख्या INC-26**
[कंपनियों (संविधान) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
**कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तन के लिए विज्ञापन**
**केंद्र सरकार के समक्ष उत्तरी क्षेत्र**
कंपनियों अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (संविधान) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क) के मामले में
तथा
**M/S LYCON BUILDCON PRIVATE LIMITED,**
जिसका पंजीकृत कार्यालय 11, शहजादा बाग एफ एंड वी मार्केट इंदरलोक, पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110035 में स्थित है, के मामले में।
--------- **याचिकाकर्ता**

सामान्य जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी केंद्र सरकार को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत आवेदन करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी के ज्ञापन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव के अनुसार वार्षिक आम बैठक / असाधारण आम बैठक में 06/09/2024 को 11, शहजादा बाग एफ एंड वी मार्केट इंदरलोक, पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110035 पर पारित किया गया था, ताकि कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, ROC- दिल्ली से राज्य उत्तर प्रदेश, ROC- कानपुर में स्थानांतरित किया जा सके। किसी भी व्यक्ति, जिसका इस प्रस्तावित परिवर्तन से हित प्रभावित हो सकता है, वह MCA-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फॉर्म भरकर या रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा अपनी आपत्तियां, जिनमें उसके हित की प्रकृति और विरोध के कारणों का उल्लेख हो, एक हलफनामे के साथ उत्तरी क्षेत्रीय निदेशक, बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, दूसरी मंजिल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003 पर इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर भेज सकते हैं। साथ ही एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर, जो नीचे दिया गया है, भेजी जानी चाहिए।

कंपनी की ओर से
**LYCON BUILDCON PRIVATE LIMITED**
के लिए और उसकी ओर से
ललित पुंढीर (प्रतिज्ञाकर्ता 1)
अनीता सिंह (प्रतिज्ञाकर्ता 2)

**SBI भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-II, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली-110001, ईमेल : agmcl4.50950@sbi.co.in, फोन : 011-43179555**

**कब्जा सूचना** (नियम 8(1) देखे) (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **भारतीय स्टेट बैंक तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-II, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग,** 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली-110001 का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार **मैसर्स गोपिश फार्मा लिमिटेड, रजि. पता. एच-1455, सेक्टर-एच, डीएसआईआईडीसी, नरेला इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, दिल्ली - 110040 और: रोपड़ रोड, ढेरोवाल बैरियर के पास, गांव बेहरामपुर, तहसील नालागढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश -174101 और निदेशक / गारंटर अर्थात श्री रतीश गोयल (निदेशक और गारंटर) पुत्र श्री रवि प्रकाश गोयल पता: ए-96, सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली-110034, श्री रवि प्रकाश गोयल (निदेशक और गारंटर) पुत्र श्री हरि देव गोयल, पता: ए-96, सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 और श्रीमती संतोष गोयल (निदेशक एवं गारंटर) पत्नी श्री रवि प्रकाश गोयल, (निदेशक एवं गारंटर) पता: ए-96, सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 को** एक मांग नोटिस दिनांक **13.02.2019 को जारी** किया था जिसमें उल्लेखित राशि **रू 34,02,71,153.53 (रु. चौंतीस करोड़ दो लाख इकहत्तर हजार एक सौ तिरेपन्न और पैसे तिरेप्पन मात्र) दिनांक 30.06.2024 तक और उक्त राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य के ब्याज के साथ आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क इत्यादि सहित** उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार / गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार / गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **दिनांक 10.09.2024** को ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार / गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **भारतीय स्टेट बैंक, के प्रभार वास्ते राशि रू 34,02,71,153.53 (रु. चौंतीस करोड़ दो लाख इकहत्तर हजार एक सौ तिरेपन्न और पैसे तिरेप्पन मात्र) दिनांक 30.06.2024 तक और उक्त राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य के ब्याज के साथ आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

सम्पत्ति पर मालिकाना हक: मैसर्स गोपीश फार्मा लिमिटेड
फैक्ट्री भूमि और भवन का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 5 बीघा, 5 बिस्वा, खतौनी सं. 2/14, खसरा सं. 336/19 कितात, गांव-बेहरामपुर हदबस्त 104, परगना और तहसील नालागढ़, जिला- सोलन, हिमाचल प्रदेश में स्थित, यह सम्पत्ति मैसर्स गोपीश फार्मा लिमिटेड के नाम पर है।

दिनांक: **10-09-2024** स्थान: नालागढ़, हिमाचल प्रदेश हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**सूचना**
सुश्री श्वेता झा, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के निवासी जो सक्षम इन्फोटेक के पार्टनर हैं, वे श्री रश्मिन खाण्डेकर, एकाकी मध्यस्थ के समक्ष जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी लिमिटेड द्वारा शुरू की गई मध्यस्थता कार्यवाही में प्रतिवादी सं. 3 हैं। मध्यस्थता कार्यवाही में अगली तिथि 23.12.2024 है। सुश्री श्वेता झा से अनुरोध है कि इस मामले के विस्तृत विवरणों की जानकारी के लिये श्री कौस्तुभ राय; अधिवक्ता, जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी लिमिटेड (kaustubh.rai@apogeelawoffices.com; +91-8765629295) से सम्पर्क करें।

**Criminal Court, Ludhiana**
(complaint-138 negotiable instrument act)
In The Court Of Ms. Lovepreet Kaur Swaich JMIC, Ludhiana
m/s UP money ltd
Vs.
Suman Rana
CNR NO: PBLD03-011786-2021
COMA/7770/2021
Notice To: 1) Suman Rana
Address- D/o Deep Chand R/o H. No 20 Block No 6 Jundla Karnal 132001
Whereas it has been proved to the satisfaction of this court that you the accused above named cannot be served in the ordnary way of service. Hence this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 15-10-2024 at 10:00 a.m. or within 30 days from the date of publication of this proclamation take notice that, in default of your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law, in your absence Given under my hand and the seal of the court. for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana
JMIC Ludhiana

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की मांग सूचना 13(2)**

**ग्रेटर नोएडा शाखा, परी चौक, अंसल प्लाजा मॉल के पीछे, तुगलपुर गाँव, ग्रेटर नोएडा, उ0प्र0-201301**

**वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत कर्जदार एवं गारंटर को मांग सूचना।**

यह मांग सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत एतद्द्वारा कर्जदारों / गारंटरों को उनकी गारंटी में दी गई ऋण सुविधा की बकाया राशि का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए जारी की गई है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के संदर्भ में नीचे वर्णित राशि और उस पर आगे ब्याज और प्रासंगिक व्यय, लागत आदि का भुगतान करने में असफल रहते हैं तो बैंक कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और अन्य लागू प्रावधान के अंतर्गत उसे प्राप्त सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति लिये इस सूचना में नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टे पर देने या अन्य लेनदेन नही कर सकते है। **बकाया राशि के साथ खाता और प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:**

**अचल सम्पत्ति की अनुसूची एवं अन्य विवरण**

| कर्जदार एवं गारंटर का नाम | प्रतिभूत सम्पत्ति का विवरण | 13(2) सूचना की तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| **उधारकर्ता:** श्री श्रवण प्रसाद पुत्र बच्चूलाल (1) जेजी-22, तीसरी मंजिल कृष्णा मंदिर के पास, खिड़की एक्सटेंशन, मालवीय नगर, दक्षिणी दिल्ली-110017. (2) सी-2008, प्लॉट नं. जीएच-5बी, सेक्टर-16, नोएडा एक्सटेंशन, केबीएनओडब्ल्यूएस अपार्टमेंट, ग्रेटर नोएडा पश्चिमी-201009. | **अचल सम्पत्ति:** **सम्पत्ति का ब्यौरा:** सी-2008, प्लॉट नं. जीएच-5बी, सेक्टर-16, नोएडा एक्सटेंशन केबीएनओडब्ल्यूएस अपार्टमेंट ग्रेटर नोएडा पश्चिम-201009. क्षेत्रफल परिमाप 1940 वर्गफीट | 13(2) सूचना की तिथि: 07/05/2024 नॉन परफॉर्मिंग एसेट : 30/04/2024 रू.35,88,652.33 (पैंतीस लाख अठासी हजार छः सौ बावन रूपये एवं तैंतीस पैसे मात्र) अनुसूची ए में उल्लिखित लागू ब्याज दर पर भावी ब्याज, जो राशि पर सूचना की तिथि 07.05.2024 से पूर्ण एवं अंतिम भुगतान की तिथि तक नियत आकस्मिक व्ययों, शुल्कों और लागतों, इत्यादि सहित है। |

कर्जदार का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांक: 14/09/2024 (प्राधिकृत अधिकारी)
स्थान: ग्रेटर नोएडा, उ0प्र0 सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**
**अंचल कार्यालय : गाजियाबाद अंचल, पता: 32-बी, सेक्टर-62, नोएडा-201307**

**गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहने/सिक्के की सार्वजनिक नीलामी हेतु सूचना**

एतद्द्वारा निम्नलिखित स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं, उनके कानूनी वारिसों, स्वर्ण आभूषणों / गहने / सिक्कों के व्यवसाय में लगे व्यक्तियों और आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि बैंक द्वारा बार-बार अनुस्मारक / नोटिस के बावजूद, निम्नलिखित उधारकर्ता बैंक को अपना बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं।

एतद्द्वारा यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि यदि वे अपने संबंधित स्वर्ण ऋण खातों (अद्यतन ब्याज और सभी लागत शुल्क / व्यय सहित) में अपनी सभी बकाया राशि **दिनांक 27.09.2024 तक** जमा करने में विफल रहते हैं, तो **दिनांक 30.09.2024 को सुबह 11.00 बजे** उनके गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण / गहने / सिक्के सार्वजनिक नीलामी के लिए शाखा परिसर में रखे जाएंगे। इसके लिए, संबंधित उधारकर्ताओं को हुई किसी भी असुविधा या क्षति के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में किसी भी उधारकर्ता के किसी भी आरोप या अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

बोली में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) शाखा प्रबंधक के पास निर्धारित समय / तिथि से पहले बयाना राशि के रूप में जमा करना चाहिए। अंतिम बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों को 48 घंटे के भीतर पूरी राशि बैंक में जमा करने में सक्षम होना चाहिए, ऐसा नहीं करने पर बैंक में जमा उनकी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि इस प्रकार निकाली गई बोली का मूल्य कम या अपर्याप्त पाया जाता है। इसके अलावा, यदि आवश्यक हो, तो बैंक उपरोक्त निर्धारित नीलामी की तिथि, समय या स्थान को बदलने या बिना कोई कारण बताए उसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| क्र. सं. | खाता संख्या | नाम | पता | सोने का सकल वजन (ग्राम में) | नीलामी का स्थल / शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 780577610000336 | इमरान पुत्र शमीम अहमद | मकान नंबर-1002, लादम सराय, मजोई रोड, तहसील और जिला-संभल यूपी-244302 | 40.051 | बैंक ऑफ इंडिया संभल शाखा |
| 2 | 780577610000339 | राधिका गुप्ता पत्नी तरूण गुप्ता | कल्कि मंदिर के पास, कोट पूर्वी संभल, तहसील और जिला-संभल यूपी-244302 | 94.800 | बैंक ऑफ इंडिया संभल शाखा |
| 3 | 780577610000340 | राधिका गुप्ता पत्नी तरूण, गुप्ता | कल्कि मंदिर के पास, कोट पूर्वी संभल, तहसील एवं जिला-संभल यूपी-244302 | 62.200 | बैंक ऑफ इंडिया संभल शाखा |
| 4 | 780577610000018 | मलखान सिंह पुत्र सरदार सिंह | बेलीपुर, चक संभल, तहसील एवं जिला-संभल यूपी-244302 | 55.350 | बैंक ऑफ इंडिया संभल शाखा |

तिथि: 14.09.2024 शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया

## खबर कोना

### एमसीडी ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी क्षेत्र द्वारा शनिवार को विक्रेताओं/कब्जाधारियों के संबंध में मिल रही शिकायतों को संज्ञान लेते हुए उपायुक्त (दक्षिण क्षेत्र) के नेतृत्व में संयुक्त अस्थायी अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान आइआइटी गेट से राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान तक पूरे हिस्से में फुटपाथों और सड़कों से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि लंबे समय से विक्रेताओं/कब्जाधारियों को वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही बाधित करने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इनके अलावा पाया गया गया कि विक्रेता फुटपाथों को अवरुद्ध करते हुए और सड़कों पर सामान बेच रहे थे। इस तरह की गतिविधियों से आम जनता को काफी असुविधा हो रही थी।

### वाहन चोरी करवाने वाला गिरफ्तार, चार नाबालिग भी पकड़े गए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

जगतपुरी थाना पुलिस ने नाबालिगों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार नाबालिग समेत पांच आरोपियों को दबोचा है। आरोपी की पहचान राशिद मार्केट निवासी उवेश उर्फ ओवैसी (22) के तौर पर की गई है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने शनिवार को बताया कि अभी हाल में ही 6-12 सितंबर को वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। शिकायत के आधार पर टीम ने इन आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। घटनास्थल के आसपास लगे 36 सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के बाद टीम को इस गिरोह के बारे में सूचना मिली। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि नशे का आदि होने की वजह से एक गिरोह बना कर वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। आरोपी ओवैसी जानबूझ कर नाबालिगों से वाहन चोरी करवाता था। बाद में चोरी के वाहनों से आरोपी झपटमारी और लूटपाट की वारदात को भी अंजाम देते थे।

### दिल्ली के चिड़ियाघर में शामिल हुए गैंडा और बाघ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दिल्ली के चिड़ियाघर में आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत असम से एक गैंडा, एक बाघ और एक जोड़ी ह्हासनिबिल्ह पक्षी को लाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन वन्य जीवों को 21 दिनों तक प्राणी उद्यान के पृथक-वास में रखे जाने के बाद, लोग इन्हें देख सकेंगे। असम राज्य प्राणी उद्यान-सह-वनस्पति उद्यान से इन जीवों को लाए जाने की पुष्टि करते हुए दिल्ली प्राणी उद्यान के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि एक बाघ, एक गैंडा और एक जोड़ी ह्हासनिबिल्ह पक्षी को आज सुबह यहां लाया गया। चिकित्सा जांच के बाद इन सभी को पृथक-वास में रखा गया है।

### केजरीवाल ने अभिषेक मनु सिंघवी से उनके आवास पर मुलाकात की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति घोटाला मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के एक दिन बाद शनिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, राघव चड्ढा और उनके सहयोगी बिभव कुमार भी मौजूद रहे। आप ने मुलाकात के बाद केजरीवाल दंपति और सिंघवी दंपति की तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट की। पार्टी ने लिखा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी ने देश के सबसे नामी-गिरामी वकीलों में शुमार अभिषेक मनु सिंघवी से उनके आवास पर मुलाकात की।

# दिल्ली में बेखौफ बदमाश, दो की हत्या

## गीता कालोनी में अज्ञात हमलावरों ने दुकानदार की गोली मार कर की हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

गीता कालोनी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम अज्ञात हमलावरों ने एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान रानी गार्डन, गीता कालोनी निवासी शाहिद उर्फ आशू (20) के तौर पर की गई है। वारदात की जानकारी पुलिस को शनिवार शाम करीब 6:41 बजे मिली थी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखवा दिया है और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने शनिवार को बताया कि शाहिद अपने परिवार के साथ रानी गार्डन में रहते थे। वह इलाके में बी-64, में कपड़ों की धुलाई (ड्राइ क्लीनिंग) का दुकान चलाते थे। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच में पता चला कि शाम करीब 5:49 बजे घटना के बाद पास के अस्पताल में शाहिद को भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया गया था। चिकित्सकों ने बताया कि शाहिद को गोली लगी है।

*किराए को लेकर चल रहा था विवाद*

**उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मकान मालिक मुन्ना के साथ शाहिद का किराए को लेकर विवाद चल रहा था। मुन्ना ने शाहिद को दुकान खाली करने के लिए कहा था। पर वह नहीं खाली कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आशंका है कि गोलीबारी करने वाला मुन्ना के दोनों बेटे चांद और इमरान हो सकते हैं।**

## रुपए के लेनदेन में दुकान में घुस कर युवक की चाकू से वार कर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

नरेला औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को तीन लोगों ने दुकान में घुस कर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुमित (24) के रूप में की गई है।

वारदात की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखवा दिया है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि वारदात के पीछे रुपए का लेनदेन कारण हो सकता है। फिलहाल पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि दिव्या खत बीज दुकान के पास कुछ लोग एक दुकान के अंदर घुस गए हैं और चाकू से एक शख्स पर हमला करने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। पुलिस को मौके पर दुकान मालिक सुमित को लहूलुहान अवस्था में पास के अस्पताल में भर्ती कराया, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आगे की जांच में पुलिस को पता चला कि सुमित गांव मंडोरा सोनीपत का रहने रहने वाले थे।

बाद में मौके से क्राइम और एफएसएल की टीमों ने भी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि घटना के समय वह अपनी दुकान पर बैठा था।

***वारदात* से पहले आरोपियों की दुकान पर शख्स से हुई थी कहासुनी। *नरेला* औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी।**

## अंतरराज्यीय बसों के लिए नया 'स्टैंड शुल्क' लागू

नई दिल्ली, 14 सितंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय राजधानी में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आइएसबीटी) से चलने वाली बसों के लिए नया 'स्टैंड शुल्क' शनिवार आधी रात से लागू किया गया। राज निवास के अधिकारियों ने बताया कि संशोधित शुल्क केवल 'फास्टैग' आधारित प्रणाली के माध्यम से वसूला जाएगा और बिना फास्टैग के किसी भी बस को टर्मिनल परिसर में प्रवेश करने और परिचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अधिकारियों ने कहा, राज्य सरकार की बसों, एआइटीपी और अन्य निजी बसों (वैध परमिट के साथ) के अंतरराज्यीय संचालन के लिए नया 'स्टैंड शुल्क' 14-15 सितंबर की मध्यरात्रि से लागू होगा। यह कश्मीरी गेट, आनंद विहार और सराय काले खां स्थित आइएसबीटी से चलने वाली ऐसी सभी बसों पर लागू होगा। वर्तमान में निजी बसों से अधिक किराया लिया जाता है, जिस वजह से वे आइएसबीटी परिसर के बाहर सड़कों पर अनाधिकृत रूप से वाहन पार्क करके यात्रियों को बैठाती हैं, जिससे सड़क पर भारी यातायात जाम की स्थिति पैदा होती है और राज्य द्वारा संचालित बसों को यात्री/राजस्व की हानि होती है। परिवहन विभाग इन बस टर्मिनल का उपयोग करके आने-जाने वाली अंतरराज्यीय बसों के लिए नई दरें और मानदंड अधिसूचित करेगा।

## जूस में गंदगी मिलाकर बेचने का आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद, 14 सितंबर (भाषा)।

गाजियाबाद जिले में लोनी बार्डर की पुलिस ने एक जूस विक्रेता को जूस में पेशाब मिलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी जूस विक्रेता आमिर ने बताया कि पेशाब करने के लिए आस-पास कोई जगह नहीं है, इसलिए उसने इसे प्लास्टिक की बोतल में इकट्ठा किया था। पुलिस के मुताबिक बजरंग दल के कार्यकर्ता मनीष सूर्यवंशी और उसके साथियों की शिकायत पर जूस विक्रेता आमिर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसके नाबालिग साथी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के मुताबिक बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार शाम को आमिर को रंगे हाथों उस समय पकड़ लिया जब वह जूस में कथित तौर पर पेशाब मिला रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी जूस विक्रेता ने पुलिस को बताया कि पेशाब करने के लिए आस-पास कोई जगह नहीं है, इसलिए उसने इसे प्लास्टिक की बोतल में इकट्ठा किया था। पुलिस ने उसकी दलील को सिरे से खारिज कर दिया है।

अपर पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने बताया कि इस हरकत के बारे में सुनकर वहां मौजूद लोग इकट्ठा हो गए और गुस्से में आकर उन्होंने आरोपी आमिर की पिटाई कर दी।



विदाई

नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय से एम्स अस्पताल तक दिवंगत पार्टी नेता सीताराम येचुरी की अंतिम यात्रा के दौरान मार्च करते हुए माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य और अन्य लोग।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश का दौर रहेगा जारी, आज भी छाए रहेंगे बादल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में जारी बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहने का अनुमान है। इस दौरान हल्की बारिश के साथ आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है।

दिल्ली एनसीआर में रुक रुककर हुई बारिश के बाद राजधानी का मौसम सुहाना बना हुआ है। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह विभिन्न क्षेत्रों में हल्की वर्षा के बाद एनसीआर के कई क्षेत्रों में शाम को भी बारिश हुई। लगातार बारिश होने से लोगों को ठंड का भी एहसास हो रहा है। इसके अलावा से उमस भरी गर्मी से भी लोगों को राहत मिल रही है। रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो औसत से 3.9 डिग्री कम है। रविवार के लिए मौसम विभाग ने हल्की बारिश के साथ आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है।

अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 33 और 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) शाम 4 बजे 62 के साथ 'संतोषजनक' श्रेणी में दर्ज किया गया।

***शनिवार* को दिल्ली एनसीआर में रुक रुककर हुई बारिश के बाद राजधानी का मौसम सुहाना बना हुआ है।**

***दिल्ली* का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

## अदालत ने कब्रिस्तान के निर्माण पर वक्फ बोर्ड-सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली, 14 सितंबर (भाषा)।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार और दिल्ली वक्फ बोर्ड से उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें बोर्ड पर ईदगाह रोड स्थित कब्रिस्तान में कथित बिक्री और अवैध निर्माण पर चुप रहने का आरोप लगाया गया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने याचिका पर दिल्ली सरकार, दिल्ली वक्फ बोर्ड, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। अदालत ने प्राधिकारियों से चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा तथा मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को तय की। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि संपत्ति पर किया गया कोई भी निर्माण न्यायालय के आगामी आदेशों के अधीन होगा तथा निर्देश दिया कि स्वामित्व के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाएगी।

याचिकाकर्ता मोहम्मद मजहर अहमद ने दलील दी कि ईदगाह रोड स्थित कब्रिस्तान अहाता बदरुद्दीन एक अधिसूचित वक्फ संपत्ति है।

***अदालत* ने प्राधिकारियों से चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को तय की।**

## सौ से अधिक आपराधिक वारदातों में संलिप्त तीन बदमाश गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

सागर पुर थाना पुलिस ने सौ से अधिक आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने पिछले 12 सितंबर को एक महिला के साथ झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद टीम ने करीब पांच सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर इन तीनों बदमाश को दबोचा। पुलिस ने बताया कि इनकी पहचान बापरोला निवासी अवधेश कुमार उर्फ भोमिया (28), पालम गांव निवासी एलेक्जेंडर (24) और मोहन गार्डन, उत्तम नगर निवासी (27) के तौर पर की गई है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने केटीएम मोटरसाइकिल, एक अन्य मोटरसाइकिल और चार तोला सोना के अलावा मास्टर चाभी बरामद की है।

दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने शनिवार को बताया कि इन आरोपियों ने पिछले तीन सितंबर से लेकर 12 सितंबर तक कई आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया था।

आठ करोड़ रुपए के आभूषण की लूट का मामला

## साजिश रचने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

हरियाणा के एक आभूषण विक्रेता से मध्य दिल्ली में दो साल पहले की गई आठ करोड़ रुपए की लूट का साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान झज्जर, हरियाणा निवासी अजीत सिंह (46) के तौर पर की गई है। आरोपियों ने पुलिस की वर्दी में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि, स्थानीय पुलिस ने लूटपाट में शामिल छह आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

अपराध शाखा के उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि हरियाणा के अंबाला शहर निवासी सोमवीर की शिकायत के बाद 31 अगस्त 2022 को लूट का मामला दर्ज किया गया था।

गोयल ने बताया कि जब सोमवीर और जय माता दी लाजिस्टिक्स में काम करने वाले उनके सहयोगी जगदीश सैनी दिल्ली में सोने और हीरे के आभूषण पहुंचाने जा रहे थे, तभी यह घटना हुई। पहाड़गंज में देश बंधु गुप्ता रोड के पास चार लोगों ने उन पर हमला किया। लुटेरों में से एक ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी, उन्होंने उनकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया और आभूषण लूट लिए।

***पुलिस* से बचने के लिए आरोपी द्वारका इलाके में बस चालक के तौर पर कर रहा था काम। अपराध शाखा की टीम ने आरोपी को दबोचा, पुलिस की वर्दी में आरोपियों ने की थी लूटपाट।**

दिशा-निर्देश | दिल्ली पुलिस ने राजधानी के नागरिकों से की अपील, नियम नहीं मानने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# विदेशी किराएदारों को लेकर 24 घंटे में सूचना दें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दिल्ली पुलिस की ओर से शनिवार को विदेशी नागरिकों को किराए पर संपत्ति देने वाले मकान मालिक के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

दिल्ली पुलिस ने मकान मालिक, होटल संचालक, होटल मालिक और किसी अन्य प्रकार की संपत्ति को लेकर नागरिकों से अपील की है कि इसकी सूचना 24 घंटे के भीतर स्थानीय पुलिस थाने को दें और किराए पर लेने वाले विदेशी नागरिकों का सत्यापन जरूर कराएं। ऐसा नहीं करने पर दिल्ली पुलिस कानूनी कार्रवाई कर सकती है। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने शनिवार को कहा कि अकसर देखा जाता है कि विदेशी नागरिकों को किराए पर रखा जाता है। पर उनकी पूरी जानकारी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के साथ साझा नहीं किया जाता। विदेशी नागरिक (संशोधन) आदेश, 2016 के खंड 16 व विदेशी अधिनियम की धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार, होटल मालिक/संपत्ति मालिक को अपने परिसर में ठहरने वाले विदेशी नागरिकों के आगमन के 24 घंटे के भीतर उस विदेशी नागरिक की संपूर्ण जानकारी जैसे राष्ट्रीयता, संपर्क नंबर, यात्रा का उद्देश्य, रहने का स्थान व अवधि, वीजा आदि का विवरण विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) कार्यालय में जाकर फार्म 'सी' पर या आनलाइन वेबसाइट पर सूचित करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली पुलिस राजधानी में स्थित सभी होटल मालिकों/संपत्ति मालिकों से यह अपेक्षा/ अपील/ अनुरोध करती है कि वह विदेशी नागरिकों को अपनी संपत्ति को किराए पर देते समय इस संबंध में बने सभी नियमों और विनियमों का पालन सुनिश्चित करके पुलिस का सहयोग करें।

***पुलिस* की प्रवक्ता सुमन नलवा ने शनिवार को कहा कि अकसर देखा जाता है कि विदेशी नागरिकों को किराए पर रखा जाता है। पर उनकी पूरी जानकारी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के साथ साझा नहीं किया जाता।**

***दिल्ली* पुलिस ने मकान मालिक, होटल संचालक, होटल मालिक और किसी अन्य प्रकार की संपत्ति को लेकर नागरिकों से अपील की है कि इसकी सूचना 24 घंटे के भीतर स्थानीय पुलिस थाने को दें और किराए पर लेने वाले विदेशी नागरिकों का सत्यापन जरूर कराएं। ऐसा नहीं करने पर दिल्ली पुलिस कानूनी कार्रवाई कर सकती है।**

## हिंदी नई चाल में चली भी और ढली भी : अनिल राय

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामलाल महाविद्यालय (सांध्य) में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर हिंदी विभाग ने 'हिंदी : संभावनाओं के विविध आयाम' पर व्याख्यान का आयोजन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य नचिकेता सिंह ने स्वागत-वक्तव्य में कहा कि आज हिंदी के अनेक आयाम हमारे सामने नजर आते हैं, जिनके माध्यम से हम अपने कौशल का विकास कर सकते हैं। किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा से होती है। भाषा के विकास से राष्ट्र का विकास जुड़ा हुआ है। मुख्य वक्ता अनिल राय ने कहा कि आज के इस दौर में हिंदी नई चाल में चली भी और ढली भी है।

## सार्वजनिक सूचना

(दिवाला तथा दिवालिया संहिता, 2016 की धारा 102 (1) एवं (2) के अंतर्गत

### श्री अपूर्वा जोशी, शीन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के पर्सनल गारंटर के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

| | संबंधित विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | डेब्टर पर्सनल गारंटर का नाम | अपूर्वा जोगी, पुत्र जगदीश चन्द्र जोशी |
| 2. | डेब्टर पर्सनल गारंटर का पता | डी–169/56, सेक्टर 50, नोएडा, उ.प्र.–201301 |
| 3. | पर्सनल गारंटर के मामले में दिवाला शुरू होने की तिथि | 10.09.2024 (आदेश 13.09.2024 को प्राप्त हुई) |
| 4. | आदेश का विवरण तथा कॉर्पोरेट/डेब्टर/पर्सनल गारंटर्स के लिये दिवाला शुरू होने की तिथि | माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली, कोर्ट–IV द्वारा पारित आदेश तिथि 10.9.2024 जिसका IB807 (ND) 2021 है। |
| 5. | प्रस्ताव कर्मी के रूप में कार्यरत दिवाला कर्मी का नाम तथा पंजीकरण संख्या | सुरिन्दर बब्बर IBBI/IPA-001/IP/P-02534/2021-2022/13878 |
| 6. | बोर्ड में यथा पंजीकृत प्रस्ताव कर्मी का पता तथा ईमेल | पताः सी–13/54, सेन्टर 3, रोहिणी, दिल्ली–110085 ई–मेलः ip. surinderbabbar@gmail.com |
| 7. | प्रस्ताव कर्मी के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ई–मेल | ई–19/321, 1ला तल, सेक्टर 3, रोहिणी, दिल्ली–110085 irp.apoorvajoshi@gmail.com |
| 8. | दावे जमा करने की अंतिम तिथि | 06.10.2024 |
| 9. | संबंधित प्रपत्र जिसमें दावे जमा की जाएगी उपलब्ध हैः | भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट डेब्टर्स के पर्सनल गारंटर्स के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया विनियमन, 2019 का प्रपत्र बी वेब लिंक : https://www.ibbi.gov.in /home/down-loads |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली, पीठ IV ने " यूनियन बैंक ऑफ इंडिया" द्वारा दाखिल की गई आवेदन पर 10.9.2024 को अपूर्वा जोशी, पर्सनल गारंटर का दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

अपूर्ण जोशी, पर्सनल गारंटर के क्रेडीटरों को एतद्द्वारा निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्टि सं० 6 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्ताव कर्मी के पास प्रमाण के साथ अपने दावे जमा करें। क्रेडीटर्स इलेक्ट्रॉनिक संचार अथवा कूरिअर, स्पीड डाक अथवा पंजीकृत पत्र द्वारा दावे का विवरण भेजकर प्रस्ताव कर्मी के पास प्रमाण के साथ अपने दावे जमा करे। दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जायेगा।

सुरिन्दर बब्बर
प्रस्ताव कर्मी
अपूर्वा जोशी के मामले में
IBBI पंजी सं. : IBBI/IPA-001/IP-P-02534/2021-2022/13878
(एएफए की वैधता 08.11.2024 तक)

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 15.09.2024

---

फॉर्म नं. INC-26

[कंपनी (पंजीकरण) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को दिल्ली राज्य से महाराष्ट्र राज्य में स्थानांतरित करने के लिए अखबार में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

केंद्र सरकार के समक्ष
क्षेत्रीय निर्देशक, उत्तरी क्षेत्र
बी–2 विंग, द्वितीय मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, द्वितीय मंज़िल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप–धारा (4) और कंपनी (पंजीकरण) नियम, 2014 के नियम 30 की उप–नियम (5) के खंड (a) के संदर्भ में
और
वन ग्रुप लिमिटेड ("कंपनी")
CIN: U74999DL1984PLC018468
जिसका पंजीकृत कार्यालय है प्लॉट नं. 25 2 ब्लॉक बी बेसमेंट ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज–II, मोदी फ्लाईओवर के पास,
नई दिल्ली – 110 020 ..........अर्जीकर्ता

यह सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी केंद्र सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत एक आवेदन करने का प्रस्ताव कर रही है, ताकि 28 जून, 2024 को शुक्रवार को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि की जा सके, ताकि कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "दिल्ली राज्य" से "महाराष्ट्र राज्य" में स्थानांतरित किया जा सके।

जिस किसी व्यक्ति का हित इस प्रस्तावित पंजीकृत कार्यालय स्थानांतरण से प्रभावित हो सकता है, वह अपनी आपत्ति MCA–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फॉर्म दाखिल करके या पंजीकृत डाक द्वारा एक हलफनामे के साथ क्षेत्रीय निर्देशक, उत्तरी क्षेत्र, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003, दिल्ली के पते पर चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है, जिसका एक प्रति आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजा जाए।

पता: 'प्लॉट नं. 25 2 ब्लॉक बी बेसमेंट ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज–II, मोदी फ्लाईओवर के पास, नई दिल्ली – 110 020'

आवेदक की ओर से – वन ग्रुप लिमिटेड
हस्ताक्षर/–
सुमित फूलचंद शर्मा
(निर्देशक, DIN: 08436004)

तारीख: 15/09/2024
स्थान: दिल्ली

---

## Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

### कब्जा सूचना

सन्दर्भ : प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उपनियम (1) के तहत कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54) के तहत **होम फर्स्ट फाइनेंस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड** का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में अधोलिखित आप/कर्जदारों से सम्बन्धित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया देय का भुगतान करने के लिए कहते हुए नीचे वर्णित सम्बन्धित तिथियों पर मांग सूचनाएँ जारी की थीं। किन्तु आप सभी/कर्जदार निर्धारित समय के भीतर कथित बकायों का भुगतान करने में विफल रहे, अतः होम फर्स्ट फाइनेंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) एवं उसके तहत नियमों के साथ पठित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग एवं अधिकार से नीचे वर्णित प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा कर लिया है।

कर्जदार/सह–कर्जदार/जमानतियों द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदार/सह–कर्जदार/जमानतियों तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया है।

| क्र. सं. | कर्जदारों/सह–कर्जदारों/ जमानतियों के नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया (रु. में) | कब्जा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गोपाल गुप्ता– काजल कुमारी | फ्लैट–जी –2, प्लॉट नंबर 50, जयपुर विकास प्राधिकरण, जी –2 ग्राउंड फ्लोर पवनधाम – पांचवां, प्लॉट नंबर –50, लक्ष्मी नगर, कलवाड़ रोड, जयपुर (राजस्थान), जयपुर, 302012, सीमा – उत्तर में: प्लॉट नंबर 51, पूर्व में: 30–0 चौड़ा रोड कॉरिडोर, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 49, दक्षिण में: 30–0 चौड़ा रोड / फ्लैट नंबर जी –1 | 04-07-2024 | 19,71,103 | 10-09-2024 |
| 2. | गौरव माहेश्वरी– सपना माहेश्वरी | फ्लैट–प्लॉट नं. ९ए, खसरा नं. 543, शिवा स्मार्ट सिटी, प्लॉट नं. ९ए, खसरा नं. 543, शिवा स्मार्ट सिटी, ग्राम–छपरौला, परगना 8>तहसील–दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र., उत्तर प्रदेश,201005, सीमा – उत्तर में: रोड 21 चौड़ी, पूर्व में: प्लॉट नं. 9, पश्चिम में: प्लॉट नं. 10, दक्षिण में: प्लॉट नं. 22 | 04-07-2024 | 17,76,703 | 10-09-2024 |
| 3. | हेमन्त शर्मा, शिवदत्त, राजवती | एफएफ–01 सामने बाईं ओर, खसरा नं. 399. प्रेम विहार–III, गांव सादुल्लाबाद, लोनी गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102. सीमा:– उत्तर में: तजम्मुल का प्लॉट, पूर्व में: दूसरे का प्लॉट, पश्चिम में: रोड 20 चौड़ी, दक्षिण में: मार्कंडेय प्रजापति का प्लॉट | 04-07-2024 | 13,85,519 | 10-09-2024 |
| 4. | कैलाश चंद्र गुर्जर, सीता | फ्लैट–प्लॉट नं. 83, विक्रेता. प्लॉट नं. 83, खसरा नं. 3663, आसिंड़. भीलवाड़ा, राजस्थान, 311301. सीमाः उत्तर में: अन्य आराजी, दक्षिण में: सड़क 30 फीट, पूर्व में: प्लॉट नंबर 84, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 82 | 04-07-2024 | 19,47,325 | 10-09-2024 |
| 5. | कमल सिंह, कमली बाई | मकान–3271, पट्टा नंबर 3271, मिसल नंबर 21, खसरा नंबर 1487/1251, धनेश्वर, धनेश्वर, राजस्थान, 323022. सीमाः पूर्व में: पाचू भील का मकान, पश्चिम में: भावना भील का मकान, उत्तर में: सड़क, दक्षिण में: देवी लाल भील का मकान | 04-07-2024 | 17,20,257 | 10-09-2024 |
| 6. | कविता एन चौधरी, विमल चौधरी | फ्लैट–एफएफ–02, प्लॉट नंबर 98 और 99, खसरा नंबर 1587एमआई, खसरा नंबर 1590 मिन, राधा गार्डन हदबरास्त, गांव रईसपुर, परगना डासना, तहसील और जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201013 | 04-07-2024 | 7,39,121 | 10-09-2024 |
| 7. | लोकेन्द्र सिंह, रूप कंवर | मकान–48–ए,49–ए,योजना–सूरज नगर, दिल्ली बाई पास रोड नं.17 के पास आकेड़ा में, वीकेआई क्षेत्र,प्लॉट नं. 48–ए,49–ए,योजना सूरज नगर, दिल्ली बाई पास रोड नं.17 के पास आकेड़ा में, वीकेआई क्षेत्र, जयपुर, जयपुर, राजस्थान–302013 सीमाएं – पूर्व में: सड़क, पश्चिम में: अन्य प्लॉट, उत्तर में: प्लॉट नं. 50–ए, दक्षिण में: प्लॉट नं. 47–ए | 04-07-2024 | 12,01,967 | 10-09-2024 |
| 8. | लोकनाथ मीना, मीरा बाई | मकान–100, पट्टा नं. 100, मिसल नं. 68, खसरा नं. 137, रंगपुर, कोटा, राजस्थान–324002, सीमाएं : पूर्व : श्री राजेश मीना का मकान, पश्चिम : श्री सतीश कुमार मालव का मकान, उत्तर : रोड, दक्षिण : श्री हरी लाल मीना का मकान | 04-07-2024 | 9,72,909 | 10-09-2024 |
| 9. | लवकुश कुमार– भाग्यवती | मकान खसरा नं. 13, खसरा नं. 13, मकान नं. सी–132 वेक मौजावास विकास नारायण कुंज कॉलोनी, तहसील– काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड 244714, काशीपुर, उत्तराखंड–244713, सीमाएं : – पूर्व में: मकान नंबर सी–113 (4.62 मीटर), पश्चिम में: रोड 5.90 चौड़ा (4.62 मीटर), उत्तर में: मकान नंबर सी–131 (6.93 मीटर), दक्षिण में: मकान नंबर सी–133 (6.93 मीटर)। | 04-07-2024 | 14,06,688 | 10-09-2024 |
| 10. | मंगल सिंह नरूका, ममता देवी | मकान –259, गोवर्धन धाम–III, खोरी रोड, लूनियावास, जयपुर, राजस्थान, 302019। सीमा:– उत्तर:– प्लॉट नं. 260, पूर्व:– 30'-0" चौड़ी सड़क, पश्चिम:– अन्य का प्लॉट, दक्षिण:– प्लॉट नं. 258 | 04-07-2024 | 16,37,091 | 10-09-2024 |
| 11. | मोहम्मद मोहिदुल गाजी, रिना बीबी गाजी,सुनीता | फ्लैट–एमआईजी यूजीएफ–3, प्लॉट नं. डी–26, गंगा विहार, ऊपरी तल, पीछे की ओर, प्लॉट नं. डी–26, गंगा विहार, गांव सादुल्लाबाद. परगना और तहसील लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 201102. सीमाः उत्तरः सड़क 30 चौड़ी, पूर्वः प्लॉट नं. डी–27, पश्चिमः प्लॉट नं. डी–25, दक्षिणः अन्य का प्लॉट. | 04-07-2024 | 17,93,876 | 10-09-2024 |
| 12. | नितिन गौतम, प्रियंका, लेख सिंह | मकान–खसरा नं. 319, खसरा नं. 319, गांव–सिहानी परगना–लोनी तहसील और जिला–गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, पुरानी आबादी गांव सिहानी में, खसरा नं. 319, गांव–सिहानी परगना–लोनी तहसील और जिला–गाजियाबाद यू.पी., गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201003, सीमा – उत्तर में: अन्य प्लॉट, दक्षिण में: संतोष की संपत्ति, पूर्व में: 15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में: अन्य प्लॉट। | 04-07-2024 | 9,04,572 | 10-09-2024 |
| 13. | प्रकाश चंद, मुकेश कुमार | प्लॉट–48, प्लॉट नंबर 48, स्कीम– गुण सागर इस्तफातपुरा रोड, जेडीए स्कीम के पास, वाटिका रोड, जयपुर, राजस्थान–302029। सीमा – पूर्व में: रोड 30, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 47, उत्तर में: रोड 30, दक्षिण में: प्लॉट नंबर 49 | 04-07-2024 | 8,19,131 | 10-09-2024 |
| 14. | प्रशांत शर्मा, विकास शर्मा, गीता शर्मा | प्लॉट– 25ए, प्लॉट नंबर 25ए, खसरा नंबर 401, प्लॉट नंबर 25ए, खसरा नंबर 401, सीमा – उत्तर में: प्लॉट नं. 10, पूर्व में: प्लॉट नं. 25, पश्चिम में: प्लॉट नं. 24, दक्षिण में: 20 फीट चौड़ी रोड। | 04-07-2024 | 10,20,574 | 10-09-2024 |
| 15. | प्रेम चंद शर्मा, अजय कुमार शर्मा, विष्णु कुमार शर्मा, 988 | मकान–प्लॉट नं. 116, श्याम वाटिका, ग्राम–हीरापुरा, लूनियावास, जयपुर, श्याम वाटिका ग्राम–हीरापुरा, लूनियावास, जयपुर, जयपुर, राजस्थान, 303608, सीमा – पूर्व में: रोड 30, पश्चिम में: प्लॉट नं. 123, उत्तर में: प्लॉट नं. 117, दक्षिण में: प्लॉट नं. 115 | 04-07-2024 | 15,42,751 | 10-09-2024 |
| 16. | राजू–उषा | मकान–खसरा नं. 1806, प्लॉट नं. 345, कृष्णा एन्क्लेव, गांव धूम मानिकपुर, परगना और तहसील दादरी, डिश. गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 203207. सीमा:– उत्तर:– प्लॉट नं. 346, पूर्व:– अन्य की संपत्ति, पश्चिम:– रोड 20 चौड़ी, दक्षिण:– प्लॉट नं. 344 | 04-07-2024 | 6,46,646 | 10-09-2024 |
| 17. | रामकिशन गुर्जर– कृष्णा देवी गुर्जर | प्लॉट नं. –148, स्कीम – गोकुल धाम, रिंग रोड के पास, गांव खेड़ी गोपालपुरा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान–303905. सीमा:– उत्तर:– प्लॉट नं. 149, पूर्व:– प्लॉट नं. 137, पश्चिम:–30'0" चौड़ी सड़क, दक्षिण:– प्लॉट नं. 147 | 04-07-2024 | 4,73,724 | 10-09-2024 |
| 18. | सचिन, नितिन कुमार, आकाश कुमार | मकान–खसरा नंबर 331/3एम, खसरा नंबर 331/3 मिन, गाँव कचनाल गजी, तहसील काशीपुर, उधम सिंह नगर, काशीपुर, उत्तराखंड–244713, सीमाएं – पूर्व में: 18 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में: खाली प्लॉट (पीयूष), उत्तर में: खुला प्लॉट (सुधीर कुमार), दक्षिण में: विधि अग्रवाल का मकान। | 04-07-2024 | 4,40,795 | 10-09-2024 |
| 19. | शानू, सविता पथरिया | प्लॉट नंबर डी–43 एनपी सानू, प्लॉट नंबर डी–43 का उत्तरी भाग, स्कीम रॉयल सिटी, माचवा, कलवार रोड, जयपुर, राजस्थान, 302012, सीमाएं:– पूर्व:– प्लॉट नंबर डी 30, पश्चिम:– सड़क 30 फीट, उत्तर:– प्लॉट नंबर डी 44, दक्षिण:– प्लॉट नंबर डी43 दक्षिण भाग | 04-07-2024 | 25,94,735 | 10-09-2024 |
| 20. | शिवम चौहान, विनेश कुमार, निखिल सांगवान | फ्लैट–एसएफ 4, दूसरी मंजिल (पीछे बाईं ओर) प्लॉट नंबर 272 और 273, खसरा नंबर 1529, बालाजी एन्क्लेव कॉलोनी, गाँव रईसपुर, परगना डासना, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 201002। सीमा – उत्तर में: प्लॉट नंबर 271, पूर्व में: रोड 20 फीट, पश्चिम में: अन्य प्लॉट, दक्षिण में: अन्य प्लॉट। | 04-07-2024 | 7,45,533 | 10-09-2024 |
| 21. | सोनू–हाजरा, सोहिल, रिजवान | प्लॉट नंबर 45 और 46, ब्लॉक–बी, खसरा नंबर। 1342, शिव वाटिका सिटी–4, गांव डूम मानिकपुर, परगना एवं तहसील– दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 203207, सीमाएं:– उत्तर:–17 चौड़ी सड़क, पूर्व:– प्लॉट नंबर 47, पश्चिम:– रोड 22 चौड़ी, दक्षिण:– प्लॉट नंबर 43 और 44 | 04-07-2024 | 12,65,730 | 10-09-2024 |
| 22. | उजमा–,आरिफ | फ्लैट–खसरा सं. 170 मिन, रघुनाथपुर, उज्मा, कृष्ण वाटिका फेज 1,खसरा 170 गांव जलालपुर रघुनाथपुर कृष्ण वाटिका फेज 1 मोदीनगर गाजियाबाद, मोदीनगर, उत्तर प्रदेश, 201204, सीमाएं– उत्तरः अनीश का प्लॉट, दक्षिणः गुलजार अहमद का प्लॉट, पूर्वः अन्य प्लॉट, पश्चिमः 16 फीट चौड़ी सड़क। | 04-07-2024 | 14,31,670 | 10-09-2024 |
| 23. | उर्मिला, अमन | पट्टा संख्या 9700, मिसल संख्या 107/2022–23, खसरा संख्या 1795/988, डाबी, राजस्थान, 323022, सीमा:– उत्तर:– रोड, पूर्व:– नारायण सुंधिया का मकान, पश्चिम:– सुनीता यादव का मकान, दक्षिण:– रविन्द्र यादव का मकान | 04-07-2024 | 4,57,662 | 10-09-2024 |
| 24. | विजय प्रकाश, विक्रम सिंह | मकान–654(डी), नारायण विहार 'ओ', फेज 05, असरपुरा/गणपतपुरा/भांकरोटा अजमेर रोड, जयपुर, जयपुर, राजस्थान, 302026, सीमाएं – पूर्व में: प्लॉट नंबर 665, पश्चिम में: 30 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर में: प्लॉट नंबर 653, दक्षिण में: प्लॉट नंबर 655। | 04-07-2024 | 25,48,414 | 10-09-2024 |
| 25. | वीरेन्द्र कुमार, वीणा देवी, पूजा वीरेन्द्र, | फ्लैट–तीसरी मंजिल प्लॉट नंबर 20, पीछे की तरफ छत के अधिकार के साथ संपत्ति नंबर आरजेड–20, गली नंबर 5, खसरा नंबर 290,, पश्चिम सागरपुर कॉलोनी, गांव नसीरपुर, नई दिल्ली 110046 | 10-04-2022 | 16,56,851 | 09-09-2024 |

कर्जदार के राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण, एतद्वारा कर्जदार/जमानती तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति पर उपर्युक्त तिथि पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार/जमानती को तथा जनसामान्य को उपर्युक्त सन्दर्भित सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्तियों अथवा उसके किसी भाग के साथ संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार यहां ऊपर उल्लिखित सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध उल्लिखित राशि के लिए होम फर्स्ट फाइनेंस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड के प्रभार का विषय होगा जो पूर्ण भुगतान तक उस पर भावी ब्याज के साथ देय होगा।

प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उन्हें उपलब्ध समय–सीमा के परिप्रेक्ष्य में कर्जदारों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

स्थान : रा.रा.क्षे., राजस्थान,
तिथि : 15.09.2024

अधिकृत प्राधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कम्पनी इण्डिया लिमिटेड

---

## SUPRAJIT ENGINEERING LIMITED

**Corporate Identification Number (CIN):** L29199KA1985PLC006934
**Registered Office:** No.100 & 101, Bommasandra Industrial Area, Bengaluru, Karnataka, 560099
**Tel No.:** 080-43421100, **Fax No.:** 080-27833279,
**Contact Person:** Mr. Medappa Gowda Jantikapu, CFO, Company Secretary and Compliance Officer **Email:** investors@suprajit.com | **Website:** www.suprajit.com

### POST BUYBACK PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS / BENEFICIAL OWNERS OF EQUITY SHARES OF SUPRAJIT ENGINEERING LIMITED

This post buyback public announcement ("**Post Buyback Public Announcement**") is being made in accordance with Regulation 24(vi) and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Buy-Back of Securities) Regulations, 2018, as amended (**"Buyback Regulations"**) regarding completion of the Buyback. This Post Buyback Public Announcement should be read in conjunction with the public announcement dated August 17, 2024, published on August 19, 2024 ("**Public Announcement**"), the letter of offer dated August 29, 2024 along with form of acceptance cum acknowledgement **("Tender Form")** and share transfer form (Form SH-4) ("**Letter of Offer**"). Unless specifically defined herein, all capitalised terms and abbreviations used herein shall have the same meaning as ascribed to them in the Letter of Offer.

1. **THE BUYBACK**

1.1. Suprajit Engineering Limited ("**Company**") had announced the buyback of up to 15,00,000 (Fifteen Lakhs) fully paid-up equity shares of the Company having the face value of ₹1/- each (Rupees Two only) ("**Equity Shares**"), representing 1.08% of the total number of issued and paid up Equity Shares of the Company, from all the Equity Shareholders/beneficial owners of the Company who holds Equity Shares as on record date i.e. Tuesday, August 27, 2024 ("**Record date**"), on a proportionate basis, through the tender offer route using stock exchange mechanism ("**Tender Offer**") at a price of ₹750/- (Rupees Seven Hundred Fifty Only) per Equity Share ("**Buyback Price**") for an aggregate maximum amount not exceeding ₹112,50,00,000/- (Rupees One Hundred Twelve Crore Fifty Lakh Only) ("**Buyback Size**") excluding filing fees payable to the SEBI, advisors' fees, stock exchanges fee for usage of their platform for Buyback, transaction costs viz. brokerage, applicable taxes inter alia including Buyback tax, securities transaction tax, GST, stamp duty, public announcement publication expenses, printing and dispatch expenses and other incidental and related expenses ("**Transaction Cost**") which represents up to 9.37 % of the fully paid-up equity share capital and free reserves (including securities premium) as per latest audited Standalone balance sheet of the Company for the financial year ended March 31, 2024 and up to 9.53 % of the fully paid-up equity share capital and free reserves (including securities premium) as per latest audited consolidated balance sheet of the Company for the financial year ended March 31, 2024 of the Company (the "**Audited Financial Statements**").

1.2. The Company had adopted the Tender Offer route for the purpose of Buyback. The Buyback was implemented through the "*Mechanism for acquisition of shares through Stock Exchange*", as provided under the SEBI Buyback Regulations and circular no. CIR/CFD/ POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 read with circular no. CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 09, 2016, circular no. SEBI/HO/CFD/DCR-III/CIR/P/2021/615 dated August 13, 2021 and circular SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/35 dated March 08, 2023, issued by the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**"). For the purposes of the Buyback, BSE Limited was the designated stock exchange.

1.3. The Buyback Opening Date was September 02, 2024, and the Buyback Closing Date was September 06, 2024.

2. **DETAILS OF THE BUYBACK**

2.1 15,00,000 (Fifteen Lakhs) Equity Shares were bought back pursuant to the Buyback, at a price of ₹750/- (Rupees Seven Hundred Fifty Only) per Equity Share.

2.2 The total amount utilized in the Buyback was ₹112,50,00,000/- (Rupees One Hundred Twelve Crores Fifty Lakhs Only) excluding Transaction Costs.

2.3 The Registrar to the Buyback i.e., Integrated Registry Management Services Private Limited ("**Registrar**"), considered a total of **50,193** valid bids for **1,06,87,482** Equity Shares in response to the Buyback resulting in the subscription of approximately **7.12** times the maximum number of Equity Shares proposed to be bought back. The details of the valid bids considered by the Registrar are as follows:

| Category | Number of Equity Shares reserved in the Buyback | Number of valid bids | Total Equity Shares validly Tendered | Response (times) |
|---|---|---|---|---|
| Reserved Category for Small Shareholders | 2,25,000 | 47,688 | 11,35,430 | 5.05 |
| General Category for all other Eligible Shareholders | 12,75,000 | 2,505 | 95,52,052 | 7.49 |
| **Total** | **15,00,000** | **50,193** | **1,06,87,482** | **7.12** |

2.4 All valid bids were considered for the purpose of Acceptance in accordance with the Buyback Regulations, Public Announcement and the Letter of Offer. The communication of acceptance / rejection has been dispatched by the Registrar, via email, to the relevant Eligible Shareholders (who have their email IDs registered with the Company/Registrar or the depositories) on September 13, 2024. In cases where email IDs were not registered with the Company/ Registrar or depositories, physical letters of acceptance / rejection has been dispatched to the Eligible Shareholders by the Registrar and the same has been completed on September 13, 2024. Further where the emails bounced back, the dispatch for the same shall be completed by the Registrar on or before September 16, 2024.

2.5 The settlement of all valid bids was completed by Indian Clearing Corporation Limited and the National Securities Clearing Corporation (collectively referred to as the "Clearing Corporations") on September 13, 2024. Clearing Corporations have made direct funds pay-out to Eligible Shareholders whose Equity Shares have been accepted under the Buyback. If bank account details of any Eligible Shareholders were not available or if the funds transfer instruction was rejected by the Reserve Bank of India / relevant bank(s), due to any reasons, then the amount payable to the concerned shareholder was transferred to the Seller Member for onward transfer to their respective shareholders holding Equity Shares in dematerialized form.

2.6 Demat Shares accepted under the Buyback were transferred to the Company's Demat Account on September 13, 2024. The unaccepted Demat Shares have been returned to respective Eligible Shareholders / Shareholders brokers / custodians and lien has been removed by Clearing Corporations on September 13, 2024.

2.7 The extinguishment of 15,00,000 (Fifteen Lakhs) demat Equity Shares accepted under the Buyback, is currently under process and shall be completed in accordance with the Buyback Regulations on or before September 24, 2024.

3. **CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN**

3.1 The capital structure of the Company before and after the completion of the Buyback is set forth below: (₹ in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Pre Buyback* | Post Buyback# |
|---|---|---|---|
| 1. | Authorized Share Capital: | | |
| | 85,00,00,000 Equity Shares of ₹1/- each | 85,00,00,000 | 85,00,00,000 |
| | **Total** | | |
| 2. | Issued, Subscribed and Paid-up Capital: | | |
| | 13,85,69,385 Equity Shares of ₹1/- each | 13,85,69,385 | |
| | 13,70,69,385 Equity Shares of ₹1/- each | | 13,70,69,385 |

** As on the date of the Record date i.e. August 27, 2024.*

*# Subject to extinguishment of 15,00,000 Equity Shares.*

3.2 Details of Eligible Shareholders from whom Equity Shares exceeding 1% of the total Equity Shares bought back under the Buyback are as under:

| Sr. No. | Name Of Shareholder | Number Of Equity Shares Accepted Under The Buyback | Equity Shares Accepted As a % Of Total Equity Shares Bought Back | Equity Shares Accepted As a % Of Total Post Buayback Equity Capital Of The Company# |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HDFC SMALL CAP FUND | 1,14,507 | 7.63 | 0.08 |
| 2 | DSP SMALL CAP FUND | 99,109 | 6.61 | 0.07 |
| 3 | KULA AJITH KUMAR RAI | 37,025 | 2.47 | 0.03 |
| 4 | SUPRIYAJITH FAMILY TRUST | 5,01,215 | 33.41 | 0.37 |
| 5 | INDIA CAPITAL FUND LTD | 30,969 | 2.06 | 0.02 |
| 6 | KULA RAMPRASAD RAI | 17,328 | 1.16 | 0.01 |
| 7 | SUPRIYA AJITKUMAR RAI | 16,572 | 1.10 | 0.01 |
| 8 | SAMIHA GREWAL MISHRA | 15,674 | 1.04 | 0.01 |
| 9 | EMERGING SECURITIES PVT LTD | 13,493 | 0.90 | 0.01 |

*# Subject to extinguishment of 15,00,000 Equity Shares*

3.3 The shareholding pattern of the Company before (as on Record Date i.e. Tuesday, August 27, 2024) and after completion of the Buyback is set out below:

| Category of shareholder | Pre-Buyback | | Post Buy Back# | |
|---|---|---|---|---|
| | Number of Shares | % to the existing Equity Share Capital | Number of Shares | % to the existing Equity Share Capital |
| Promoter | 6,17,74,277 | 44.58 | 6,11,85,250 | 44.64 |
| Foreign Investors (including Non-Resident Indians, FIIs, FPIs and Foreign Mutual Funds | 1,25,90,764 | 9.09 | 1,24,30,725 | 9.07 |
| Financial Institutions/ Banks/ Mutual Funds promoted by Banks/ Institutions | 2,38,05,097 | 17.18 | 2,35,62,938 | 17.19 |
| Other (public, bodies corporate etc.) | 4,03,99,247 | 29.15 | 3,98,90,472 | 29.10 |
| **Total** | **13,85,69,385** | **100.00** | **13,70,69,385** | **100.00** |

*# Subject to extinguishment of 15,00,000 Equity Shares.*

4. **MANAGER TO THE BUYBACK**

FINSHORE
Creating Enterprise Managing Values

**Finshore Management Services Limited**
Anandlok Building, Block-A, 2nd Floor, Room No. 207,227 A.J.C Bose Road, Kolkata-700020, West Bengal, India
**Tel. No.:** 033 – 2289 5101 / 4603 2561;
**Contact Person:** Mr. S. Ramakrishna Iyengar;
**Email:** info@finshoregroup.com;
**Website:** www.finshoregroup.com;
**SEBI Registration No:** INM000012185;
**Validity:** Permanent
**CIN:** U74900WB2011PLC169377

5. **DIRECTORS' RESPONSIBILITY**

In terms of Regulation 24(i)(a) of the Buyback Regulations, the Board of Directors accepts responsibility for all the information contained in this Post-Buyback Public Announcement and confirms that it contains true, factual and material information and does not contain any misleading information.

*For and on behalf of the Board of Directors of*
**Suprajit Engineering Limited**

| Sd/- | Sd/- | Sd/- |
|---|---|---|
| **Kula Ajith Kumar Rai** | **Mohan Srinivasan Nagamangala** | **Medappa Gowda Jantikapu** |
| **Chairman and Executive Director** | **Managing Director** | **CFO, Company Secretary & Compliance Officer** |
| **DIN: 01160327** | **DIN: 01916468** | **M. No: 4111** |

**Date :** September 14, 2024
**Place :** Bengaluru

कल्पमेधा

*संस्कृति के नैतिक विकास का सबसे ऊंचा स्तर तब आता है, जब हम अपने विचारों को नियंत्रित करना सीख लें।*
*- चार्ल्स डार्विन*

# चांद का काला चेहरा



दूसरी नजर

पी चिदंबरम

**मणिपुर संदेह, छल और जातीय संघर्ष के जाल में फंसा हुआ है। मणिपुर में शांति बनाए रखना और सरकार चलाना कभी आसान नहीं था। भाजपा द्वारा संचालित केंद्र सरकार की लापरवाही और राज्य सरकार की अक्षमता के कारण यह अकल्पनीय रूप से बदतर हो गया है।**

पिछले स्तंभों को पलटते हुए, देखा कि मणिपुर के बारे में मैंने ज्यादा नहीं लिखा है, इसके लिए खुद को कोसा। मैंने आखिरी बार 30 जुलाई, 2023 को मणिपुर पर लिखा था। अब उसे तेरह महीने से ज्यादा हो गए हैं। यह अक्षम्य है। यह उन सभी भारतीयों के लिए भी बिल्कुल माफ करने लायक नहीं है, जिन्होंने मणिपुर को अपनी सामूहिक चेतना के सबसे गहरे अंधेरे कोने में दबा दिया है।

जब मैंने पिछले वर्ष लिखा था, तो संकेत अशुभ थे। मैंने कहा था, 'यह नस्ली सफाए की शुरुआत है'। मैंने कहा था 'आज, मुझे जो भी रपटें मिली हैं या पढ़ी हैं, उनमें इंफल घाटी में व्यावहारिक रूप से कोई कुकी-जोमी नहीं रह गया है और कुकी-जोमी के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में कोई मैतेई नहीं बचा है'। मैंने कहा था कि 'मुख्यमंत्री और उनके मंत्री अपने घर से दफ्तर के काम करते हैं और प्रभावित क्षेत्रों की यात्रा नहीं करते या नहीं कर सकते हैं'। मैंने यह भी कहा था कि 'कोई भी जातीय समूह मणिपुर पुलिस पर भरोसा नहीं करता' और 'कोई भी हताहतों की आधिकारिक संख्या पर विश्वास नहीं करता है'।

## कठघरे में तीन

मैंने जो कुछ लिखा था, दुर्भाग्य से उसका एक एक शब्द सच साबित हुआ। संसदीय लोकतंत्र में, मणिपुर की इस दुखद स्थिति के लिए, एक या उससे अधिक सत्ताधीशों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। यहां तीन ऐसे लोग का जिक्र जरूरी है, जो सत्ता में हैं-

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीः उन्होंने संकल्प लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे मणिपुर का दौरा नहीं करेंगे। उनका रवैया ऐसा लगता है कि 'मणिपुर को जलने दो, मैं मणिपुर की धरती पर कदम नहीं रखूंगा'। 9 जून, 2024 को अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद से, प्रधानमंत्री ने इटली (13-14 जून), रूस (8-9 जुलाई), आस्ट्रिया (10 जुलाई), पोलैंड (21-22 अगस्त), यूक्रेन (23-24 अगस्त), ब्रुनेई (3-4 सितंबर) और सिंगापुर (4-5 सितंबर) की यात्रा करने का समय निकाला। 2024 के बाकी बचे महीनों के लिए भी उनके कार्यक्रम तय हैं, जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, लाओस, समोस, रूस, अजरबैजान और ब्राजील की यात्राएं शामिल हैं। इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा, समय या ऊर्जा की कमी के कारण नहीं, बल्कि इसलिए नहीं किया है, क्योंकि वे इस बदकिस्मत राज्य का दौरा करना ही नहीं चाहते हैं।

मणिपुर का दौरा करने से उनका इनकार, उनकी जिद का सबूत है। गुजरात दंगों, सीएए विरोधी प्रदर्शनों और तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शनों के दौरान भी हमें इसकी झलक मिली थी और तब भी जब उन्होंने अपने मंत्रियों को संसद के दोनों सदनों में सभी स्थगन प्रस्तावों का विरोध करने का निर्देश दिया था- चाहे वह कोई भी जरूरी मामला रहा हो।

गृहमंत्री अमित शाहः मणिपुर के शासन से जुड़े हर पहलू पर उनके निर्देश शामिल होते हैं, चाहे वह राज्य सरकार में वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति से जुड़ा मामला हो या सुरक्षा बलों की तैनाती का। वे मणिपुर सरकार का हिस्सा हैं। उनके कार्यकाल में हिंसा तेजी से बढ़ी है। मणिपुर के लोग सिर्फ बंदूकों और बमों से एक-दूसरे से नहीं लड़ रहे हैं। स्वतंत्र भारत में पहली बार राकेट और हथियारबंद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। पिछले एक हफ्ते में दो जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है, स्कूल और कालेज बंद कर दिए गए हैं, पांच जिलों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है और इंफल की सड़कों पर पुलिस छात्रों से लड़ रही है। मणिपुर में पहले से तैनात 26,000 कर्मियों को मजबूत करने के लिए सीआरपीएफ की दो और बटालियन (2000 पुरुष और महिलाएं) भेजी गई हैं।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंहः वे अपनी ही बनाई जेल में बंदी हैं। वे और उनके मंत्री इंफल घाटी में भी कहीं नहीं जा पा रहे हैं। कुकी-जोमी उनसे नफरत करते हैं। मैतेई लोगों ने सोचा था कि वे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, लेकिन उनकी पूरी तरह से विफलता ने उन्हें मणिपुर में सबसे अलोकप्रिय व्यक्ति बना दिया है, जिसमें मैतेई भी शामिल हैं। प्रशासन का कोई नामोनिशान नहीं है। उनका अयोग्य और पक्षपातपूर्ण शासन नागरिक अशांति का कारण बना। अब वे खुद एक समस्या हैं और सभी पक्षों के लिए उकसावे का कारण बन रहे हैं। उन्हें कई महीने पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। उनका पद पर बने रहना मोदी साहब और शाह साहब के निरंकुश, कभी अपनी गलती न मानने वाले रवैये को दर्शाता है।

## वास्तव में विभाजित

मणिपुर वास्तव में दो राज्य है। चूड़ाचांदपुर, फेरजवाल और कांगपोकपी जिले पूरी तरह से कुकी लोगों के नियंत्रण में हैं, और तेंग्नौपाल जिला (जिसमें सीमावर्ती शहर मोरेह भी शामिल है) जिसमें कुकी-जोमी और नगा की मिश्रित आबादी है, व्यावहारिक रूप से कुकी-जोमी के नियंत्रण में है। कुकी-जोमी एक अलग प्रशासन चलाते हैं। कुकी-जोमी नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी मैतेई सरकारी कर्मचारी नहीं है; वे घाटी के जिलों में बसे हुए हैं। कुकी-जोमी ऐसे राज्य का हिस्सा नहीं बनना चाहते, जहां मैतेई बहुमत में हों (60 सदस्यों वाले सदन में 40 विधायक)। मैतेई मणिपुर की पहचान और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना चाहते हैं। समुदायों के बीच दुश्मनी का स्तर बहुत ऊंचा और गहरा है।

किसी के बीच कोई बातचीत नहीं है- सरकार और जातीय समूहों के बीच या मैतेई और कुकी-जोमी के बीच। नगा लोगों की केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ अपनी ऐतिहासिक शिकायतें हैं और वे मैतेई बनाम कुकी-जोमी संघर्ष में उलझना नहीं चाहते।

## कहीं कोई रोशनी नहीं

मणिपुर संदेह, छल और जातीय संघर्ष के जाल में फंसा हुआ है। मणिपुर में शांति बनाए रखना और सरकार चलाना कभी आसान नहीं था। भाजपा द्वारा संचालित केंद्र सरकार की लापरवाही और राज्य सरकार की अक्षमता के कारण यह अकल्पनीय रूप से बदतर हो गया है। भारत के प्रधानमंत्री को शायद यह एहसास हो गया है कि संघ के एक राज्य, मणिपुर की उनकी यात्रा चंद्रमा के अंधेरे पक्ष की यात्रा जितनी खतरनाक होगी।

# कभी चुप भी रहें



वक्त की नब्ज

तवलीन सिंह

**देशद्रोह का आरोप इतनी आसानी से लगाते हैं मोदी भक्त कि जैसे राष्ट्रवाद का ठेका लेने का अधिकार सिर्फ उनको है। सोचने की तकलीफ नहीं करते हैं ये लोग कि उनको किसी ने हक नहीं दिया है फैसला करने का कि देशद्रोही कौन हैं और देशभक्त कौन। गांधी परिवार को निशाना काफी दिनों से बनाए रखा है मोदी भक्तों ने, लेकिन हाल में मैंने देखा है कि उनकी इस मुहिम में एक नई चीज दिखने लगी है : घबराहट।**

कभी-कभी समझना मुश्किल है कि राहुल गांधी मदद करते हैं मोदी सरकार की या मोदीजी के मंत्री मदद कर रहे हैं राहुल गांधी की। बात कर रही हूं नेता प्रतिपक्ष की हाल में हुई विदेश यात्रा की। राहुल गांधी अक्सर जब विदेश गए हैं पिछले दस वर्षों में, कुछ न कुछ ऐसी बात कर आते हैं, जो भारतीय जनता पार्टी उनके खिलाफ इस्तेमाल करती है। पिछले दौरों में उन्होंने कई उल्टी-सीधी बातें कही हैं, जैसे कि भारत में लोकतंत्र समाप्त हो चुका है और इसको दुबारा जीवित करने के लिए पश्चिमी लोकतांत्रिक राजनेताओं की मदद चाहिए। इस बार उनकी पहली विदेश यात्रा थी बतौर नेता प्रतिपक्ष, इसलिए मैंने सोचा समझदारी से बातें करेंगे। मिलेंगे ऐसे लोगों से, जो भारत के दुश्मन न हों, ताकि उनके दौरे का गंभीरता से विश्लेषण हो देश में।

ऐसा सोचा था मैंने, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मालूम नहीं क्या है विदेश की हवा-पानी में कि राहुल गांधी पर असर ऐसा होता है कि उल्टी-सीधी बातें फौरन करना शुरू कर देते हैं। इस बार उन्होंने पहले तो सिखों के बारे में कहा कि उनको भारत में साफा और कड़ा पहनने का अब अधिकार नहीं है। एक तो ये सरासर झूठ है, ऊपर से उन्होंने इस बात को कहकर कनाडा में बसे खालिस्तानी अलगावादियों के दिल इतने खुश किए कि उन्होंने उनकी बातों से खुल कर सहमति जताई। अपने देश में नतीजा यह हुआ कि भाजपा के बड़े नेताओं ने फौरन याद दिलाया गांधी परिवार के इस वारिस को कि सिखों के साथ अत्याचार अगर कभी हुआ था, तो उनके पिताजी के दौर में, जब हजारों सिखों ने अपनी जान गंवाई थी, ऐसे हत्यारों के हाथों जो कांग्रेस पार्टी के जाने-पहचाने कार्यकर्ता थे। जो हुआ, कोई दंगा नहीं था। दंगा होता तो कम से कम एक हिंदू मिलता मरनेवालों में। जनसंहार था और इस जनसंहार को राहुल जी के पिताश्री ने जायज ठहराया यह कहकर कि 'बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है'। यानी इंदिरा गांधी की हत्या के बाद ऐसा होना ही था।

आगे राहुलजी ने यह भी कहा कि हाल में हुए लोकसभा चुनावों में धांधली न हुई होती तो भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह हारी होती। इतना तो सोच लिया होता राहुल गांधी ने कि धांधली करनी थी अगर नरेंद्र मोदी को तो इतना तो गारंटी करते कि पूर्ण बहुमत मिले तीसरी बार। यहां भी नहीं रुके कांग्रेस के आला नेता। आगे यह भी कह डाला अमेरिका में कि भारत की नब्बे फीसद आबादी का हाल इतना बुरा है कि आगे बढ़ने के अवसरों से वंचित रहते हैं जातिवाद के कारण। अपने इस सबसे पसंदीदा विषय पर बोलने के बाद उन्होंने अपनी फोटो खिंचवाई इल्हान उमर नाम की एक अश्वेत, मुसलिम सांसद के साथ, जो बार-बार स्पष्ट कर चुकी हैं कि उसकी नजर में भारत में मुसलमानों के साथ इतना जुल्म होता है कि अमेरिका को हमारे साथ रिश्ता तोड़ना चाहिए। यानी राहुल गांधी ने अपने पांव पर कुल्हाड़ी इतनी बार मारी पिछले दिनों कि किसी और को हथियार उठाने की जरूरत ही नहीं थी।

पलटवार करने में लेकिन मोदी के मंत्री इतने उतावले रहते हैं कि गृहमंत्री का बयान आया पिछले सप्ताह जिसमें राहुल गांधी की बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। राहुल गांधी ने कहा था एक सवाल का जवाब देते हुए कि जातियों के आधार पर आरक्षण तभी समाप्त किया जाएगा जब भारत में हर जाति को बराबर के अवसर मिलने शुरू होंगे। इस पर गृहमंत्री जी ने कहा कि साबित हो गया है कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण विरोधी है। कैसे इस बात को कही उन्होंने, समझना मुश्किल है इसलिए कि पिछले कुछ महीनों से राहुल ने अपने आप को पिछड़ी जातियों के मसीहा के रूप में पेश किया है।

जब मोदी के वरिष्ठ मंत्री इस तरह के बयान देते हैं, तो देर नहीं लगती है छुटभैयों को हल्ला मचाने में। सोशल मीडिया पर भाजपा की ट्रोल सेना हावी हो गई यह साबित करने में कि राहुल गांधी देशद्रोही हैं। देशद्रोह का आरोप इतनी आसानी से लगाते हैं मोदी भक्त कि जैसे राष्ट्रवाद का ठेका लेने का अधिकार सिर्फ उनको है। सोचने की तकलीफ नहीं करते हैं ये लोग कि उनको किसी ने हक नहीं दिया है फैसला करने का कि देशद्रोही कौन हैं और देशभक्त कौन। गांधी परिवार को निशाना काफी दिनों से बनाए रखा है मोदी भक्तों ने, लेकिन हाल में मैंने देखा है कि उनकी इस मुहिम में एक नई चीज दिखने लगी है : घबराहट। दिखने लगी मुझे घबराहट पहली बार, जब लोकसभा के परिणाम ऐसे आए कि 'चार सौ पार' तो दूर की बात, तीन सौ पार भी सपना बन कर रह गया।

अब घबराहट इतनी ज्यादा दिखने लगी है मोदी के मंत्रियों और भक्तों में कि ऐसा कहना जरूरी हो गया है कि उनको वास्तव में राहुल गांधी से खतरा दिखने लगा है। अभी तक तो आसानी से कहते फिरते थे ये लोग कि गांधी परिवार के वारिस सिर्फ पप्पू हैं और भविष्य में भी पप्पू ही रहेंगे। लेकिन पप्पू शब्द इन दिनों कम सुनाई देता है। घबराहट इसमें भी दिखती है कि राहुल गांधी के हर बयान को खंडन करने पूरी फौज खड़ी हो जाती है भक्तों की। जैसे कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला एक ही व्यक्ति है और वह है राहुल। शायद यह बात सच भी है, लेकिन जिस तरह से उनको बदनाम करने में लग जाते हैं मोदी के समर्थक, उससे फायदा राहुल गांधी का होता है ज्यादा, मोदी का कम। राहुल गांधी अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने में इतने माहिर हैं कि जरूरत ही नहीं है किसी और को वार करने की। मोदी भक्तों को एक पूर्व भक्त से सुझावः कभी-कभी चुप रहना बेहतर होता है।

# बुद्धि और विवेक का समन्वय



शिक्षा

जगमोहन सिंह राजपूत

**ज्ञान का सदुपयोग करने की क्षमता प्राप्त करने के लिए बुद्धि और विवेक का प्रश्रय अवश्य लेना होगा। जिस कालखंड में आधुनिक विज्ञान में ज्ञान प्राप्ति की पराकाष्ठा थी, परमाणु विखंडन से ऊर्जा प्राप्त करने में सफलता पाना, वह मिली, लेकिन उसके विवेकहीन दुरुपयोग का परिणाम था हिरोशिमा और नागासाकी।**

उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के अंत से पहले ही यह चर्चा शुरू हो चुकी थी कि 'भविष्य के साम्राज्य ज्ञान के साम्राज्य होंगे'। कितने ही शोषित और हर प्रकार से संसाधन-विहीन नव-स्वतंत्र देशों के समक्ष समस्याओं और चुनौतियों के नए-नए परिदृश्य उभर रहे थे और स्वतंत्रता से बड़ी-बड़ी आशाएं लगाए आमजन इनके संपूर्ण समाधान की अपेक्षा अपने नए शासकों से कर रहे थे। जिन देशों को समर्पित और भविष्य-दृष्टि से युक्त नेतृत्व मिला था, वे यह भली भांति समझते थे कि विकास और प्रगति का रास्ता शिक्षा केंद्रों से ही होकर गुजरेगा। जो इस सच्चाई को समझ सके, जिन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार और गुणवत्ता की ओर ध्यान दिया, उच्च शिक्षा और शोध के लिए संस्थान बनाए, वे ही आगे बढ़ सके। भारत इसी दिशा में आगे बढ़ने वाला उदाहरण माना जाता है। यहां के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व समझता था कि शिक्षा ही प्रगति का मार्ग पुनः प्रशस्त कर सकती है, जिसे विदेशी शासकों द्वारा जानबूझ कर अवरुद्ध किया गया था। संविधान में 6-14 वर्ष के हर बच्चे को निश्शुल्क शिक्षा का अत्यंत विषम परस्थितियों में प्रावधान करना एक साहसपूर्ण कदम था।

आज विश्व में भारत का जो अग्रणी स्थान अंतरिक्ष विज्ञान, संचार तकनीक, नाभिकीय विज्ञान और शोध के क्षेत्र में बना है, उसका श्रेय देश को आजादी के बाद मिले राजनीतिक और वैज्ञानिक नेतृत्व को ही दिया जाना चाहिए। यह भी अब अध्ययन, शोध और विश्लेषण के आधार पर सिद्ध हो चुका है कि प्राचीन भारत को जो वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठता मिली थी, वह उसकी बौद्धिक क्षमता के मूल आधार पर ही स्थापित हुई थी। ज्ञान-विज्ञान, दर्शन, अध्यात्म जैसे अनेक क्षेत्रों में नव-ज्ञान सृजन की जो परंपरा भारत ने स्थापित की थी, उसी से प्रभावित होकर विदेशों से अनेकानेक जिज्ञासु भारत में अध्ययन करने आते थे। यहां का दर्शन स्पष्ट थाः व्यक्ति स्वयं का जीवन सुचारु रूप से निर्वहन कर सके, 'सर्वभूत हिते रतः' के लक्ष्य का क्रियान्वयन करे, धनार्जन अवश्य करे, लेकिन सदाचरण यानी धर्म के मार्ग पर चल कर ही करे। इस प्रकार के जीवन निर्वाह के लिए विनयशीलता आधारशिला थी। आज भारत को इसी सोच को व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। परिपूर्ण शिक्षा नीति और उसका अनुपालन इसी चिंतन के इर्द-गिर्द व्यवस्थि किया जाना चाहिए।

स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक वर्षों में गहन विचार-विमर्श और बौद्धिक चर्चाओं में बर्ट्रेंड रसेल जैसे चिंतकों का यह विचार भी चर्चित रहा कि मनुष्य अगर केवल ज्ञान प्राप्ति के पीछे पड़ा रहा, तो अपने को समाप्त कर लेगा! ज्ञान प्राप्ति के प्रयास पवित्र प्रेरणा का परिणाम माने जाते रहे हैं। ज्ञान का सदुपयोग करने की क्षमता प्राप्त करने के लिए बुद्धि और विवेक का प्रश्रय अवश्य लेना होगा। जिस कालखंड में आधुनिक विज्ञान में ज्ञान प्राप्ति की पराकाष्ठा थी, परमाणु विखंडन से ऊर्जा प्राप्त करने में सफलता पाना, वह मिली, लेकिन उसके विवेकहीन दुरुपयोग का परिणाम था हिरोशिमा और नागासाकी। बुद्धि, विवेक, विश्लेषण और 'सर्वजन-हिताय, सर्वजन-सुखाय' के लिए ज्ञान के उपयोग की समझ अगर विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ बढ़ी होती, तो आज मनुष्य और प्रकृति के संबंधों में घोर बिगाड़ आने के कारण उत्पन्न समस्याएं इस पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न न लगा रही होतीं!

इस समय जब विद्वत वर्ग में चर्चा इस वैचारिकता की ओर मुड़ती है, तो इसकी 'अव्यावहारिकता' को लेकर ही अधिकाधिक विचार सामने रखे जाते हैं। अनेक व्यक्तिगत अनुभव यह सिद्ध करने के लिए प्रस्तुत हो सकते हैं कि जहां शिक्षा केवल अधिकाधिक धनार्जन के अर्जुन-लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ाई जाती है, वहां इस सोच को स्वीकार्यता कैसे मिलेगी? एक उदाहरण जो सबसे अधिक दोहराया जाता है वह है किसी भी युवा के डाक्टर बनने का। कितनी स्कूली पढ़ाई, कितनी कोचिंग, कितनी भारी-भरकम फीस, कठिन प्रतियोगी परीक्षा, सफलता को लेकर कितना लंबा असमंजस, कितने वर्ष, तब मिलती है पहली डिग्री। फिर परा-स्नातक उपाधि पाना तो इससे कठिन होगा ही! इस सबमें परिवार पर कितना बोझ पड़ता होगा? यह समस्या केवल मेडिकल तक सीमित नहीं है। यह स्थिति हर शिक्षित युवा के समक्ष किसी न किसी ढंग से अनेक प्रकार के तनाव और आशंकाएं पैदा कर रही है।

इस स्थिति से निपटने के लिए भारत की प्राचीन संस्कृति और साहित्य में बहुत कुछ उपलब्ध है। भारत की आध्यात्मिक समझ उसके विचारकों और दार्शनिकों की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में गिनी जा सकती है। जहां लालच नहीं होगा, वहां ईर्ष्या, द्वेष तथा अनावश्यक मनमुटाव स्वतः कमजोर हो जाएंगे। समाज को हिंसा और संघर्ष में अपनी ऊर्जा व्यय नहीं करनी होगी। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात इस मूलभूत मूल्यों और दर्शन-तत्त्व को देश की नीतियों में समुचित स्थान मिला होता, प्राचीन परंपराओं में जो व्यावहारिक थीं उन्हें भी कृत्रिम आधार पर छोड़ न दिया गया होता, तो संभवतः पिछले सात दशक में सामाजिक परिदृश्य तेजी से सकारात्मकता की ओर बढ़ा होता। आज ऐसा नहीं है, हर ओर अविश्वास पसरा हुआ है, व्यग्रता और उग्रता अनेक प्रकार से लगातार हर तरफ बढ़ते ही दिखाई दे रहे हैं। इनके परिणामस्वरूप हिंसा बढ़ी है। महिलाओं के खिलाफ जो दरिंदगी की घटनाएं सामने आती हैं, उसका मुख्य कारण सार्वभौमिक स्तर पर नैतिकता और मूल्यों के ह्रास तथा परंपरागत संस्कृति तथा उससे लगातार बढ़ती दूरी ही है।

सामस्याओं के तात्कालिक समाधान आवश्यक हैं, लेकिन दीर्घकालीन तथा सशक्त समाधान की रणनीति भी बनाने की आवश्यकता है। केवल शिक्षा-व्यवस्था या कानून-व्यवस्था के अनुपालन पर सारा उत्तरदायित्व नहीं डाला जा सकता, इसमें समाज का उत्तरदायित्व प्रथम स्थान पर स्वीकार करना होगा।

# एक बहस ऐसी भी



बाखबर

सुधीश पचौरी

**एक अंग्रेजी चैनल में आई 'प्राइम टाइम' की एक नायाब बहस, जिसमें दिखी कुछ 'ज्ञानियों' के बीच 'डब्लूडब्लूएफ' छाप 'ज्ञान की कुश्ती', 'सोशल मीडिया' वाले नित्य के 'दंगली सीन', कि जैसे ही 'एक' ज्ञानी ने दूसरे की 'पोल' खोली, वैसे ही 'दूसरे' ने पहले की 'पोल' खोल दी। उसके बाद सारी बहस 'मिनी महाभारत' का आनंद देने लगी।**

एक दिन 'देश की बेटी' 'राज्य की बेटी' बता दी गई, तो राष्ट्रवादी चिढ़े कि 'देश की बेटी' एक 'राज्य की बेटी' कैसे हो गई? अरे भई, जब बेटी को आपत्ति नहीं, तो आप कौन?

फिर एक पड़ोसी प्रशासक कह उठे कि हिंदुओं पर हमले सांप्रदायिक नहीं, राजनीतिक हैं। अपने चैनलों ने जवाब दिया कि तब तो इधर होने वाली 'लिंचिंगें' भी सांप्रदायिक नहीं, राजनीतिक हैं। हत्याओं का ऐसा 'औचित्यीकरण' कब देखा-सुना?

खबर आई कि जिस 'याचक' ने 'याचिका' दी थी कि 'इंडिया' के अपने 'हथियार' मानवाधिकारों का हनन करने वाले देशों को बेचने पर रोक लगे, उसे बड़ी अदालत ने नहीं माना। बताइए, इसके बाद कोई क्यों न रोए कि न्यायपालिका दबाव में है!

इसके बाद आया खांटी 'जाति विमर्श'। एक 'अपराधी' का 'एनकाउंटर' हुआ, तो 'विमर्शकार' बोले कि जाति देखकर 'एनकांउटर' किए जा रहे हैं! कितनी बुरी बात कि हर गोली पर लिखा है 'जाति' का नाम!

एक दिन अमेरिका से उवाचे एक नेता कि उनकी सोच आसानी से समझ नहीं आती।... देखा तो बात सही ठहरी, क्योंकि जो बोला वह हमारे जैसे उच्च बुद्धि वालों को ही समझ नहीं आया कि चुनाव के बाद 'डर' निकल गया है... कि न्यायपालिका और मीडिया भारत में खत्म है... कि अपनी भूमिका देश को तानाशाही से बचाना है... कि भारत में फर्नीचर, कपड़े सब चीन के हैं! जरा देखिए, तो एक लाइन में 'डर' निकल गया, दूसरी में वापस आ गया... ऐसी 'उलटबांसियों' पर भी कुछ जलोकड़े जल उठे कि विदेश में क्यों बोले, कि देशद्रोह का मुकदमा चले। तो जवाब आया कि उन्होंने तो सच का आईना दिखाया! जवाब में पक्षधर फिर भी देते रहे 'आंकड़े' पर 'आंकड़े', लेकिन जो उनने चिपकाया वह तो चिपका रह गया न!

भाई जी! ये 'चिपक राजनीति' के दिन हैं। वे चिपकाएं तो तुम भी चिपकाओ। कोरी हाय हाय से कुछ नहीं होने का।

फिर बरसा विदेश से कुछ अनमोल 'आध्यात्म' कि देवता 'भगवान' नहीं होते, 'भगवान' पारदर्शी होते हैं। ये हुई न ऊंची सोच, जो बड़े-बड़े विद्वानों को समझ आती नहीं दिखी! फिर भी एक 'वैदिक विद्वान' समझाए कि देवता का मतलब 'लीला करने वाला', चमत्कारी, यही 'भगवान' बन जाते हैं! गनीमत कि यह 'सोच' सचमुच किसी को समझ न आई और सब 'बोर' होने से बच गए।

फिर आए कुछ 'आदर्श विचार' कि जब 'आदर्श स्थिति' होगी, तो आरक्षण हटा देंगे। लेकिन यहीं सर जी 'फंसे'। एक आरक्षणवादी नेता बोलीं कि ये रही इनकी असिलयत! मगर आरक्षण कभी नहीं हटेगा। लेकिन फिर जैसे ही दूर की हांकी कि 'इंडिया' में सिख पगड़ी, कड़ा नहीं पहन सकते, गुरुद्वारे नहीं जा सकते, वैसे ही बहुत से सिख नेता बरस पड़े कि यह सच नहीं... कि, हम कुछ भी पहन सकते हैं, कहीं भी जा सकते हैं... कि वे एक खतरनाक नैरेटिव गढ़ रहे हैं। दो एंकर, एक प्रवक्ता ने अपने हाथ में पहने कड़े भी दिखाए!

पहला सबकः जब 'ऊंचा ज्ञान' बघरता है, तो ऊपर से निकल जाता है।

दूसरा सबकः इन दिनों आंकड़े नहीं चिपकते, चिपकती हैं दो-तीन लाइन की 'सूक्तियां'! ये 'मिनीमलिज्म' का जमाना है आदरणीय!

बहरहाल, इस 'बेदर्द जमाने' में, एक दिन दीदी जी ने कह दिया कि जनहित में इस्तीफा दे दूंगी। लेकिन किसी भी मुए ने यकीन नहीं किया, बल्कि कटाक्ष ही किए कि ये एक 'चतुर चाल' है!

अब देखिए न कि मुख्य न्यायाधीश ने एक दिन अपने घर 'गणेश पूजा' की, तो वीडियो में प्रधानमंत्री भी दिख गए। जैसे ही दिखे, वैसे ही शुरू हो गई 'हाय हाय' कि यह तस्वीर बहुत कुछ कहती है... कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर संदेह है... लेकिन अगले दिन जैसे ही सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को 'बेल' दे दी, तो फिर होने लगी 'वाह वाह'! 'अपनी सी' हो तो 'वाह' नहीं तो 'हाय'! इन दिनों की राजनीति भी चाकलेट की तरह है। मिले तो 'वाह वाह', न मिले तो 'हाय हाय'!

इसके बाद एक अंग्रेजी चैनल में आई 'प्राइम टाइम' की एक नायाब बहस, जिसमें दिखी कुछ 'ज्ञानियों' के बीच 'डब्लूडब्लूएफ' छाप 'ज्ञान की कुश्ती', 'सोशल मीडिया' वाले नित्य के 'दंगली सीन', कि जैसे ही 'एक' ज्ञानी ने दूसरे की 'पोल' खोली, वैसे ही 'दूसरे' ने पहले की 'पोल' खोल दी। उसके बाद सारी बहस 'मिनी महाभारत' का आनंद देने लगी। फिर 'दूसरे' के जले पर, 'तीसरे' के जले पर नमक छिड़क दिया, तो तुरंत आस्तीनें चढ़ीं, भुजाएं फड़कीं और 'देख लूंगा' कि 'देख लूंगा' कि 'आ जा' कि 'आ जा' होने लगा। शेष ज्ञानी आनंदित भए और 'बिचौलिए' बनकर 'ज्ञान फाइटरों' को रोक कर पुण्य कमाए। एक का तो 'पोडियम' तक बदल दिया गया।

शुरू में चकित, फिर थकित, फिर हंसित एंकर जी आखिर में कहने लगीं कि 'जूस' पीके जाना जी!

बहरहाल, जिसने भी 'कुश्ती बहस' देखी, वही मस्त हुआ। जिसने न देखी, वह 'यूट्यूब' पर देखे! सिद्ध हुआ कि हमारी पत्रकारिता में आज भी बड़ी जान है!

> राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़े। दक्षिण भारत से कांग्रेस के ज्यादा सांसद आ रहे हैं, वे अधिक महत्त्वपूर्ण हो गए हैं तो भाजपा इसे विभाजनकारी स्थिति के रूप में दिखाना चाहती है। भारत के बारे में भाजपा का मानना है कि एकरूपता ही एकता है, वहीं कांग्रेस एकता और विविधता में विश्वास रखती है। हमारे लिए विविधता ही एकता का उत्सव है। भाजपा इस विविधता के खिलाफ रही है।



# भाजपा ने खड़ा किया है उत्तर बनाम दक्षिण का टकराव

**त**मिलनाडु के शिवगंगा से कांग्रेस के सांसद कार्ति चिदंबरम का कहना है कि बीते लोकसभा चुनाव ने संसदीय राजनीति में दक्षिण भारत की अहमियत बढ़ा दी है। दक्षिण से बढ़े कांग्रेस के सांसदों ने संसद का एकतरफा माहौल बदल दिया है। एकध्रुवीय राजनीति में आए इस विकेंद्रीकरण को देख कर ही भाजपा उत्तर बनाम दक्षिण भारत का विवाद खड़ा कर रही है। उनका कहना है कि तमिल समुदाय पारंपरिक रूप से धार्मिक है जिसने धर्म को शुद्धतम रूप में संरक्षित रखा है। जाति जनगणना को लेकर उन्होंने कहा कि नीतिगत फैसले लेने के लिए यह जरूरी कदम है और बहस इन आंकड़ों के उपयोग पर हो। नई दिल्ली में कार्ति चिदंबरम के साथ कार्यकारी संपादक *मुकेश भारद्वाज* की विस्तृत बातचीत के चुनिंदा अंश।



**● कार्ति चिदंबरम ने राजनीति को ही क्यों चुना? आपके पास और भी विकल्प थे।**

●● मेरा जन्म एक ऐसे घर में हुआ जहां मेरे पिता पहले से राजनीतिज्ञ थे। राजनीति की ओर झुकाव का यह बुनियादी कारण तो है। लेकिन, मैं स्कूली समय से ही सार्वजनिक मंचों पर मुखर रहता था। आस-पास की चीजों में रुचि लेना, जहां जरूरत हो वहां नेतृत्व करने के लिए आगे आना मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा रहा। इसलिए विदेश से औपचारिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद मुझे अपने व्यक्तित्व के अनुकूल यही क्षेत्र लगा। मैं स्वाभाविक रूप से लोगों के बीच रहने वाला आदमी हूं।

**● कांग्रेस आपकी स्वाभाविक पसंद रही इसलिए आप यहां आए या आपके पिता यहां स्थापित थे और आप पार्टी को बेहतर तरीके से जानते थे इसलिए इसे चुना।**

●● यह तो एक तथ्य है कि मेरे जन्म के पहले मेरे पिता युवा कांग्रेस में थे। उनकी पहचान बन चुकी थी। इसलिए यहां के प्रति मेरा झुकाव था। व्यावहारिक स्तर पर मैं स्वतंत्र विचार का उदारवादी व्यक्ति रहा हूं। मैं जिस तरह की स्वतंत्र विचारधारा का, आधुनिक, मुक्त बाजार का समर्थक रहा हूं तो मुझे नहीं लगता कि मेरे लिए कांग्रेस के अलावा किसी और दल में जगह थी। कांग्रेस में ही मुझे वैसा माहौल मिला जहां मेरे जैसे लोकतांत्रिक मिजाज का व्यक्ति आगे बढ़ सकता था।

**● आज ऐसा माहौल है कि कांग्रेस से बड़े स्तर पर नेताओं का पलायन हुआ है। केंद्रीय सत्ता से दूरी के अलावा इसकी क्या और कोई वजह है?**

●● कांग्रेस जैसी विशाल पार्टी में यह संभव नहीं है कि हर किसी की महत्त्वाकांक्षा पूरी हो जाए। हर कोई अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनौतियों का सामना कर रहा है। कोई जरूरी नहीं है कि हर पलायन विचारधारा के स्तर पर हुआ हो। ऐसा तो नहीं हो सकता है कि किसी को अचानक कांग्रेस के प्रति बहुत घृणा हो जाए और भाजपा में ही सारा आदर्श दिखे। संघर्ष के समय पार्टी छोड़ कर चले जाना कोई आश्चर्यजनक नहीं है।

**● एक आरोप अभी यह भी लग रहा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में दक्षिण भारत का गुट ज्यादा शक्तिशाली हो गया है। इसके साथ ही उत्तर-दक्षिण के बीच टकराव बढ़ रहा है।**

●● यह उत्तर-दक्षिण का विभाजन भाजपा का खड़ा किया गया है। भाजपा ने क्षेत्रीय व उपक्षेत्रीय पहचानों को हाशिये पर रखने की कोशिश की है। भाजपा का हिंदी-हिंदुत्व पर पुराना जोर रहा है। इसी के खिलाफ दक्षिण से प्रतिरोध की आवाज आती है। राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़े। वहां से ज्यादा सांसद आ रहे हैं, वे अधिक महत्त्वपूर्ण हो गए हैं तो भाजपा इसे विभाजनकारी स्थिति के रूप में दिखाना चाहती है। भारत के बारे में भाजपा का मानना है कि एकरूपता ही एकता है, वहीं कांग्रेस एकता और विविधता में विश्वास रखती है। हमारे लिए विविधता ही एकता का उत्सव है। भाजपा इस विविधता के खिलाफ रही है। भाजपा हर कानून, हर योजना, हर नाम हिंदी या संस्कृत में रखती है। किसी और भाषा को स्थान क्यों नहीं देती है? भाजपा छोटी क्षेत्रीय पहचानों को दबाना और अपने में शामिल करना चाहती है। यहीं से उत्तर और दक्षिण के बीच प्रतिरोध आता है।

**● भारत में हर क्षेत्र अपनी भाषा को आगे बढ़ाना चाहता है। लेकिन उनकी हिंदी से ऐसी नफरत नहीं दिखती जैसी तमिलनाडु में दिखती है? ऐसा क्यों?**

●● यह साठ के दशक की बात है जब हिंदी को अनिवार्य बनाने की बात आई थी। वैकल्पिक से अनिवार्य की ओर बढ़ती हिंदी ने ही तमिलनाडु में पहचान आधारित आंदोलन खड़ा किया। इसी भाषाई पहचान के संघर्ष के कारण द्रमुक जैसी पार्टी खड़ी हुई और वहां भाषाई पहचान जनआंदोलन के रूप में उभरा। तमिल पहचान धर्म या किसी और चीज के इर्द-गिर्द नहीं बल्कि भाषा की पहचान की परिधि में घूमती है।

## कार्ति क्यों

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत कन्याकुमारी से की और वायनाड से चुनाव लड़े। रायबरेली से चुनाव जीतने के बाद भी कांग्रेस के भविष्य को देखते हुए उन्होंने वायनाड को वरीयता दी। बजरिए दक्षिण भारत कांग्रेस को राजनीतिक पुनर्जन्म मिलने के बाद भारतीय राजनीति में उत्तर बनाम दक्षिण भारत की बहस तेज हो गई है। राजनीति के केंद्र दिल्ली में दक्षिण भारत के सांसद मुखर हैं और क्षेत्रीय विविधता के जश्न को ही भारत की असली एकता बता रहे हैं। इसी विविधता के तहत सनातन को लेकर भी विवाद उठा। दक्षिण भारत के दल जातिगत जनगणना की भी पुरजोर वकालत कर रहे हैं। तमिलनाडु में द्रविड़ विचारधारा के दल ही मुख्य राजनीतिक शक्ति हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में दक्षिण के इस उदय को समझने के लिए कार्ति चिदंबरम से बेहतर कौन होता?

**● राष्ट्रीय भाषा की अवधारणा से आखिर दिक्कत क्या है?**

●● यह अवधारणा ही समस्या की शुरुआत है। आप सुविधा के लिए किसी भाषा को अपना सकते हैं, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं कर सकते हैं। मेरे बहुत से सहयोगी नियमित तौर पर दिल्ली में रहते हैं तो सुविधानुसार धाराप्रवाह हिंदी बोलते हैं। लेकिन, तमिलनाडु के ग्रामीण इलाके में रहने वाले लोग जिनका इधर से कोई व्यावसायिक नाता नहीं है या जो मध्य पूर्व जैसी जगहों पर काम कर रहे हैं तो उनके लिए हिंदी क्यों अनिवार्य होनी चाहिए? कोई अपनी सुविधा और पसंद से किसी भाषा को सीखता है तो उसे कोई दिक्कत नहीं होती है। जैसे ही आप भाषा को अनिवार्य करने के नाम पर जबरन थोपिएगा तो फिर प्रतिरोध होगा।



> कांग्रेस जैसी विशाल पार्टी में यह संभव नहीं है कि हर किसी की महत्वाकांक्षा पूरी हो जाए। हर कोई अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करता ही है। कोई जरूरी नहीं है कि पार्टी से हर पलायन विचारधारा के स्तर पर हो रहा है।

जनसत्ता रविवारी के नियमित स्तंभ सोमवार को पेज सात पर पढ़ें।

**● केरल में खाता खोलने के साथ दक्षिण भारत में भाजपा अपनी पैठ बना रही है। इसे आप कैसे देखते हैं?**

●● केरल में भाजपा को एक सीट सुरेश गोपी ने दिलाई है। गौरतलब है कि सुरेश गोपी लोकप्रिय फिल्म कलाकार हैं। उन्होंने अपनी छवि को एक ब्रांड की तरह स्थापित किया है। लोग उन्हें व्यक्तिगत तौर पर पसंद करते हैं। इसलिए गोपी सुरेश की जीत को भाजपा की बढ़त के रूप में नहीं देखा जा सकता। तमिलनाडु में भी यही स्थिति है। वहां अभी भी भाजपा का वोट फीसद इकाई संख्या में है। भाजपा वहां अपने दम पर कोई भी सीट नहीं जीत सकती है। यही हाल आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी है। कर्नाटक में उसने जगह बनाई है। यह बात सही है कि दक्षिण भारत में भाजपा अपनी स्थिति में सुधार कर रही है, वोट बढ़ा रही है।

**● दक्षिण भारत में भाजपा की स्थिति में सुधार होना कांग्रेस के लिए खतरे का संकेत तो नहीं?**

●● बिल्कुल नहीं। आप यह समझिए कि तमिलनाडु में 1967 से कांग्रेस सत्ता में नहीं है। वास्तव में दो द्रविड़ दल वहां मुख्य शक्ति हैं। हम अच्छे समय में वहां तीसरी शक्ति तो बुरे समय में चौथी या पांचवीं शक्ति रहे हैं। हमने वहां मूल्यपरक गठबंधन राजनीति की है। तमिलनाडु में अपने पुराने गौरव को प्राप्त करने के लिए अभी हमें बहुत संघर्ष करना होगा।

**● 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' ने उन्हें अखिल भारतीय स्तर पर लोकप्रिय बनाया। लेकिन ऐसे समय में दक्षिण भारत से 'सनातन' के लिए नफरत भरे बोल आए। 'सनातन' पर क्या दृष्टिकोण है?**

●● यह बात पूरी तरह से गलत है। मुझे उम्मीद है कि आज मैं इस गलतफहमी को पूरी तरह से दूर कर दूंगा। पूरे भारत में तमिल सबसे ज्यादा पारंपरिक, आनुष्ठानिक धार्मिक समुदाय है। मैं खुद बिना अपने पूजा कक्ष में गए घर से बाहर नहीं निकलता, रुद्राक्ष की माला पहनता हूं। मैं खुद इतनी बार मंदिर जाता हूं कि आपके कई पाठक भी उतनी बार मंदिर नहीं गए होंगे। सबसे पुराने वैदिक मंदिर तमिलनाडु में हैं। यहां सबसे ज्यादा मंदिर हैं। पूरे भारत की तुलना में सबसे ज्यादा नारियल तमिल फोड़ते हैं। हम सबसे ज्यादा धार्मिक लोग हैं। कृपया यह समझिए कि सनातन एक संस्कृत शब्द है। यह वैसा तमिल शब्द नहीं है जिसे हम अपनी आम बोलचाल की भाषा में इस्तेमाल करते हैं। मुझे धार्मिक संस्कार अपनी दादी से मिले। हमारे यहां कोई यह नहीं कहता कि चलो आओ और सनातन धर्म का पालन करो। मैं फिर से जोर देकर कहता हूं कि तमिलनाडु में सनातन एक खास अर्थ में ही इस्तेमाल होता है। यहां यह सिर्फ जाति पदाक्रम को बताने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह बात उदयनिधि स्टालिन ने कही थी और मैं उनके लिए स्पष्टीकरण देनेवाला कोई प्रवक्ता नहीं हूं। लेकिन मुझे लगता है कि स्टालिन ने यह बात जातिगत भेदभाव को खत्म करने के लिए कही थी न कि धार्मिक प्रथाओं को। अभी ऐसा दिखता है कि गणेश उत्सव सिर्फ महाराष्ट्र का त्योहार है। तमिलनाडु में हजारों साल से गणेश उत्सव होते रहे हैं। मेरे निर्वाचन इलाके में प्राकृतिक चट्टान की संरचना से बना प्राचीन गणेश मंदिर है जो सबसे खूबसूरत गणेश मंदिरों में से एक है। तमिलनाडु के लोगों ने धर्म को उसके शुद्धतम रूप में संरक्षित रखा है।

**● तमिलनाडु में जातिगत विभाजन भी बहुत ज्यादा है। खास कर ब्राह्मण और गैर ब्राह्मणों के बीच।**

●● हमारे समाज में ब्राह्मण दो फीसद से भी कम हैं। शिक्षा की परंपरा में उनकी पहुंच के कारण वे विशेषाधिकार प्राप्त समूह बन गए। साठ के दशक में इनके एकाधिकार के विरोध में द्रविड़ आंदोलन ने जन्म लिया। लेकिन पिछले पचास वर्षों में किसी एक भी ब्राह्मण पर उसके ब्राह्मण होने के कारण शारीरिक हिंसा नहीं हुई। राजनीति में ज्यादा न हों लेकिन कला, संस्कृति, नौकरशाही और अन्य जगहों पर उनका अच्छा प्रदर्शन है। उनके साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाता है। तमिलनाडु में आज भी ब्राह्मण एक प्रभावशाली समुदाय है।

**● जातिगत जनगणना की जरूरत क्यों? क्या यह समाज में किसी तरह की सकारात्मकता लाएगा?**

●● सवाल यह है कि हम जातिगत जनगणना के आंकड़ों का क्या करेंगे? उदाहरण के तौर पर मैं देश में बाएं हाथ से काम करने वालों का डाटा इकट्ठा कर रहा हूं। क्योंकि उन्हें बहुत सी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर दरवाजे, चाबी दाएं हाथ से ही खुलते हैं। ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो सिर्फ दाएं हाथ को ही प्रमुख मान कर बनाई जाती हैं। इससे बाएं हाथ को प्रमुख रखने वालों के साथ भेदभाव हो रहा है। मैं बाएं हाथ को प्रमुख मानने वालों की दिक्कतों को खत्म करने के लिए आंकड़ा इकट्ठा कर रहा हूं तो इसका मतलब यह नहीं है कि अब दाएं हाथ को प्रमुख मानने वालों से किसी तरह का भेदभाव होगा। बाएं हाथ के आंकड़ों से दाएं हाथ को किसी तरह का खतरा नहीं है। अभी तक उच्च वर्ग से आने वाले लोग ही यह कहते हैं कि मैं जाति में विश्वास नहीं रखता। हमारे देश में जाति एक वास्तविकता है। इसलिए हमें अपनी नीतियों को बनाने के लिए ऐसे आंकड़ों की जरूरत है कि विभिन्न लोगों की सामाजिक स्थिति क्या है। कृपया आंकड़े संग्रह का विरोध मत कीजिए, यह बहस कीजिए कि हम आंकड़ों का इस्तेमाल कैसे करते हैं।

> अभी तक उच्च वर्ग से आने वाले लोग ही यह कहते हैं कि मैं जाति में विश्वास नहीं रखता। हमारे देश में जाति एक वास्तविकता है। इसलिए हमें अपनी नीतियों को बनाने के लिए ऐसे आंकड़ों की जरूरत है कि विभिन्न लोगों की सामाजिक स्थिति क्या है।



**● इसका मकसद तो बताया जा रहा है, जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।**

●● इसका मकसद यही है कि हमें नीति बनानी है। हर तरह के संसाधनों की पहुंच सबके पास हो। यह विस्तृत आर्थिक और सामाजिक अध्ययन भी होगा।

**● एक समय में जवाहरलाल नेहरू जातिगत आरक्षण के विरोधी थे। आज पार्टी नेतृत्व का जोर इस पर है। लेकिन, जब पार्टी कहती है कि एक समय बिंदु पर जाकर आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेंगे तो इसका क्या मतलब है?**

●● अमेरिका से लेकर कई जगहों पर आरक्षण से कई सकारात्मक नीतियां बनीं। इसका और भी आधार हो सकता है। तमिलनाडु के मेडिकल कालेजों में उन विद्यार्थियों के लिए 7.5 फीसद का आरक्षण है जो सरकारी स्कूलों से पढ़ कर आए हैं। अब सरकारी स्कूलों में वंचितों, शोषितों के बच्चे ही पढ़ते हैं। तो यह ऐसा मानदंड बन गया जिसका फायदा वंचित तबके के लोगों को ही मिलेगा। हमारे पास कोई आर्थिक आंकड़ा नहीं है तो हमें दूसरे कारकों के साथ आना पड़ेगा। मसलन कोई किस तरह के स्कूल में गया है, उनके माता-पिता के पास किस तरह की शैक्षणिक योग्यता है। अभी हमारे पास आरक्षण ही एकमात्र कारक है। इस संदर्भ में हमें और कारकों को जोड़ना होगा।

**● भाजपा ने हिंदुत्व के साथ वंशवाद का मुद्दा उठाया और कांग्रेस की छवि को इससे नुकसान भी पहुंचा।**

● एक राजनीतिक परिवार से आने के कारण मैं भी इसके लाभार्थियों में हूं और राजनीति में वंशवाद से इनकार नहीं करूंगा। लेकिन कांग्रेस को लेकर भाजपा का दुष्प्रचार है। भारत में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक नजर उठा कर देख लीजिए कौन सी पार्टी में वंशवाद नहीं दिखेगा। और यह सिर्फ भारत की राजनीति तक सीमित नहीं है। पूरे दक्षिण एशिया की यही स्थिति है। आश्चर्यजनक रूप से जापान में 70 फीसद जनप्रतिनिधि राजनीतिक परिवारों से आते हैं। भाजपा या प्रधानमंत्री को लगता है कि वंशवाद भारतीय राजनीति के लिए इतनी बड़ी समस्या है तो उन्हें तुरंत इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। अपनी पार्टी से शुरू करना चाहिए।

**● भाजपा ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार का भी पर्याय बना दिया। आप पर भी आरोप है।**

●● राजनीति एक महंगी प्रक्रिया है। भाजपा के पास अधिक संसाधन थे तो वह अपने संचार साधनों से कांग्रेस के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाब हुई। दुखद है कि भाजपा के दुष्प्रचार को रोकने में हम नाकामयाब रहे। चुनावी चंदे से लेकर अभी जो साठगांठ का पूंजीवाद चल रहा है, भाजपा का भ्रष्टाचार सबके सामने है। मेरे खिलाफ आरोपपत्र को पढ़ेंगे तो आपको हंसी आएगी। एक आरोपपत्र 9.86 लाख का है टीडीएस काटने और सेवा कर जोड़ने के बाद, दूसरा 25 लाख रुपए का है जिसमें दुर्भाग्य से आठ आइएएस अधिकारी भी आरोपी बनाए गए हैं। ये मामले समय के साथ स्वाभाविक रूप से खत्म हो जाएंगे।

**● क्या वाकई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद हैं आप?**

●● प्रधानमंत्री तो प्रधानमंत्री होते हैं और उनकी एक शख्सियत होती है। मैं उनके सामाजिक, राजनीतिक दृष्टिकोण से किसी भी तरह से सहमत नहीं हूं। वे एक ऐसे व्यक्ति हैं जो चुनाव जीतने को लेकर डटे रहते हैं। ऐसा लगता है कि इसके अलावा उनका कोई लक्ष्य और रुचि नहीं है। उनका कोई सामाजिक जीवन नहीं दिखता। वे चौबीस गुणे सात जुटे रहने वाली चुनावी मशीन हैं। चुनाव केंद्रित रहना ही उनकी खासियत है। ऐसा होना आसान नहीं होता है।

**● क्या आपको लगता है कि भाजपा की अजेय वाली छवि टूट चुकी है?**

●● लोकसभा चुनाव के नतीजों ने साबित किया कि भाजपा एक घटती हुई शक्ति है। निश्चित तौर पर 2029 में बड़ा राजनीतिक बदलाव दिखेगा।

**● आप अपने पार्टी नेतृत्व को कोई सलाह देना चाहते हैं?**

●● कांग्रेस को अपने क्षेत्रीय नेताओं को और सशक्त बनाने पर जोर देना चाहिए ताकि वे अपनी क्षेत्रीय इकाइयों का समाधान कर सकें और वहां की संवेदनशीलता के हिसाब से राजनीतिक फैसले कर सकें।

*प्रस्तुति : मृणाल वल्लरी*
*विशेष सहयोगः सुशील राघव*

# 'हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राजभाषा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हो सकती, क्योंकि वे एक-दूसरे की पूरक हैं। साथ ही कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तब तक नहीं हो सकता, जब तक अन्य सभी भारतीय भाषाओं को मजबूत नहीं किया जाता।



अमित शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में कहा कि हिंदी को संपर्क भाषा, आम भाषा, तकनीकी भाषा और अब अंतरराष्ट्रीय भाषा बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। हम हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता मिलने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती मना रहे हैं। राजभाषा विभाग हिंदी से आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध सभी भाषाओं में अनुवाद के लिए एक पोर्टल भी ला रहा है, जिसके माध्यम से कृत्रिम मेधा का उपयोग करके बहुत ही कम समय में किसी भी पत्र या भाषण का सभी भाषाओं में अनुवाद किया जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार करके और हिंदी के माध्यम से देश की सभी स्थानीय भाषाओं को जोड़कर हम संस्कृति, भाषाओं, साहित्य, कला एवं व्याकरण के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उनके दोनों मंत्रालयों- गृह और सहकारिता की फाइल के माध्यम से सभी संचार हिंदी में किए जाते हैं। इस स्तर तक पहुंचने में तीन साल लगे हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान सभा की भावना यह थी कि देश के सभी नागरिकों को एक-दूसरे के साथ किसी भारतीय भाषा में संवाद करना चाहिए, चाहे वह हिंदी हो, तेलुगु हो, मलयालम हो या गुजराती हो। इस वर्ष हिंदी दिवस सभी के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया था और तब से 75 साल हो गए हैं।

## बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़
# तीन आतंकवादी ढेर, अभियान जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में शनिवार को तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले में पट्टन इलाके के चक टप्पर क्रीरी में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था।

पुलिस अधिकारी के अनुसार इलाके में तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों तरफ से घेर लिया था और सुबह हुई मुठभेड़ में उन्होंने तीन आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है साथ ही इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि वे किस संगठन से जुड़े थे। अभियान अभी जारी है।

उधर, राजौरी में सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया। मुठभेड़ नौशेरा सेक्टर के कलाल इलाके में उस समय हुई जब नियंत्रण रेखा की रखवाली कर रहे सेना के जवानों ने इस तरफ घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों के एक समूह को रोका। पिछले एक हफ्ते में नौशेरा में आतंकियों द्वारा घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश थी। इससे पहले नौ सितंबर को इस सेक्टर के लाम इलाके में नियंत्रण रेखा के पास भारी हथियारों से लैस दो आतंकी मारे गए थे। सेना के जवानों ने कुछ आतंकियों को देखा और उन्हें चुनौती दी, जिसके बाद कुछ समय तक गोलीबारी जारी रही। आतंकी पास के जंगल में भाग गए और उन्हें ढूंढने और बेअसर करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में हाल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ों के बाद सुरक्षाबलों ने शनिवार को किश्तवाड़, उधमपुर, पुंछ और राजौरी जिलों के कुछ हिस्सों में आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर दिए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में 11 सितंबर को हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े दो आतंकी मारे गए। इसके बाद, किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए जिसके बाद तलाश अभियान चलाया गया।



**अधिकारियों ने बताया, राजौरी में भी नियंत्रण रेखा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकी के साथ मुठभेड़ में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया।**

**एक हफ्ते में नौशेरा में आतंकियों द्वारा घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश थी। इससे पहले नौ सितंबर को हथियारों से लैस दो आतंकी मारे गए थे।**

किश्तवाड़ जिले में छतरू पट्टी के अंतर्गत पिंगनल दुग्गा के जंगलों में संयुक्त अभियान दूसरे दिन भी जारी है और आतंकियों की खोज कर रहे दलों की मदद के लिए अतिरिक्त बलों को बुलाया गया है। दो जवानों के शहीद होने और दो अन्य के घायल होने संबंधी घटना के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के मकसद से यह अभियान चलाया जा रहा है। इलाके को चारों ओर से घेराबंदी कर दी गई है और सुरक्षाबल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। आतंकी मुठभेड़ के बाद अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए थे।

# 'सपा प्रमुख को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी कि 'मठाधीशों और माफिया में ज्यादा अंतर नहीं' को लेकर शनिवार को उनपर निशाना साधा। विहिप ने साथ ही यादव से इस मुद्दे पर माफी मांगने की मांग की।

**अखिलेश की 'मठाधीश माफिया' टिप्पणी पर विहिप ने उठाई मांग।**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने कहा कि भारत लचीली कृषि प्रणालियां विकसित करने और वैश्विक मंच पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 12-14 सितंबर, 2024 को ब्राजील के कुइआबा में जी20 कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह टिप्पणी की। भारत ने बैठक में खाद्य सुरक्षा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के योगदान को बढ़ाने पर भी जोर दिया। एक आधिकारिक बयान में ठाकुर के हवाले से कहा गया कि हमारा दृष्टिकोण न केवल उत्पादकता पर केंद्रित है बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, किसानों की समृद्धि को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत कृषि विकास को प्राथमिकता दे रहा है और किसानों की समृद्धि बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### न्यूनतम मूल्य की पाबंदी हटने से बढ़ेगा बासमती चावल का निर्यात

नई दिल्ली, 14 सितंबर (ब्यूरो)।

बासमती चावल के निर्यात पर न्यूनतम मूल्य हटने के बाद किसानों को भी अच्छे भाव मिलने की उम्मीद है। प्रतिस्पर्धी कीमत होने से निर्यात में तेजी के साथ किसानों को अगले कुछ दिनों में बासमती के मौजूदा भाव से 20 से 25 फीसद तक अधिक कीमत मिलने की संभावना जताई जा रही है। निर्यातकों को भी करीब एक साल बाद नेपाल, श्रीलंका, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे पड़ोसी देशों समेत दुनिया के कई देशों में बासमती चावल का निर्यात बढ़ने का मौका मिलेगा। देश में चावल की पर्याप्त घरेलू उपलब्धता और व्यापार से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने निर्यात पर न्यूनतम मूल्य हटाने का फैसला लिया है। पिछले साल बासमती चावल के निर्यात पर न्यूनतम मूल्य लागू होने से इसकी कीमत में काफी इजाफा हो गया था। इससे दूसरे देशों में भारतीय बासमती की मांग काफी कम हो गई, नतीजतन निर्यात पर इसका असर पड़ा।

### नागर विमानन मंत्रालय करेगा लंबित मामलों का निपटारा

नई दिल्ली, 14 सितंबर (भाषा)।

नागर विमानन मंत्रालय 2 से 31 अक्तूबर के दौरान विशेष अभियान 4.0 में शामिल होगा। इसके तहत लंबित मामलों का निपटारा करने सहित स्वच्छता को बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान का प्रारंभिक चरण 16 सितंबर से शुरू होगा। नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुलनम ने 29 अगस्त को विशेष अभियान 4.0 पर चर्चा कर अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। इस अभियान के तहत होने वाली प्रमुख गतिविधियों की पहचान की गई। इस अभियान में शामिल होने के लिए नागर विमानन मंत्रालय और इसके संबद्ध कार्यालय, स्वायत्त निकाय एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भाग लेने के तैयार हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने स्वच्छता को अपनाते हुए पिछले साल भी लंबित मामलों का निपटारा किया था और पिछले अभियानों के उद्देश्यों और उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इस साल 2.01 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई

## आनलाइन गेमिंग क्षेत्र में 81,875 करोड़ रुपए की कर चोरी का पता चला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआइ) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी से जुड़े 6,084 मामलों का पता लगाया है।

यह राशि 2022-23 के दौरान 4,872 मामलों में पकड़ी गई 1.01 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) चोरी से दोगुनी है। डीजीजीआइ की जांच के दौरान आनलाइन गेमिंग, बीएफएसआइ सेवाएं और धातु कारोबार सबसे अधिक कर चोरी की आशंका वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। इसके अलावा 2023-24 में 26,605 करोड़ रुपए के स्वैच्छिक कर का भुगतान किया गया, जो 2022-23 के 20,713 करोड़ रुपए से अधिक है। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय की वार्षिक रपट के अनुसार कर चोरी के लगभग 46 फीसद मामले कर का भुगतान न करने (गुप्त आपूर्ति और कम मूल्यांकन के जरिए) से संबंधित हैं। इसके अलावा 20 फीसद मामले फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) से संबंधित हैं, और 19 फीसद मामले आइटीसी का गलत लाभ उठाने से जुड़े हैं। रपट में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान आनलाइन गेमिंग क्षेत्र में 78 मामलों में 81,875 करोड़ रुपए की अधिकतम कर चोरी पाई गई।

बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआइ) क्षेत्र में 171 मामलों में 18,961 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी गई। लोहा, तांबा, स्क्रैप और मिश्र धातु क्षेत्रों में जीएसटी चोरी के 1,976 मामले सामने आए, जिनमें 16,806 करोड़ रुपए की कर चोरी हुई। पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट और बीड़ी उद्योग में 5,794 करोड़ रुपए की कर चोरी हुई।

# भगवान विश्वनाथ का सच्चा स्वरूप है ज्ञानवापी : योगी

गोरखपुर, 14 सितंबर (भाषा)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण है और ज्ञानवापी स्वयं भगवान विश्वनाथ का एक सच्चा स्वरूप है। योगी ने शनिवार को गोरखपुर विवि में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की, जहां उन्होंने काशी व ज्ञानवापी के पूजनीय स्थल के आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। वहीं दूसरी ओर इस मुद्दे पर विपक्षी सपा ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग ज्ञानवापी को मस्जिद कहते हैं, जबकि यह स्वयं भगवान विश्वनाथ का स्वरूप है। मुख्यमंत्री ने पौराणिक ऋषि आदि शंकर का भी विस्तृत उल्लेख किया और काशी में भगवान विश्वनाथ के साथ शंकर की मुलाकात के बारे में एक किस्सा सुनाया। यह किस्सा सुनाते हुए ही मुख्यमंत्री ने ज्ञानवापी को स्वयं भगवान का प्रत्यक्ष स्वरूप बताया।

उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से ज्ञानवापी को आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं, लेकिन ज्ञानवापी मुद्दा लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई का केंद्र रहा है, जिसमें हिंदू पक्ष का तर्क है कि ज्ञानवापी मस्जिद लोकिथत तौर पर पहले से मौजूद मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई थी, जबकि मुसलिम पक्ष ने इस दावे का विरोध किया है। विपक्षी सपा ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है, जबकि भाजपा और अयोध्या के कुछ संतों ने उनका समर्थन किया है।

# प्रधानमंत्री कल गुजरात में करेंगे 'वंदे मेट्रो' ट्रेन की शुरुआत

अहमदाबाद, 14 सितंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान सोमवार को देश की पहली 'वंदे मेट्रो' ट्रेन सेवा की शुरुआत करेंगे। यह मेट्रो ट्रेन अहमदाबाद से भुज के बीच चलेगी, जो पूरी तरह से अनारक्षित और वातानुकूलित है। इस ट्रेन में 1,150 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है, जबकि 2,058 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे।

पश्चिम रेलवे (अहमदाबाद मंडल) के जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने शनिवार को बताया कि हाल ही में इस मेट्रो ट्रेन का प्रायोगिक परीक्षण किया गया था। अहमदाबाद-भुज वंदे मेट्रो ट्रेन नौ स्टेशनों पर रुकेगी और 110 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से 360 किलोमीटर की दूरी पांच घंटे 45 मिनट में तय करेगी। यह मेट्रो ट्रेन भुज से सुबह 5.05 बजे रवाना होगी और 10.50 बजे अहमदाबाद जंक्शन पर पहुंचेगी। अधिकारियों ने बताया कि 'वंदे मेट्रो' ट्रेन को स्वदेशी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत की तर्ज पर डिजाइन किया गया है, जिसका हर डिब्बा पूरी तरह वातानुकूलित है। इस ट्रेन को टकराव-रोधी प्रणाली (कवच) के साथ-साथ अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के पहले दिन रविवार को प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद के पास वडसर एयर फोर्स स्टेशन पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में वैश्विक नवीनीकरण ऊर्जा निवेश सम्मेलन- 2024 के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा में कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा

# आरक्षण खत्म करना चाहता है 'शाही परिवार'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।



मोदी ने कहा कि जब तक वे सत्ता में हैं, आरक्षण के एक अंश को भी लूटने या हटाने की इजाजत नहीं देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि विपक्षी दल का 'शाही परिवार' दलितों के लिए आरक्षण को खत्म करना चाहता है। मोदी ने कहा कि जब तक वे सत्ता में हैं, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण के एक अंश को भी लूटने या हटाने की इजाजत नहीं देंगे। प्रधानमंत्री ने पांच अक्तूबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पूर्व हरियाणा में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

कुरुक्षेत्र जिले में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने राज्य में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान हुई कुछ घटनाओं का जिक्र किया और उपस्थित लोगों से पूछा कि कांग्रेस के दलित विरोधी चेहरे को हरियाणा से बेहतर कौन जान सकता है? उन्होंने गांधी परिवार पर देश में 'सबसे बड़ी दलित विरोधी, ओबीसी विरोधी और आदिवासी विरोधी' ताकत होने का आरोप लगाया। मोदी ने दावा किया कि अब उन्होंने कहा है कि अगर वे सत्ता में आए तो दलितों और वंचितों के लिए आरक्षण खत्म कर देंगे। यह इस परिवार की सच्चाई है।

उन्होंने दावा किया कि गांधी परिवार हमेशा आंबेडकर से नफरत और आरक्षण का कड़ा विरोध करता रहा है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग और आदिवासियों का अपमान किया है। सत्तारूढ़ भाजपा कांग्रेस पर हमला करते हुए कह रही है कि राहुल गांधी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के खिलाफ हैं और इस प्रावधान के खिलाफ उनका पूर्वाग्रह हाल में अमेरिका के जार्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान खुलकर सामने आ गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत में कहा था कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी और अभी ऐसा नहीं है।



रोमांचक

कर्नाटक के बंगलुरु में पैलेस ग्राउंड में शनिवार को आटो शो के दूसरे दिन मोटरसाइकिल पर करतब दिखाते युवक।

# निमोनिया में एंटीबायोटिक के लिए बनाए जा रहे नए दिशानिर्देश

नई दिल्ली, 14 सितंबर (भाषा)।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) निमोनिया, बुखार और सांस संबंधी संक्रमण में एंटीबायोटिक दवा के इस्तेमाल के लिए पहली बार साक्ष्य-आधारित व्यापक दिशानिर्देश तैयार करने पर काम कर रही है। इस प्रक्रिया में एंटीबायोटिक दवाओं से शरीर में पैदा होने वाली जटिलताओं के प्रभाव का विश्लेषण करके नए सुझावों को शामिल किया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, आइसीएमआर की ओर से निमोनिया और सांस संबंधी संक्रमण के कारगर इलाज और एंटीबायोटिक दवा से शरीर को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने की पहल की गई है। समीक्षा और व्यापक विश्लेषणों से प्राप्त साक्ष्यों का ग्रेडिंग पद्धति का इस्तेमाल कर व्यवस्थित रूप से मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि इसकी गुणवत्ता का पता लगाए जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि 'पेशेंट, इंटरवेंशन, कंपैरिजन एंड आउटकम' (पीआइसीओ) से जुड़े समीक्षा प्रश्नों को चार क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इनमें एंटीबायोटिक दवा को कब शुरू करना है, किस ग्रेड की दवा पहले दी जानी है, दवा कब बंद करनी है और इसे कब बदलना है। इस कार्य में आइसीएमआर संबंधित क्षेत्र के कुशल शोधकर्ताओं को भी शामिल करेगा, जिसके लिए संस्थान ने शोधकर्ताओं से अभिरुचि पत्र भी आमंत्रित किए हैं। ये शोधकर्ता नए दिशानिर्देश में अहम भूमिका निभाएंगे।

# हिमाचल : कई शहरों में हिंदू संगठनों ने बाजार बंद रखकर कीर्तन किया

जनसत्ता टीम
मंडी/कुल्लू/हमीरपुर, 14 सितंबर।

हिमाचल प्रदेश में 'अनधिकृत' मस्जिदों के निर्माण और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की हालिया कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को राज्य में दो घंटे के बंद के आह्वान का असर कई शहरों में देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और विभिन्न व्यापारिक समूहों द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे तक के बंद के बाद, बिलासपुर, कुल्लू, चंबा, हमीरपुर, पांवटा साहिब और अन्य स्थानों पर कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध मार्च निकाला।

शिमला में इसका ज्यादा असर नहीं दिखा क्योंकि व्यापार मंडल ने गुरुवार को ही बंद का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों ने हमीरपुर और चंबा शहरों में बंद के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया और नारे लगाए। विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन शिमला में एक मस्जिद में अनधिकृत निर्माण और मंडी में एक मस्जिद द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के अलावा बुधवार को शिमला में हिंदू समूहों के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और शुक्रवार को मंडी में प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार किए जाने के खिलाफ था।

मनाली व्यापार मंडल के महासचिव रजनीश ने कहा कि दो घंटे तक दुकानें बंद रखीं। डलहौजी में भी दुकानें बंद रहीं। डलहौजी के एक दुकानदार ने बताया कि बाहरी लोगों की उपयुक्त जांच की जानी चाहिए और अतिक्रमण करने वालों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। शिमला शहर के संजौली क्षेत्र में बुधवार को पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार पुलिसकर्मियों सहित 10 लोग घायल हो गए थे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा

# किसान कल्याण सरकार की प्राथमिकता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, खाद्य तेलों पर 20 फीसद आयात शुल्क पूरी तरह किसानों के हित में है। किसानों को तिलहन फसलों के बाजार में अच्छे दाम मिलेंगे।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं। कृषि व किसान कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हित में खाद्य तेलों पर 20 फीसद आयात शुल्क लगाया गया है जो अब तक नहीं था। अन्य मदों को शामिल कर कुल प्रभावी शुल्क 27.5 फीसद हो जाएगा।

सरकार के इस कदम से तिलहन किसानों को खासतौर पर सोयाबीन और मूंगफली के फसल के अच्छे भाव मिलेंगे। रबी में तिलहन की बुवाई में बढ़ोतरी से सरसों की फसल की भी कीमत पहले से बेहतर होने की उम्मीद है। कृषि मंत्री चौहान ने रांची में कहा कि सरकार के इस फैसले से सोया खली का उत्पादन बढ़ेगा और निर्यात भी हो सकेगा। इससे सोया से जुड़े तमाम क्षेत्रों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण के प्रति संवेदनशील मोदी सरकार ने बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क को भी हटा लिया है। इससे बासमती उत्पादक किसानों को उपज की अच्छी कीमत मिलेगी और निर्यात में भी वृद्धि होगी। किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार ने रिफाइन तेल के लिए मूल शुल्क (बेसिक ड्यूटी) को 32.5 फीसद तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे रिफाइन तेल के लिए सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली की फसलों की मांग में बढ़ोतरी होगी, जिसका किसानों को फायदा मिलेगा। इस फैसले से छोटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

शिवराज चौहान ने कहा कि सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को भी 40 फीसद से घटाकर 20 फीसद कर दिया है। उन्होंने कहा कि निर्यात शुल्क में कमी से प्याज उत्पादकों को अब अच्छे दाम मिल सकेंगे और प्याज का निर्यात भी बढ़ेगा। केंद्र सरकार के इस फैसले से किसानों के साथ-साथ प्याज के कारोबार से जुड़े तमाम क्षेत्रों को भी लाभ पहुंचेगा।

महंगाई पर लगाम

कई शहरों में खुदरा कीमतों में आई कमी, 55 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंचा

# रियायती प्याज की बिक्री से आम लोगों को मिली राहत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।



बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने रियायत वाले प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण माध्यमों का विस्तार करके ई-कामर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। सरकार ने प्रमुख शहरों में प्याज का थोक निपटान भी शुरू कर दिया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की रियायत वाले प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपए से घटकर 55 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि मुंबई में 61 रुपए से घटकर 56 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। चेन्नई में खुदरा कीमत 65 रुपए से घटकर 58 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

सरकार ने मोबाइल वैन और एनसीसीएफ और नैफेड के आउटलेट के जरिए 35 रुपए प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दर पर प्याज की बिक्री शुरू की है। दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है।

बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाले प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कामर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। सरकार ने प्रमुख शहरों में प्याज का थोक निपटान भी शुरू कर दिया है। यह दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पहले ही शुरू हो चुका है, और हैदराबाद, बंगलुरु और कोलकाता और अंततः सभी राज्यों की राजधानियों तक इसे विस्तारित करने की योजना है। रसद आपूर्ति में सुधार और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सड़क और रेल तंत्र दोनों को शामिल करते हुए एक दोहरी परिवहन रणनीति लागू की जा रही है।

उपभोक्ता मामले विभाग मांग और मूल्य प्रवृत्तियों के आधार पर लक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

मंत्रालय ने कहा कि 4.7 लाख टन प्याज के बफर स्टाक और पिछले वर्ष की तुलना में खरीफ बुवाई क्षेत्र में वृद्धि के साथ 'सरकार को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। साथ ही उन्नत खुदरा और थोक बिक्री रणनीतियों के संयोजन से कीमतों में स्थिरता आएगी।'

### किसानों की आज जींद में होगी महापंचायत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों के समर्थन में रविवार को हरियाणा के जींद में किसानों की महापंचायत होगी। लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत किसानों का कहना है कि महापंचायत में अगली रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने शनिवार को कहा कि जींद की उचाना मंडी में महापंचायत में शामिल होने के लिए किसान पहुंचने लगे हैं। महापंचायत की जगह या तारीख में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आ'ान पर इस महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना है।

## खबर कोना

### सुनीता, बुच ने प्रार्थनाओं के लिए आभार जताया

केप केनवरल, 14 सितंबर (एपी)।

अंतरिक्ष में फंसे अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने शुक्रवार को कहा कि वे वापसी के लिए सभी लोगों की प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं की सराहना करते हैं। पिछले सप्ताह बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल की वापसी के बाद से यह उनकी पहली सार्वजनिक टिप्पणी है। इस कैप्सूल से दोनों जून में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) गए थे। अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी नासा ने कैप्सूल में कुछ विसंगतियों का पता लगाया जिसके कारण धरती पर उनकी वापसी को लेकर अनिश्चितताएं पैदा हो गईं। विल्मोर और विलियम्स अब स्टेशन के पूर्ण चालक दल के सदस्य हैं।



*अमेरिका* में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप एक कार्यक्रम में बोलते हुए।

### पाकिस्तान : इमरान खान के खिलाफ मामला दर्ज

इस्लामाबाद, 14 सितंबर (भाषा)।

पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजंसी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकारी अधिकारियों को विद्रोह के लिए उकसाने के आरोप में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मीडिया में आई खबर के अनुसार, जांच और तकनीकी अधिकारियों वाली संघीय जांच एजंसी (एफआइए) की टीम पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान से उनके आधिकारिक 'एक्स' खाते पर एक विवादास्पद पोस्ट के संबंध में पूछताछ करने के लिए अदियाला जेल पहुंची। 'डान' समाचार पत्र ने सूत्रों के हवाले से बताया कि एफआइए ने खान के खिलाफ सरकारी अधिकारियों को विद्रोह के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। खान (71) ने जोर देकर कहा कि वह अपने वकीलों की उपस्थिति के बिना पूछताछ नहीं करने देंगे, जिसके बाद एफआइए के कर्मी वापस लौट गए।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आइएस के नौ संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

लाहौर, 14 सितंबर (भाषा)।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजंसियों ने आइएस और शिया विरोधी संगठनों के नौ संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों व धार्मिक स्थलों पर आतंकी हमले की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने दावा किया कि उसने खुफिया जानकारी के आधार पर प्रांत के विभिन्न जिलों में 71 अभियान चलाए। इस दौरान नौ आतंकवादियों को हथियारों, विस्फोटकों और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया गया। सीटीडी के प्रवक्ता ने बताया कि इस सप्ताह इन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया।

---

### जयशंकर ने अपने समकक्ष इग्नाजियो डेनियल से की मुलाकात

# स्विटजरलैंड के साथ हुई वैश्विक, व्यापार और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्विटजरलैंड के अपने समकक्ष इग्नाजियो डेनियल जियोवानी कैसिस के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की। इस दौरान भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चार देशों के इस संघ में स्विट्जरलैंड भी शामिल है।

बयान में कहा गया है, 'दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की, जिसमें व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईएफटीए के सदस्य देशों (स्विट्जरलैंड, नार्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के बीच मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान दिया गया।'

भारत ने मार्च में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एक 'व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत को इन चार यूरोपीय देशों से 100 अरब अमेरिकी डालर का निवेश प्राप्त होगा। बैठक के दौरान, जयशंकर और कैसिस ने परस्पर हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। अपनी यात्रा के दौरान, जयशंकर ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के शीर्ष नेतृत्व से भी मुलाकात की। इनमें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डा टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस शामिल हैं।

उन्होंने बहुपक्षवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण, मानवाधिकारों को बेहतर करने को लेकर इसके दृष्टिकोण, वर्तमान वैश्विक मानवाधिकार स्थिति और मानवाधिकार परिवेश के लिए विभिन्न चुनौतियों का समाधान करने के तरीकों को साझा किया। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य में सहयोग को और बढ़ाने तथा वैश्विक स्तर पर पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। बयान में कहा गया है कि उन्होंने जिनेवा में भारत द्वारा नवनिर्मित अत्याधुनिक स्थायी मिशन का भी उद्घाटन किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों, निरस्त्रीकरण सम्मेलन, विश्व व्यापार संगठन और भारत के महावाणिज्य दूतावास से जुड़े भारत के मिशन स्थित हैं।

उन्होंने यहां स्थायी मिशन में, भारत के संविधान के प्रमुख निर्माता डा भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा का भी अनावरण किया। उन्होंने मिशन में भारतीय समाज सुधारक और शिक्षिका हंसा मेहता की याद में एक हॉल का नाम रखकर उन्हें सम्मानित किया। मेहता ने 1947 से 1948 तक संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में सेवा दी थी। जयशंकर ने एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत एक पौधा भी लगाया। उन्होंने स्थायी मिशन में भारतीय समुदाय और भारत के मित्रों की एक बड़ी सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने भारत की तेज गति से विकास और दुनिया के साथ जुड़ने के भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।



*जयशंकर* दो-दिवसीय यात्रा पर जिनेवा आए थे, जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि एक विशेष शिष्टाचार के तहत स्विटजरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो डेनियल जियोवानी कैसिस ने जिनेवा में जयशंकर की मेजबानी की।

---

# कोटा में तार चुराने के आरोप में दलित लड़के से बदसलूकी

### आरोपी पिता-पुत्र समेत छह लोग गिरफ्तार

कोटा, 14 सितंबर (भाषा)।

राजस्थान के कोटा में एक कार्यक्रम के दौरान तार चुराते हुए पकड़े जाने के बाद दलित लड़के को कथित तौर पर निर्वस्त्र कर-के नाचने के लिए मजबूर किया गया और वीडियो भी बनाया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक समाचार पोर्टल पर कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें लड़का चार-पांच व्यक्तियों के साथ एक गाने पर नाच रहा है।

वीडियो में, लड़के को मुस्कुराते हुए नाचने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामला वीडियो मिलने और पीड़ित का पता चलने के बाद सामने आया। पुलिस ने पीड़ित के परिवार को शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया। पीड़ित के पिता की शिकायत के अनुसार, शुक्रवार रात को उनका बेटा जीएडी सर्किल में आयोजित एक मेले में हास्य कार्यक्रम में गया था और रात एक से चार बजे के बीच करीब चार-पांच लोगों ने उनके बेटे को घेर लिया और तार चोरी करने का आरोप लगाकर पीट दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने यह आरोप भी लगाया कि आरोपियों ने उसके बेटे को निर्वस्त्र करके नाचने के लिए मजबूर किया और वीडियो बनाई। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी पिता-पुत्र समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान क्षितिज गुर्जर उर्फ बिट्टू, आशीष उपाध्याय उर्फ विक्कू, उसका बेटा ययाति उपाध्याय उर्फ गुनगुन, गौरव सोनी, संदीप सिंह उर्फ राहुल बन्नाशा और सुमित कुमार सैन के रूप में हुई है। डीएसपी मनीष शर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि छह आरोपी एक 'म्यूजिक' कंपनी का हिस्सा थे और उन्हें शक था कि पीड़िता ने उनके म्यूजिक सिस्टम से तार चुराए हैं।

### कर्नाटक : यादगीर में दलित परिवारों का सामाजिक बहिष्कार

कर्नाटक में यादगीर जिले के एक गांव में सवर्ण जाति के एक युवक के खिलाफ पाक्सो के तहत शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद दलित परिवारों को कथित तौर पर सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने शनिवार को यह बात कही।

पुलिस के अनुसार, अगस्त में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसमें आरोप लगाया गया कि हुनसागी तालुक के पास एक गांव के सवर्ण जाति के व्यक्ति ने नाबालिग लड़की के साथ संबंध बनाए जिससे वह गर्भवती हो गई। इसमें कहा गया कि चूंकि लड़की दलित समुदाय से थी, इसलिए व्यक्ति ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया और पीड़िता एवं उसके परिवार को धमकी दी कि वे इस बारे में किसी को न बताएं।

पीड़ित परिवार के समझौता न करने पर ग्रामीणों के एक वर्ग ने कथित तौर पर दलित समुदाय के सदस्यों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इस पर अधिकारियों द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई और सभी मतभेदों को सुलझा लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब हालात सामान्य हो गए हैं। मुद्दे सुलझा लिए गए हैं।

---

### केंद्र सरकार ने कहा

# संवेदनशील जानकारियों के कारण न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 सितंबर।

केंद्र ने शीर्ष अदालत से कहा है कि सरकार के पास मौजूद 'संवेदनशील तथ्य' विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट कालेजियम की सिफारिशों के क्रियान्वयन में देरी की वजह हैं। अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि उन्हें केंद्र सरकार से कुछ जानकारियां मिली हैं, जो संवेदनशील प्रकृति की हैं।

उन्होंने शीर्ष अदालत से यह भी कहा कि इन मुद्दों को सार्वजनिक करना न तो संस्थान के हित में होगा और न ही इसमें शामिल न्यायाधीशों के हित में। वेंकटरमणी ने पीठ से कहा कि मैं जानकारियों और सुझावों को न्यायाधीशों के अवलोकन के लिए सीलबंद लिफाफे में रखना चाहूंगा। मामले की सुनवाई अब 20 सितंबर को होगी।

शीर्ष अदालत अधिवक्ता हर्ष विभोर सिंघल की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र द्वारा उच्चतम न्यायालय कालेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए एक निश्चित समय सीमा तय करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया है कि निश्चित समय अवधि के अभाव में, 'सरकार मनमाने ढंग से नियुक्तियों को अधिसूचित करने में देरी करती है, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता पर कुठाराघात होता है।



आपदा

म्यांमा के नेपीताव में बाढ़ग्रस्त इलाके से सुरक्षित निकलते लोग और जानवर।

---

### जो बाइडेन से अलग होने का दावा

# मैं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं : हैरिस

वाशिंगटन, 14 सितंबर (एपी)।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शुक्रवार को कहा कि वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से अलग है क्योंकि वह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं।
देश में नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं। चुनाव का एक अहम हिस्सा है 'प्रेशिडेंशियल डिबेट'।

रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बुधवार को यह बहस हुई जिसमें हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती नजर आईं। पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के नफरत भरे और विभाजनकारी भाषण की आलोचना की और कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि ट्रंप जिस तरह की नेतृत्व शैली अपनाते हैं अब उससे लोग थक गए हैं।'



फिलाडेल्फिया में समाचार चैनल डब्लूपीवीआइ-टीवी के एंकर ब्रायन टैफ ने हैरिस से पूछा कि वह एक या दो ऐसे क्षेत्र बताएं जहां वह बाइडेन से खुद को अलग समझती हैं। हैरिस ने कहा, 'देखिए मैं जो बाइडेन नहीं हूं और मैं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं।' उन्होंने कहा कि जिन चीजों को एक बार हल्के में लिया गया उन्हें अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

हैरिस ने कहा, 'उदाहरण के लिए, मेरी पास एक योजना है जो एक नए दृष्टिकोण पर आधारित है। इसके तहत मैं परिवारों के लिए उनके बच्चे के एक वर्ष के होने तक 'चाइल्ड टैक्स क्रेडिट' 6,000 अमेरिकी डालर तक बढ़ाना चाहती हूं क्योंकि यह वर्ष बच्चे के विकास लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होता है और इसलिए मेरा नजरिया वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुए नए विचारों, नई नीतियों के बारे में है।

---

# कोमोरोस के राष्ट्रपति पर चाकू से हमला, हवालात में संदिग्ध की मौत

मोरोनी, 14 सितंबर (एपी)।

हिंद महासागर के द्वीपीय देश कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी पर शुक्रवार को उस समय चाकू से हमला किया गया जब वह एक धार्मिक नेता के अंतिम संस्कार में भाग लेने पहुंचे थे। इस हमले में असौमानी मामूली रूप से घायल हुए हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान में जानकारी दी कि 24-वर्षीय संदिग्ध हमलावर शनिवार को हवालात में मृत पाया गया।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति अजाली असौमानी मामूली रूप से घायल हुए हैं और वह अपने घर लौट आए हैं। बयान के अनुसार, हमलावर को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया था, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि एक दिन बाद उसे हवालात में बेहोश पाया गया और उसे मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध की पहचान अहमद अब्दु के रूप में हुई है। सरकारी वकील अली मोहम्मद जोनैद ने कहा कि अब्दु ने असौमानी पर चाकू से हमला किया था।

सरकार के मंत्री अबूबकर सैद अनली ने शनिवार को बताया कि हमले के दौरान राष्ट्रपति को बचाने के प्रयास में एक नागरिक भी घायल हुआ। यह हमला राजधानी मोरोनी के बाहरी इलाके में स्थित सलीमानी शहर में हुआ। सरकारी वकील जोनैद ने संवाददाताओं को बताया, 'राष्ट्रपति के सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत युवक को काबू में कर लिया और उसे जांचकर्ताओं को सौंप दिया।' उन्होंने कहा कि हमलावर के मकसद और हिरासत में उसकी मौत की परिस्थितियों की जांच जारी है।

---

महसा अमीनी की मौत की दूसरी बरसी से पहले चलन | **बदलाव** | मौत के बाद देश भर में हुआ था प्रदर्शन

# ईरान की सड़कों पर बिना हिजाब जाती दिखीं महिलाएं

दुबई, 14 सितंबर (एपी)।

ईरान में महसा अमीनी की मौत और उसके बाद हुए व्यापक विरोध प्रदर्शनों की दूसरी बरसी से पहले शहरों में महिलाओं को बिना हिजाब पहने सड़कों पर निकलते देखना आम बात हो गई है। हालांकि इस बढ़ते चलन के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है और न ही इसके बारे में कोई अध्ययन हुआ है। सोशल मीडिया पर सामने आ रहीं वीडियो में महिलाओं और लड़कियों विशेष रूप से सूर्यास्त के बाद बाल खोलकर आते-जाते हुए देखा जा सकता है।

देश के नए सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने चुनाव प्रचार के दौरान, धर्माचार पुलिस द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने का वादा किया था। लेकिन देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई (85) ने कहा था कि पर्दा हटाने पर धार्मिक और राजनीतिक रूप से पाबंदी है। कुछ धार्मिक मुसलिम महिलाओं के लिए उनके परिवार से बाहर किसी पुरुष के सामने सिर ढकना ईश्वर के समक्ष पवित्रता और विनम्रता का प्रतीक होता है।

अमीनी की मौत के बाद देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद कई महीनों तक चली सुरक्षा कार्रवाई में 500 से अधिक लोग मारे गए और 22,000 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए।

आज, तेहरान के उत्तरी उपनगर में अमीर व्यक्तियों की कालोनियां हों या फिर दक्षिणी इलाकों में श्रमिकों के मोहल्ले हों, महिलाओं को सड़कों पर बिना हिजाब पहने निकलते देखा जा सकता है। यह विशेष रूप से शाम के समय शुरू होता है, हालांकि सप्ताह के अंतिम दिनों में सूर्यास्त से पहले भी महिलाओं को प्रमुख पार्कों में बाल खोले देखा जा सकता है। तेहरान शरीफ विश्वविद्यालय की छात्रा अजादेह (25) ने कहा, 'महसा अमीनी के कारण मुझमें हिजाब न पहनने का साहस आया है और हमें इसे एक उपलब्धि के रूप में संरक्षित करना होगा।'

उन्होंने कहा, 'अगर वह (अमीनी) जिंदा होतीं, तो मेरी उम्र की होतीं।' हालांकि ऐसी महिलाओं के लिए मुश्किलें भी कम नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सरकार ने उन निजी व्यवसायों की पहचान की है जहां महिलाएं बिना सिर ढके नजर आती हैं और निगरानी कैमरे लगे वाहनों से हिजाब न पहनने वाली महिलाओं की तलाश की जाती है ताकि उन पर जुर्माना लगाया जा सके और उनकी गाड़ियां जब्त की जा सकें।



*ईरान* में हिजाब और कुछ लोगों द्वारा पहनी जाने वाली पूरी काली चादर - लंबे समय से एक राजनीतिक प्रतीक भी रही है। अमीनी (22) की 16 सितंबर, 2022 को एक अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। उन्हें देश की धर्माचार पुलिस ने हिजाब नहीं पहनने के कारण गिरफ्तार कर लिया था।

---

### गाजा पर इजराइली हमले में 14 लोगों की मौत

गाजा पट्टी, 14 सितंबर (एपी)।

शनिवार देर रात इजराइल ने मध्य व दक्षिणी गाजा पर हवाइ हमले किए। इस हमले में लगभग 14 लोगों की मौत हो गई। यह हवाई हमला उस दौरान हुआ जब तुर्की मूल की एक अमेरिकी कार्यकर्ता के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। इजराइल की ओर से किए गए हमले में फिलिस्तीन के एक घर को भी निशाना बनाया गया। इसमें तीन महिलाएं और चार बच्चों सहित 11 लोग रहते थे। इसके साथ ही विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए बने ठिकानों को ढेर कर दिया गया।

10-11 सितंबर को शिविर और विस्थापितों के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से बनाए गए स्कूल को इजराइल ने नैस्तनाबूद कर दिया था। इजराइली सैनिक द्वारा मारी गई तुर्की मूल की अमेरिकी कार्यकर्ता आयसेनुर एजगी ईगी का अंतिम संस्कार 14 सितंबर को तुर्की के तटीय शहर में किया जाना था ।

www.readwhere.com

## खबर कोना

### अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जर्मनी व स्पेन अंतिम आठ में शामिल

शुहाई, 14 सितंबर (एपी)।

अमेरिका ने स्लोवाकिया को 3-0 से हरा कर जर्मनी, स्पेन और आस्ट्रेलिया के साथ डेविस कप फाइनल के अंतिम आठ में जगह बनाई। स्पेन ने फ्रांस को हरा कर अंतिम आठ में प्रवेश किया। उसके स्टार खिलाड़ी और चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्करास ने उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-3 से हराया। इससे पहले अनुभवी राबर्टो बातिस्ता अगुट ने आर्थर फिल्स के खिलाफ पहला एकल 2-6, 7-5, 6-3 से जीता। स्पेन की जीत से आस्ट्रेलिया भी ग्रुप बी से आगे बढ़ने में सफल रहा। मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने लुकास क्लेन को 6-4, 6-3 से, जबकि डेविस कप में पदार्पण करने वाले ब्रैंडन नकाशिमा ने जोजेफ कोवालिच को 6-3, 6-3 से पराजित किया।



सैन फ्रांसिस्को में बेसबाल टूर्नामेंट की पहली पारी के दौरान सैन फ्रांसिस्को जाइंट्स के खिलाफ सैन डिएगो पैड्रेस के डायलन सीज गेंद फेंकते हुए।

### फारूख के दो गोल, चेन्नईयिन एफसी ने ओड़ीशा को हराया

भुवनेश्वर, 14 सितंबर (भाषा)।

फारूख चौधरी के दो गोल और डेनियल चीमा चुकवु के एक गोल की मदद से चेन्नईयिन एफसी ने शनिवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबाल मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओड़ीशा एफसी पर 3-2 से जीत दर्ज की। चेन्नईयिन के लिए फारूख ने 48वें और 51वें मिनट में दो गोल दागे जबकि टीम के लिए एक अन्य गोल चीमा ने 69वें मिनट में किया। ओड़ीशा एफसी को डिएगो मौरसियो ने नौवें मिनट में पेनल्टी से गोल कर बढ़त दिलाई, पर चेन्नईयिन ने वापसी करते हुए तीन गोल कर डाले। इसके बाद राय कृष्णा ने 90 5वें मिनट में ओड़ीशा एफसी के लिए दूसरा गोल किया।

### ईश्वरन की शतकीय पारी से भारत बी ने 309 रन बनाए

अनंतपुर 14 सितंबर (भाषा)।

कप्तान और सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन की 143 रन की नाबाद पारी से भारत सी के खिलाफ भारत बी का संघर्ष जारी है, जिसने दलीप ट्राफी मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 309 रन बना लिए। भारत सी के लिए अंशुल कंबोज ने 23 .5 ओवर में 66 रन देकर पांच विकेट चटकाए। भारत सी ने पहली पारी में 525 रन बनाए थे। भारत बी अब भी भारत सी से 216 रन पीछे है। टीम को फालोआन बचाने के लिए और 66 रन की जरूरत है। भारत बी ने दिन की शुरुआत 124 रन से आगे से की। कंबोज ने बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज नारायण जगदीसन (70) को आउट करने के बाद चार अन्य बल्लेबाजों को चलता किया।



मुकाबला

अमेरिका : डब्लूएनबीए बास्केटबाल के दूसरे क्वार्टर में मिनेसोटा लिंक्स की ब्रिजेट कार्लटन और शिकागो स्काई की माइकेला ओनयेनवेरे (दाएं) गेंद के लिए जूझती हुईं।

# बालाजी और रामकुमार पहले दिन हारे, स्वीडन से पिछड़ा भारत

टेनिस

स्टाकहोम, 14 सितंबर (भाषा)।

**भारत को एकल में बालाजी को उतारने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।**

एन श्रीराम बालाजी को इलियास यमेर ने आसानी से हरा दिया जबकि रामकुमार रामनाथन निचली रैंकिंग के लियो बोर्ग के खिलाफ जरा भी आक्रामक नहीं दिखे, जिससे भारत शनिवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक मुकाबले में स्वीडन से 0-2 से पिछड़ गया।

युगल विशेषज्ञ बालाजी को यमेर के खिलाफ मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जिन्होंने पहले एकल में 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। डेविस कप के अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार से भारत को मुकाबले में वापस लाने की उम्मीद थी लेकिन वह रायल टेनिस हाल में दूसरे एकल में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग के बेटे और 603 रैंकिंग के लियो बोर्ग से 3-6, 3-6 से हार गए। भारत को एकल में बालाजी को उतारने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया। भारत के लिए पहले दिन एक अंक जीतने की जिम्मेदारी रामकुमार पर थी।

21 वर्षीय बोर्ग के खिलाफ अपना एकल मैच जीतना चाहिए था लेकिन वह स्वीडिश खिलाड़ी की चुनौती को पस्त नहीं कर पाये और उनकी चुनौती सिर्फ 58 मिनट में ही खत्म हो गई। अगर भारत को अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनानी है तो अब रविवार को अपने बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे।

31वां श्रीमती कृष्णा खेतान मेमोरियल आल इंडिया जूनियर रैंकिंग टूर्नामेंट

# पंजाब के वंश और मनमीत की जोड़ी ने तीसरे दौर में प्रवेश किया

बैडमिंटन

चंडीगढ़, 14 सितंबर (ब्यूरो)।



**मध्य प्रदेश के उज्ज्वल गोयल ने उत्तर प्रदेश के भूमेश उत्तरानी को 15-12, 10-15, 15-8 से हरा कर अगले दौर में अपनी जगह बनाई।**

पंजाब के वंश बत्रा और मनमीत कौर की जोड़ी ने ताऊ देवी लाल खेल कांप्लेक्स में चल रहे योनेक्स सनराइज 31वें श्रीमती कृष्णा खेतान मेमोरियल आल इंडिया जूनियर रैंकिंग प्राइज मनी टूर्नामेंट के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। बत्रा और कौर ने नौवीं वरीयता प्राप्त संकीर्थ पी और प्रमोद बाविकट्टे की चुनौती को 15-10, 16-14 से हरा कर अंडर-19 मिश्रित युगल वर्ग के तीसरे क्वालिफिकेशन दौर में प्रवेश किया।

मुकाबले की शुरुआत पंजाब की जोड़ी ने दबदबे के साथ की और इस जोड़ी ने पहला गेम 15-10 से जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे से मुकाबला किया, इससे पहले कि पंजाब की जोड़ी ने दूसरा गेम 16-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसी वर्ग के एक अन्य मैच में, केरल के ब्योर्न जैसन और उत्तराखंड की अन्या बिष्ट की मिश्रित युगल जोड़ी ने हरियाणा के भविष्य अहलावत और नीती बराक की जोड़ी को 15-7, 15-4 से हराकर तीसरे क्वालिफिकेशन दौर में जगह बनाई। जैसन/बिष्ट ने मैच में शानदार शुरुआत की और पहला गेम 15-7 से जीतकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे गेम में भी जैसन/बिष्ट ने नियंत्रण के साथ खेला और इस जोड़ी ने दूसरा गेम 15-4 से जीतकर प्रतियोगिता में आगे बढ़त बना ली।

सातवीं वरीयता प्राप्त तेलंगाना के अखिल राव सूर्यनेनी और प्रांजला निसर्ग की जोड़ी के लिए यह कठिन रहा क्योंकि उन्होंने इसी वर्ग में नीलेश सेठ और सीजा की पंजाब की जोड़ी को 15-13, 15-10 से हराकर तीसरे क्वालिफिकेशन दौर में जगह बनाई। सूर्यनेनी/निसर्ग को शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा, इससे पहले कि यह जोड़ी 15-13 से गेम जीतकर मैच में 1-0 की बढ़त ले ले।

दूसरे गेम में भी दोनों जोड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, इससे पहले कि तेलंगाना की जोड़ी ने 15-10 से गेम जीतकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। लड़कों के एकल अंडर-19 वर्ग में, दिल्ली के यश शर्मा ने कर्नाटक के 16वें वरीय प्रणव कृष्णमूर्ति की चुनौती को 15-10, 15-11 से हराकर चौथे क्वालिफिकेशन दौर में प्रवेश किया। दिल्ली के इस युवा खिलाड़ी ने पहले गेम में कुछ महत्त्वपूर्ण अंक जीतकर गेम 15-10 से जीत लिया, इससे पहले कि वह दूसरा गेम 15-11 से जीतकर अपनी जीत सुनिश्चित कर लेते।

# हरमनप्रीत के दो गोल से भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

एशियाई चैंपियंस हाकी टूर्नामेंट

बेजिंग, 14 सितंबर (भाषा)।



हरमनप्रीत सिंह।

### हरमनप्रीत और अशरफ के बीच हुई तीखी नोकझोंक

**मैच में हरमनप्रीत और पाकिस्तान के अशरफ वहीद राणा के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। ऐसा राणा के भारतीय सर्कल के अंदर जुगराज सिंह को कंधा मारने के बाद हुआ। जुगराज इस धक्के से गिर गए थे और दर्द से कराह रहे थे। मैदानी अंपायर और पाकिस्तान के कप्तान बट और दोनों टीमों के अन्य खिलाड़ी स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दौड़े। राणा को पीला कार्ड दिखाया गया।**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कार्नर पर किए गए दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने शनिवार को हुलुनबुइर में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर एशियाई चैंपियंस ट्राफी के सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

भारत की यह छह टीमों के राउंड राबिन टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है। पाकिस्तान ने अहमद नदीम (8वें मिनट) के गोल से बढ़त हासिल की लेकिन हरमनप्रीत सिंह (13वें और 19वें मिनट) ने दो पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को जीत दिलाई। यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की पहली हार थी। भारत और पाकिस्तान दोनों ने इससे पहले अंतिम चार के लिए क्वालीफाई कर लिया था। इस जीत की बदौलत भारत ने 2016 से पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है।

दोनों टीमों के बीच पिछली भिडंत हांगझाउ एशियाई खेलों में हुई थी, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। इससे कुछ महीने पहले भारत ने चेन्नई चरण में पाकिस्तान को 4-0 से हराया था। जकार्ता में एशिया कप में भारत की युवा टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से बराबरी पर रोका, जबकि ढाका में 2021 एसीटी में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हरा कर कांस्य पदक जीता था। भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मैच की तरह पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने जीत हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीयों ने शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा बनाया, लेकिन जैसे जैसे मैच आगे बढ़ा पाकिस्तान का आत्मविश्वास बढ़ता गया। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने मिडफील्ड में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारतीय रक्षात्मक में खलबली मच गई और नदीम ने गेंद भारतीय गोल में पहुंचाकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इस गोल से स्तब्ध भारत ने संयम बनाए रखा और हमले जारी रखे।

टीम ने 13वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया और कप्तान हरमनप्रीत ने पाकिस्तानी गोलकीपर मुन्नेब के बाईं ओर एक ताकतवर ड्रैग फ्लिक से गोल किया। भारतीयों ने दूसरे क्वार्टर में दबाव बनाना जारी रखा और 19वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कार्नर हासिल किया। एक बार फिर पाकिस्तानी रक्षण के पास कोई जवाब नहीं था और हरमनप्रीत के सटीक शाट से भारत 2-1 से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में भारत गेंद को कब्जे में रखने में सफल रहा।

पाकिस्तान ने कई मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में सेंध लगाने के मौके बनाए। दूसरे हाफ से मात्र 45 सेकंड पहले पाकिस्तान के पास बराबरी का मौका था लेकिन यह विफल रहा।

भारतीय खिलाड़ियों ने छोर बदलने के बाद भी दबदबा बनाए रखा और 37वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कार्नर हासिल किया। लेकिन गोल नहीं कर सके। पाकिस्तान ने इसके बाद लगातार चार पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति को नहीं भेद सके। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों ने लगातार हमले किए। भारत ने तीन और पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन गोल करने में विफल रहा।

भारतीय टीम का चार दिवसीय शिविर

# पंजाब के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ शामिल

क्रिकेट

चेन्नई, 14 सितंबर (भाषा)।



**गुरनूर को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा के गेंदबाजी एक्शन के लिए खास तौर पर बुलाया गया है, जिन्होंने हाल में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ टैस्ट मैच में पांच विकेट चटकाए थे।**

**छह फीट पांच इंच लंबे कद के कारण राणा ने गेंदबाजी में काफी उछाल हासिल किया और पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टैस्ट में उन्होंने सीधी लाइन में गेंदबाजी की थी।**

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीमें मैच के अभ्यास पर काफी हद तक निर्भर रही हैं। गौतम गंभीर की टीम भी इससे अलग नहीं है, जो विशेष कौशल वाले नेट गेंदबाजों का चयन कर रही है। चार दिवसीय शिविर के लिए तेज गेंदबाजों में से एक पंजाब के गुरनूर बराड़ को बुलाया गया है, जिन्होंने अब तक पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और वह पिछले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के दौरान पंजाब किंग्स के साथ भी थे।

19 सितंबर से शुरू हो रही बांग्लादेश के साथ शृंखला के लिए बल्लेबाजों को तैयार होने में मदद मिल सके। गुरनूर का प्रथम श्रेणी रेकार्ड अच्छा नहीं है। लेकिन इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए जो चीज कारगर रही है वो उनकी छह फीट साढ़े चार इंच लंबा कद और तेज गति से गेंद फेंकने की उनकी क्षमता है। ऐसा माना जा रहा है कि गुरनूर को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा के गेंदबाजी एक्शन के लिए खास तौर पर बुलाया गया है, जिन्होंने हाल में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ टैस्ट मैच में पांच विकेट चटकाए थे। राणा ने उछाल हासिल किया और पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टैस्ट में उन्होंने सीधी लाइन में गेंदबाजी की थी।

# लिविंगस्टोन की पारी से इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया को शिकस्त दी

टी20

कार्डिफ, 14 सितंबर (एपी)।

लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बेथेल ने 47 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया पर तीन विकेट से जीत दिलाई। इंग्लैंड ने इस तरह से तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की। तीसरा और निर्णायक मैच रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा।

आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 193 रन बनाए। चुनौती पूर्ण लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरे इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय तीन विकेट पर 79 रन था। बेथेल के 24 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट होने से इंग्लैंड की स्थिति फिर से नाजुक हो गई लेकिन लिविंगस्टोन ने 47 गेंदों में पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से 87 रन की शानदार पारी खेलकर उसे जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। जब स्कोर बराबर था तब लिविंगस्टोन आउट हो गए।

रशीद ने विजयी रन बना कर इंग्लैंड का स्कोर 19 ओवर में सात विकेट पर 194 रन पर पहुंचाया। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने भी 39 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलिया की तरफ से कामचलाउ स्पिनर मैथ्यू शार्ट ने अपने करिअर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर पांच विकेट लिए।

अजेय जडेजा ने कहा, शृंखला में आक्रामक रुख अपनाएंगे | क्रिकेट | भारत दो टैस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा

# विपक्षी टीम को दबदबा बनाने का मौका नहीं देंगे गंभीर

कोलकाता, 14 सितंबर (भाषा)।

**जडेजा से जब गौतम गंभीर की मौजूदगी में टीम के दृष्टिकोण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल साफ है, उनका दृष्टिकोण आक्रामक है। एक बात निश्चित है कि उनकी मौजूदगी में कोई नीरस पल नहीं आएगा, वह हमेशा कुछ न कुछ करने की कोशिश करेंगे।'**

**भारत के लिए 196 एकदिवसीय में 37 .47 की औसत से 5359 रन बनाने वाले 53 साल के इस पूर्व दिग्गज ने कहा, गंभीर ऐसा व्यक्ति नहीं होगा, जो शांतचित रहकर चीजों को चलने दे।**

**उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि वह किसी की सलाह नहीं लेंगे और अपना दृष्टिकोण नहीं बदलेंगे क्योंकि जिस चीज से आपको पहचान मिली है उस पर भरोसा कर के उस पर कायम रहना चाहिए।**

भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा का मानना है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की टैस्ट शृंखला में आक्रामक रुख बनाए रखेंगे और विपक्षी टीम को दबदबा बनाने का मौका नहीं देंगे।

भारत दो टैस्ट मैचों की शृंखला और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। बांग्लादेश के इस दौरे का आगाज 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले टैस्ट मैच से होगा। जडेजा से जब गौतम गंभीर की मौजूदगी में टीम के दृष्टिकोण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल साफ है, उनका दृष्टिकोण आक्रामक है। एक बात निश्चित है कि उनकी मौजूदगी में कोई नीरस पल नहीं आएगा, वह हमेशा कुछ न कुछ करने की कोशिश करेंगे।'

भारत के लिए 196 एकदिवसीय में 37.47 की औसत से 5359 रन बनाने वाले 53 साल के इस पूर्व दिग्गज ने कहा, 'गंभीर ऐसा व्यक्ति नहीं होगा, जो शांतचित रहकर चीजों को चलने दे। वह कुछ ऐसा करने की कोशिश करेंगे जो सबको आश्चर्यचकित करेगा। जैसे हमने सूर्यकुमार यादव को अचानक कप्तान बनते देखा था। मैं उस रोमांच का इंतजार कर रहा हूं जो हम देखने जा रहे हैं।'

जडेजा से बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के वार्षिक पुरस्कार समारोह के मौके पर जब यह पूछा गया कि वह इस टैस्ट शृंखला के लिए गंभीर को क्या सलाह देना चाहेंगे तो उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह सुझाव नहीं मांगेंगे। वह वहां इसलिए है क्योंकि उन्होंने खुद को साबित किया है और उनका एक नजरिया है।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह किसी की सलाह नहीं लेंगे और अपना दृष्टिकोण नहीं बदलेंगे क्योंकि जिस चीज से आपको पहचान मिली है उस पर भरोसा कर के उस पर कायम रहना चाहिए। वह हमेशा बेहतर हो सकते हैं।' जडेजा ने भारत में 2023 एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के मेंटर के रूप में काम किया था।

बांग्लादेश पाकिस्तान में ऐतिहासिक टैस्ट शृंखला जीत कर आ रहा है लेकिन जडेजा ने कहा कि भारत कहीं बेहतर टीम है। उन्होंने कहा, 'कोई भी टीम जब जीतकर आती है वह हमेशा सोचती है कि वह जीत सकती है लेकिन इस समय पाकिस्तान और भारत क्रिकेट टीम में काफी अंतर है। भारत कहीं बेहतर टीम है।' उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश के नजरिये से देखे तो वे सोचेंगे कि अगर पाकिस्तान को हराया है तो भारत को भी शिकस्त दे सकते है लेकिन भारत की टीम पाकिस्तान से काफी बेहतर है।'

# स्थानीय लीग के जरिए अंदर घुसना चाहते हैं भ्रष्टाचारी : मार्शल

दुबई, 14 सितंबर (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के निवर्तमान प्रमुख एलेक्स मार्शल ने कहा कि शीर्ष स्तर की क्रिकेट सुरक्षित और साफ सुथरी है लेकिन संभावित भ्रष्टाचारियों की नजर स्थानीय क्रिकेट संस्थाओं द्वारा संचालित की जा रही टी20 लीग के जरिए इस खेल में घुसपैठ करने पर है।

ब्रिटेन के पूर्व पुलिस अधिकारी ने यह नहीं बताया कि क्या वह किसी विशेष स्थानीय लीग या देश के संदर्भ में यह बात कह रहे थे। मार्शल ने एक क्रिकेट वेबसाइट के हवाले से कहा, 'मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप जो क्रिकेट देख रहे हो वह सुरक्षित और साफ सुथरी है।' उन्होंने कहा, लेकिन मैं पूरे यकीन के साथ यह भी कह रहा हूं कि भ्रष्टाचारी इस खेल में अंदर घुसने का रास्ता तलाश रहे हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 302

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,

**बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com